# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025



13 गरजा वैभव का बल्ला, 180 के स्ट्राइक....






विचार पेज
06 मप्र विकसित व आदर्श राज्य की ओर


## उम्मीद जगाते डॉ. मोहन यादव सरकार के दो साल

# मोहन सरकार की दिशा सही है...परिणाम भी सही आएंगे

एक्सपर्ट कमेंट



विजयदत्त श्रीधर
वरिष्ठ पत्रकार




डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री के रूप में दो साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। 13 दिसंबर 2023 को जब उन्होंने पदभार संभाला था, तब वे पीछे की कतार से पहली पंक्ति में बुलाकर सत्ता के सूत्र ग्रहण करने वाले नवोदित मुख्यमंत्री थे। आज वे मध्यप्रदेश के स्थापित मुख्यमंत्री हैं। पूरे प्रदेश की परिक्रमा उन्होंने कर ली है। समाज से सीधा नाता जोड़ने की इस प्रक्रिया में उन्होंने समस्याओं और चुनौतियों की पड़ताल कर ली है। आशाएं और अपेक्षाएं समझी हैं। समाधान की दिशा में कदम भी बढ़ाए हैं। मुख्यमंत्री का विशेष रुझान भारत की परंपरागत और समृद्ध ज्ञान-विज्ञान परंपरा पर है। अतीत में उज्जयिनी कालगणना का वैश्विक केंद्र रहा है। मुख्यमंत्री ने वहां विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की स्थापना कराई है। उज्जयिनी का महाकाल लोक, ओरछा का राम राजा लोक, ओंकारेश्वर का आदि शंकराचार्य शोध संस्थान, महेश्वर में लोकमाता अहिल्या की विरासत, ऐसे महत्व पूर्ण प्रकल्प हैं जिनमें अध्यात्म की सुवास है, वहीं तीर्थाटन के साथ-साथ पर्यटन का उल्लास भी है। पर्यटकों की संख्या के पैमाने पर आंकें तो मध्यप्रदेश देश-विदेश के सैलानियों के लिए नए आकर्षण के रूप में उभरा है। प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के साधन के रूप में पर्यटन का असाधारण महत्व है। उज्जयिनी का सांदीपनि आश्रम भगवान श्रीकृष्ण और बलदाऊ का गुरुकुल रहा है। इसको केंद्र मानकर मध्यप्रदेश में जहां-जहां भी श्रीकृष्ण के चरण पड़े, वहां-वहां श्रीकृष्ण पाथेय विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा भगवान श्रीराम वनगमन पथ की परियोजना को भी पूर्णता प्रदान करने को गति दी जा रही है। ये दोनों प्रकल्प मध्य प्रदेश को अतीत के गौरव से जोड़ते हैं और आस्था के कालजयी स्मारक बनेंगे। मध्यप्रदेश को पहले से ही टाइगर स्टेट का दर्जा मिला हुआ है। अब कूनो का जंगल चीतों के घर के रूप में प्रसिद्ध हुआ है। यह भारत में विलुप्त चीतों की वापसी का अनुष्ठान है जिसका विस्तार भी होना है। मुख्यमंत्री ने देश-विदेश में घूमकर मध्यप्रदेश में निवेश का अलख जगाया है। मध्यप्रदेश की विपुल संभावनाओं की ओर निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। कई लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी मिले हैं। जैसे-जैसे ये प्रस्ताव साकार होते जाएंगे, मध्य-प्रदेश विकास और रोजगार की नई इबारत लिखने लगेगा।

### बुंदेलखंड की धरती की प्यास बुझेगी व खेती संवरेगी

*मध्यप्रदेश कई बारहमासी नदियों का मायका है। केन-बेतवा लिंक परियोजना तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी परियोजना को स्वीकृति मिली है। इससे एक बड़े भू-भाग, विशेष रूप से बुंदेलखंड की धरती की प्यास बुझेगी तथा खेती संवरेगी। ताप्ती कछार मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के बीच समझ बनी है। सौर ऊर्जा के मामले में मध्यप्रदेश अगुआई कर रहा है। बघेलखंड की सौर ऊर्जा से दिल्ली की मेट्रो दौड़ रही है। मुरैना सौर ऊर्जा परियोजना से हरित ऊर्जा की नई राह खुली है। ये कदम संकेत करते हैं कि मोहन यादव सरकार की दिशा सही है, परिणाम भी सही आएंगे।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 5-10 करोड़ को प्रभावित कर सकता हूं: रामदेव



**नई दिल्ली।** योग गुरु स्वामी रामदेव का कहना है कि वह राजनीतिज्ञ नहीं हैं लेकिन उनके पास देशहित में कम से कम 5 से 10 करोड़ लोगों के वोट को मोबिलाइज (जुटाने) करने की ताकत है। उनका कहना है कि देश के 100 करोड़ से ज्यादा लोगों तक उनकी रीच है और यह सम्मान उन्होंने तप, त्याग और सेवा से हासिल किया है।

### आयोग ने 8 राज्यों में एसआरओ नियुक्त किए



**नई दिल्ली।** भारत के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की प्रक्रिया करवाई जा रही है। आयोग ने प्रमुख राज्यों में वोटर लिस्ट के एसआईआर के लिए विशेष रोल पर्यवेक्षकों की तैनाती की है। छग, गोवा, गुजरात, केरल, मप्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उप्र, बंगाल में सर्वे चल रहा है।

### इन्वेस्टमेंट लिंक भेजकर 5.95 करोड़ की ठगी



**आगरा।** आगरा की एक महिला सोशल मीडिया पर आए इन्वेस्टमेंट लिंक का शिकार हो गई। साइबर ठगों ने उन्हें वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा और फर्जी इन्वेस्टमेंट एप्स डाउनलोड करवाकर उनसे एचडीएफसी, एक्सिस और पीएनबी सहित चार बैंकों से कुल 5.95 करोड़ ठग लिए। प्रॉफिट निकालने की कोशिश करने पर अतिरिक्त शुल्क मांगा गया तब शक हुआ।

## सीएम डॉ. मोहन यादव से विशेष साक्षात्कार

### सरकार के दो साल पूरे होने पर 'हरिभूमि' के रोजगार के मुद्दे पर किए सवाल के जवाब में बोले सीएम डॉ. यादव

# उद्योगपतियों से निवेश को लेकर सबसे पहले मेरा यही सवाल होता है कि आप कितने लोगों को रोजगार देंगे?

हरि अग्रहरि ▶▶भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव का कहना है कि मैंने इस वर्ष को रोजगार वर्ष मनाने का संकल्प लिया है। अब उसे धरातल पर उतारने जा रहा हूं। आज जितनी भी योजनाएं बन रही हैं, उसमें सबसे पहले यह देखता हूं कि हमारे युवाओं को कितना रोजगार मिलेगा।

इसी उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक हिस्से में उद्योग धंधे लगाने का काम शुरू किया। उद्योगपतियों से निवेश को लेकर सबसे पहले मेरा यही सवाल होता है कि आप कितने लोगों को रोजगार देंगे? रोजगार को ध्यान में रखकर सभी संभागों में निवेश समिट आयोजित की। इसका लाभ मिला। जो जिले उद्योग धंधे से अछूते थे, वहां अब उद्योग लगना शुरू हुआ है। 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमको मिले हैं। उनको भी धरातल पर उतारा जा रहा है। उनसे 'हरिभूमि' की पूरी बातचीत।



### ये भी बोले सीएम डॉ. यादव

- प्रदेश की मोहन सरकार जो ठान लेती है वह करके छोड़ती है
- कोदो कुटकी से लेकर मोटे अनाज पर दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना शुरू की
- प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का अभियान शुरू किया
- गोकुल ग्राम और वृंदावन ग्राम जैसी योजनाएं शुरू की
- भर्ती प्रक्रिया में महिलाओं को 35% आरक्षण दे रहे हैं
- सिंहस्थ-2028 के लिए हमने अभी से तैयारी शुरू कर दी है

**प्रश्न:** मुख्यमंत्री पद पर 2 वर्ष पूर्ण करने पर सबसे पहले आपको बहुत-बहुत बधाई। इन दो वर्षों में आपने बहुत कुछ उतार-चढ़ाव देखे होंगे। उपलब्धियां भी बहुत कुछ होंगी। इस बारे में कुछ बताएं?

**उत्तर :** हमने सब कुछ जनता के लिए केंद्रित कर दिया है। मेरा उद्देश्य है कि प्रदेश के एक-एक व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। आपको याद होगा कि किसानों ने मांग की, तो सबसे पहले किसानों के लिए भावांतर योजना लागू की। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तत्काल बात मैंने खुले में मांस के बिक्री पर रोक लगाई। प्रदेश में जितने धार्मिक स्थल थे, वहां पूर्णतः शराब बंदी की। अनेकों ऐसे कार्य किए, जिसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलना शुरू हुआ है। पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों के बारे में आप जनता से पूछें तो बेहतर होगा। तकरीबन हर क्षेत्र में विकास के कार्य हुए हैं। धार्मिक क्षेत्रों के उत्थान के लिए प्रदेश के इतिहास में अभूतपूर्व काम हुआ है। पहले किसान बिजली का बिल भरता था, किंतु अब सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर किसानों को ऊर्जा दाता बनाने का काम शुरू हुआ है। खुद किसानों ने इसका स्वागत किया है। इसका दूरगामी लाभ एक-एक किसान को मिलने जा रहा है।

**प्रश्न:** मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की आपसे बहुत कुछ उम्मीदें हैं। प्रदेश की कमान भरोसेमंद मुख्यमंत्री के हाथ में है। आने वाले दिनों में प्रदेश के विकास के लिए क्या कुछ करने जा रहे हैं?

**उत्तर:** मैंने इस वर्ष को रोजगार वर्ष मनाने का संकल्प लिया है। अब उसे धरातल पर उतारने जा रहा हूं। आज जितनी भी योजनाएं बन रही हैं, उसमें सबसे पहले यह देखता हूं कि हमारे युवाओं को कितना रोजगार मिलेगा। इसी उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक हिस्से में उद्योग धंधे लगाने का काम शुरू किया। उद्योगपतियों से निवेश को लेकर सबसे पहले मेरा यही सवाल होता है कि आप कितने लोगों को रोजगार देंगे? रोजगार को ध्यान में रखकर सभी संभागों में निवेश समिट आयोजित की। इसका लाभ मिला। जो जिले उद्योग धंधे से अछूते थे, वहां अब उद्योग लगना शुरू हुआ है। 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमको मिले हैं। उनको भी धरातल पर उतारा जा रहा है। किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं, सभी वर्गों के लिए योजनाएं लेकर आए हैं। उनका क्रियान्वयन हो रहा है। आने वाले दिनों में इसका लाभ बड़े पैमाने पर दिखेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई बड़े काम शुरू हुए हैं। मप्र देश का दिल है, तो यहां की जनता को देश का सिरमौर बनाकर छोड़ेंगे।

**प्रश्न:** मुख्यमंत्री बनने के बाद आप ने ही परिवहन चेक पोस्ट बंद किए। इसे बड़ी चुनौती माना जा रहा था। चेकपोस्ट बंद करने के संबंध में कभी किसी ने नहीं सोचा था। आखिर यह सब कैसे किया आपने ?

**उत्तर:** बाबा महाकाल की कृपा है कि परिवहन चेक पोस्ट करने बंद करने जैसे विवादित कार्य में भी मुझे कोई दिक्कत नहीं आई। मैंने इसे चुनौती के रूप में लिया। प्रदेश की जनता में भरोसा हुआ है कि प्रदेश की मोहन सरकार जो ठान लेती है वह करके छोड़ती है। चेक पोस्ट बंद करने का निर्णय साधारण नहीं था। चुनौती के साथ ही साथ मन में आशंकाएं भी थी। जब इसे बंद करने का निर्णय लिया, तो कई तरह से दबाव आए। लेकिन अपने निर्णय पर मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज प्रदेश में निर्बाध गति से परिवहन होता है। कहीं कोई अड़चन नहीं है। कोई चेक पोस्ट नहीं है। मैंने जो भी ठाना है, उसे करके ही ही छोड़ा है।

**प्रश्न:** किसानों की खेती को लाभ का धंधा बनाने के साथ ही साथ दुग्ध उत्पादन दोगुना करने का ▶▶शेष पेज 4 पर

### अभिभावक संघ की हस्तक्षेप रिट खारिज

## निजी स्कूलों को बड़ी राहत, फीस नियमन का प्रशासनिक आदेश रद्द

### कोर्ट ने कहा- यूनिफॉर्म, किताबें और स्टेशनरी जैसी व्यवस्थाओं में प्रशासनिक हस्तक्षेप अनुचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶जबलपुर

जबलपुर हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों को बड़ी राहत देते हुए फीस-नियमन से जुड़े प्रशासनिक आदेश को रद्द कर दिया है।

कोर्ट ने जिला समिति द्वारा दिए गए कई निर्देशों को उनके 'अधिकार क्षेत्र से बाहर' का करार दिया। हाईकोर्ट ने फीस के नियमन के नाम पर जारी प्रशासनिक आदेश को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यूनिफॉर्म, किताबें और स्टेशनरी जैसी व्यवस्थाओं में प्रशासनिक हस्तक्षेप अनुचित है। जन-सुनवाई के दौरान स्कूल स्टाफ के अपमान की शैली पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई, इसे अनुचित बताया और प्रशासन को नियमों के अनुसार ही कार्रवाई करने की चेतावनी दी। अभिभावक संघ की हस्तक्षेप याचिका को कोर्ट ने पंजीयन न होने के कारण खारिज कर दिया। इस फैसले से ▶▶शेष पेज 4 पर

### करंट लगने से बाघ की मौत

## घटनास्थल का पता लगाने तैनात की गई हैं तीन टीमें



बाघ का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶बालाघाट

- जहां बाघ का शव मिला वहीं अंतिम संस्कार

दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी के बोनकट्टा सर्किल के आंजनबिहरी बीट के कक्ष क्रमांक 562 में मिले मृत बाघ की मौत की पुष्टि हो गई है। पीएम के बाद यह साफ हो गया है कि करंट लगने से ही नर बाघ की मौत हुई है। पहले वन विभाग ने बाघिन होने की बात कहीं थी लेकिन शुक्रवार को जब वरिष्ठ अधिकारी और एनसीटीए के सदस्य और चिकित्सकों की टीम मौका स्थल ▶▶शेष पेज 4 पर






## 17 दिसंबर 1956 को हुआ था मप्र विधानसभा का पहला सत्र

### प्रदेश को विकसित आत्मनिर्भर, समृद्ध बनाने पर होगी चर्चा

# 69 साल पूरे होने पर 17 दिसंबर को होगा विधानसभा का विशेष सत्र

### यह एक दिवसीय विशेष सत्र सोलहवीं विधानसभा का आठवां सत्र होगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र 17 दिसंबर को आयोजित होगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बीच सहमति के बाद सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष सत्र विधानसभा सत्र की पहली बैठक के 69 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुलाया जाने वाला है, जिसमें मध्यप्रदेश के समग्र विकास पर चर्चा की जाएगी। यह एक दिवसीय विशेष सत्र मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का आठवां सत्र होगा। सत्र सुबह 11 बजे से होगा। राज्यपाल द्वारा अनुमोदित अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा शुक्रवार को जारी कर दी गई है। इस सत्र में मध्य प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने पर चर्चा होगी।



राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा विशेष सत्र के लिए अनुमोदित अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा शुक्रवार को जारी कर दी गई

### कई मौकों पर बुलाए जा चुके हैं विशेष सत्र

विधानसभा के गठन के बाद सबसे पहला सत्र 17 दिसंबर 1956 से शुरू हुआ था और इस दिन पहली बैठक हुई थी। इसे ध्यान में रख कर विधानसभा के पहले सत्र को 69 साल पूरा होने पर यह विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। विधानसभा का विशेष सत्र इसके पहले भी कई बार बुलाए जा चुके हैं। कोरोना काल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 2020 में मुख्यमंत्री बनने के बाद विशेष सत्र बुलाया गया था। इसके पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर दास रोहाणी के कार्यकाल में भी विशेष सत्र बुलाया जा चुका है। इसके अलावा कई अन्य मौकों पर भी विशेष सत्र बुलाए जा चुके हैं।


डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश
भारत के गौरवशाली अतीत और संस्कृति से जोड़ती अहम पहल
सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार
भूमिपूजन
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
13 दिसम्बर, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे
शासकीय माध्यमिक विद्यालय, फंदा, भोपाल
विरासत के साथ शहरी विकास
विक्रमादित्य द्वार
विकास और सेवा के 2 वर्ष
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
D-11158/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष : 12, अंक : 253 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून.12 haribhoomi.com

रामायण आधारित झांकियों के साथ चला बाबा रणजीत का रथ

इंदौर में रणजीत हनुमान प्रभातफेरी



प्रभातफेरी के दौरान रणजीत हनुमानजी निकले

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



जहां तक नजर पहुंची प्रभातफेरी में भक्तों की भीड़ नजर आई

# कड़ाके की ठंड में उमड़ा आस्था का सैलाब

## भजन मंडलियां, झांकियां और रथ यात्रा आकर्षण का केंद्र रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र से शुक्रवार सुबह चार बजे रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी निकली, जिसमें करीब 5 लाख लोग जुटे। कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों की ऊर्जा कम होने का नाम नहीं ले रही थी। चारों तरफ भगवा पताकाएं, भजन गाती मंडलियां, भक्ति में डूबे लोगों का हुजूम सड़क पर नजर आया। रात से ही रणजीत हनुमान मार्ग पर प्रभातफेरी की तैयारियां शुरू हो गईं थीं। सुबह 32वें क्रम पर बाबा रणजीत का रथ था।

रथ के आगे भजन मंडल, नृतक दल, नासिक ढोल पर कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। प्रभातफेरी को लेकर ट्रैफिक और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम नजर आए। सुबह चार बजे मंदिर परिसर से बाबा रणजीत अपने पारंपरिक रथ में सवार होकर निकले। इस दौरान भव्य आतिशबाजी हुई। प्रभातफेरी धीरे-धीरे महू नाका की तरफ बढ़ी। अन्नपूर्णा, दशहरा मैदान, नरेंद्र तिवारी मार्ग होते हुए प्रभातफेरी फिर मंदिर पहुंची। रामायण पर आधारित दो झांकियों का निर्माण कराया गया था। जिसे भक्तों ने खूब सराहा। इसके अलावा 20 से ज्यादा भजन मंडलियां भी प्रभातफेरी में चलीं। प्रभातफेरी में शामिल भक्त नंगे पैर चले। कुछ भक्त झाड़ू भी लगा रहे थे।

**करीब पांच लाख भक्त हुए शामिल**

### पांच सौ पुलिस जवान रहे तैनात

रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी में 500 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहे। इसके अलावा मार्ग के बड़े भवनों से भी पुलिस जवान निगरानी किए। ड्रोन के जरिए भी पुलिस संदिग्ध लोगों पर नजर रखी। रथ के आसपास भी पुलिस सुरक्षा का घेरा बना रहा। चार किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग से जुड़ी गलियों में भी पुलिस जवान तैनात रहे और गलियों में बैरिकेड लगाए गए थे।

### 4.5 किमी की दूरी तय करने में लगे 7 घंटे

*भीड़ के चलते यात्रा को 4.5 किमी सफर तय करने में 7 घंटे लग गए। यात्रा में 3 झांकियां शामिल की गई थीं। एक में राम दरबार, दूसरे में माता अंजनि की गोद में भगवान हनुमान लला और तीसरे में रणजीत लोक का प्रेजेंटेशन दिखाया गया। एक युवक हनुमान जी के वेश में पहुंचा।*



## खबर संक्षेप

### विनेश फोगाट ने वापस लिया संन्यास का फैसला

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुकी ओलिंपियन एवं जुलाना से कांग्रेस



विधायक विनेश फोगाट ने सन्यास का फैसला वापस लेते हुए दोबारा कुश्ती के मैट पर उतरने की इच्छा जताई है। विनेश ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए स्पष्ट किया कि वह लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में भाग लेने के लिए खुद को तैयार कर रही हैं।

### नई मिनी कन्वर्टिबल लॉन्च 18 सेकंड में खुलेगी रूफ

**नई दिल्ली।** नई पीढ़ी की मिनी कन्वर्टिबल भारत में आधिकारिक रूप से लॉन्च हो गई है। यह मॉडल



पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में उपलब्ध होगी। इसकी बुकिंग देशभर के मिनी इंडिया के अधिकृत डीलरशिप पर चालू हो गई है। कंपनी ने घोषणा की है कि इसकी डिलीवरी तुरंत शुरू कर दी जाएगी। कार की एक्स-शोरूम कीमत 58.50 लाख रुपए रखी गई है। इस ब्रांड की ओपननेस फिलॉसफी को दर्शाती है।

### बोलेरो की ट्रैक्टर से भिड़ंत, 3 की मौत

**मऊगंज।** जिले से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अयोध्या धाम से 10 किमी



पहले हुए इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चार की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसा सुबह 5 बजे कल्याण भदरसा गांव के पास नेशनल हाईवे पर हुई। मऊगंज के बेलहाई गांव निवासी पटेल परिवार बोलेरो में सवार होकर देर रात अयोध्या के लिए निकला था।

---

प्रदेश में दो साल में हुआ अकल्पनीय विकास

*प्रेस कांफ्रेंस : मुख्यमंत्री ने सरकार की 2 साल की उपलब्धियों की जानकारी वाली पुस्तकों का किया विमोचन*

# सिंहस्थ-2028 में इस बार क्षिप्रा के जल से ही स्नान करेंगे श्रद्धालु और साधु-संत

*सीएम ने कहा कि सिंहस्थ के लिए हमने 800 करोड़ से नई योजना बनाई है। राज्य के अंदर पहली बार दो नदियों- गंभीर और कान्ह को अंडर डक्ट के माध्यम से लिंक किया जा रहा है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अगले सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालु व साधु संत दशकों बाद क्षिप्रा के जल में ही स्नान करेंगे। पिछली बार नर्मदा का जल लिफ्ट कर क्षिप्रा में पहुंचाया गया था। कई संत बोल रहे थे कि ओकारेंश्वर में ही स्नान किया होता तो ठीक था। इस बार ऐसा नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि पास में ही विशाल जलाशय तैयार किया गया है, इस जलाशय से प्रत्येक पर्व पर क्षिप्रा का जल प्रवाहित होता रहेगा। क्षिप्रा में अब क्षिप्रा का ही जल होगा। उज्जैन में पहले सिंहस्थ हुए, लेकिन श्रद्धालुओं को गंभीर नदी के जल से स्नान कराया गया। वर्ष 2016 में नर्मदा के जल से स्नान का प्रबंध कराया, लेकिन आगामी 2028 के सिंहस्थ के लिए हमने 800 करोड़ लागत से नई योजना बनाई है। राज्य के अंदर पहली बार दो नदियों- गंभीर ▶▶ शेष पेज 4 पर

42 दिन में 42 नक्सलवादियों ने किया सरेंडर

नदी जोड़ो अभियान का क्रियान्वयन तेज

अगले पांच साल में 100 लाख हेक्टेयर रकबे को सिंचित करने का लक्ष्य

### पिछली बार नर्मदा का जल लिफ्ट कर क्षिप्रा में पहुंचाया गया था



सीएम डॉ. यादव के साथ डिप्टी सीएम देवड़ा और शुक्ल भी मौजूद रहे

### इन दो साल में ये बड़े-बड़े काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवाड़ी जैसे छोटे जिले में इस्पात कारखाना खुल रहा है। झाबुआ में खाद बनाया जा रहा है। नीमच में भारत ही नहीं विश्व स्तरीय पंप स्टोरेज बना है, जिसका कार्य दो साल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### देश में सबसे सस्ती बिजली मप्र दे रहा

सीएम ने कहा कि देश में सबसे सस्ती बिजली मप्र दे रहा है। ओंकारेश्वर, नीमच में सोलर प्लांट स्थापित किए गए हैं। मुरैना में स्थापित हो रहा सोलर प्लांट मप्र के साथ-साथ उप्र को भी ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

### नक्सल प्रभावित इलाकों में बहादुर जवानों ने अद्भुत काम किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो साल में ही मप्र दशकों से चली आ रही नक्सलवाद की समस्या से पूरी तरह मुक्त हो गया है। इससे प्रदेश के विकास की एक बड़ी बाधा दूर हुई है। नक्सलवादियों के एमएमसी जोन (महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) 42 दिन में 42 ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अब मप्र और राजस्थान को पर्याप्त जल मिल रहा

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के माध्यम से प्रदेश में जल संरक्षण का बड़ा अभियान शुरू हुआ है। पार्वती-कालीसिंध और चंबल परियोजना के समझौते के बाद अब मप्र और राजस्थान को पर्याप्त जल मिल रहा है। महाराष्ट्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

अनूपपुर में दोहरे हत्याकांड का खुलासा

# नाबालिग बेटे ने 5 लाख की सुपारी दी, पिता व सौतेली मां की नाबालिगों से हत्या कराई

जन्मदिन पर डांटा तो रची थी साजिश, आरोपी बोला-बचपन से करते थे भेदभाव



पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

अनूपपुर के लखनपुर गांव में हुए दोहरे जघन्य हत्याकांड का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया। जांच में सामने आया कि मृतक राजेंद्र उर्फ बबलू पटेल के 18 वर्षीय बेटे आलोक उर्फ सूरज पटेल ने ही पिता और सौतेली मां की हत्या की साजिश रची थी। बेटे आलोक पटेल और मृतक राजेंद्र पटेल का ज्वॉइंट अकाउंट था। उसने इसी अकाउंट से 5 लाख रुपए में अपने दो नाबालिग दोस्तों को सुपारी दी थी।

पुलिस ने आलोक सहित दो नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं। आरोपी आलोक पटेल ने घटना के बाद पुलिस को दिए बयान में कहा था कि वह घटना के दौरान खेत जोतने के लिए रात में चला गया था। पुलिस के मुताबिक वह गुमराह कर रहा था। वह अन्य आरोपियों के साथ ही हत्या वाली रात मौजूद ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 18वें जन्मदिन पर डांटा, थप्पड़ मारा

25 नवंबर को 18वें जन्मदिन पर पिता ने दोस्तों संग बाहर जाने पर आलोक को डांटा और थप्पड़ भी मारा। इससे नाराज होकर उसने अपने 16 वर्षीय दोस्त से संपर्क किया और पिता-सौतेली मां की हत्या के लिए लड़के तलाशने को कहा। 4 दिसंबर को उसकी मुलाकात एक अन्य नाबालिग से हुई और 5 लाख रुपए में डील तय हुई। पूरी बातचीत नाबालिग ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली, जो पुलिस के लिए अहम सबूत बना। मुख्य नाबालिग आरोपी ने अपने साथी देवेंद्र सोनवानी और एक अन्य 17 वर्षीय किशोर को भी शामिल कर लिया। 9-10 दिसंबर की रात करीब 1 बजे सभी लखनपुर पहुंचे, जहां आलोक उनसे मिला। इसके बाद कुल्हाड़ी, वसूला, लाठी और सिलबट्टे के बट्टे से सोते हुए राजेंद्र, रूपा और नौकरानी सीमा बैगा पर हमला कर दिया।

---

कफ सिरप की तस्करी केस में ईडी की रेड

# जौनपुर, लखनऊ, वाराणसी समेत 25 ठिकानों पर छापे

*हजार करोड़ से अधिक के अवैध कारोबार का मामला*



लखनऊ में छापेमारी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कफ सिरप की तस्करी से जुड़े एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध कारोबार के मामले में शुक्रवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय की टीमों ने राजधानी लखनऊ, तस्करी के मुख्य केंद्र वाराणसी समेत देश के तीन राज्यों में 25 स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की है। मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के सहयोगियों, आपूर्तिकर्ता फार्मा कंपनियों और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के ठिकानों को ईडी ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

लोकायुक्त ने एक और घूसखोर अफसर को दबोचा

# सिवनी में सहायक गुणवत्ता नियंत्रक 15 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

*वेयरहाउस में कमी छिपाने के एवज में मांगी थी रिश्वत*



जांच करती टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

सिवनी जिले के धनौरा विकासखंड मुख्यालय स्थित मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन कार्यालय के सहायक गुणवत्ता नियंत्रक मुकेश परमार को 15000 रुपए घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को जबलपुर लोकायुक्त टीम ने यह ट्रैप कार्रवाई की। शिकायतकर्ता सुरेंद्र जैन ने बताया कि उनका वेयरहाउस नाईपिपरिया गांव में है, जिसे धान खरीदी केंद्र बनाया गया था। जैन के अनुसार, सरकारी वेयरहाउस के सहायक ▶▶ शेष पेज 4 पर

इंडिगो पर डीजीसीए का सख्त एक्शन

# चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड सीईओ से लगातार दूसरे दिन पूछताछ

*जांच के लिए इंडिगो ने अमेरिकी कंपनी को सौंपी जिम्मेदारी*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो में फ्लाइट कैंसिल को लेकर जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) ने शुक्रवार को एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इधर, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स लगातार दूसरे दिन डीजीसीए के सामने पेश हुए। इससे पहले गुरुवार को पीटर से अधिकारियों ने करीब 2 घंटे की पूछताछ की थी। इसमें ऑपरेशंस, ▶▶ शेष पेज 4 पर

संसद में बोले उड्डयन मंत्री का बयान

### सालभर के लिए हवाई किराए को कंट्रोल नहीं कर सकते

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि देशभर में हवाई किराए की अधिकतम सीमा लगाना सरकार के लिए व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि डी-रेगुलेटेड मार्केट से उपभोक्ताओं ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

लातूर के देवघर में चल रहा था इलाज

# पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 की उम्र में निधन, लातूर में ली अंतिम सांस



मुंबई हमले की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दिया था

एजेंसी ▶▶ लातूर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने महाराष्ट्र के लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। पाटिल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था।

पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे। इसके अलावा वे 1991 से 1996 तक लोकसभा के 10वें अध्यक्ष रहे। 2004 से 2008 तक केंद्र में गृह मंत्री रहे। मुंबई हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इंदिरा राजीव गांधी के भरोसेमंद थे**

---

शहडोल में सबसे कम 5.1, राजगढ़, इंदौर और पचमढ़ी में रहा 5.2 डिग्री तापमान

शहडोल, राजगढ़, इंदौर सबसे ठंडे, भोपाल, शाजापुर में चलेगी शीतलहर

# पारे का पंच...कई शहरों में पारा 5 डिग्री के पास, जमा देने वाली चल रही है शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। गुरुवार-शुक्रवार की रात कई शहरों में पारा 5 डिग्री के आसपास रहा। शहडोल प्रदेश में 5.1 डिग्री के साथ सबसे ठंडा शहर रहा, वहीं इंदौर, राजगढ़ और पचमढ़ी में 5.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। रात में भोपाल और ग्वालियर में पारे में गिरावट हुई। भोपाल में 6.5 डिग्री, ग्वालियर में 9.1 डिग्री, ▶▶ शेष पेज 4 पर

*भोपाल, इंदौर सहित पांच शहरों में शनिवार को चलेगी शीतलहर*



भोपाल स्थित पिपलानी रोड

### अधिकतर शहरों में दस डिग्री से नीचे आया पारा

*बीती रात अधिकांश शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे ही रहा। नौगांव में 6.4 डिग्री, उमरिया में 6.6 डिग्री, रीवा में 7 डिग्री, मलाजखंड में 7.2 डिग्री, मंडला में 7.6 डिग्री, रायसेन, शिवपुरी-नरसिंहपुर में 8 डिग्री, बैतूल में 8.5 डिग्री, छिंदवाड़ा-खजुराहो में 9 डिग्री, सतना में 9.1 डिग्री, टीकमगढ़-रतलाम में 9.5 डिग्री, दमोह में 9.8 डिग्री और दतिया में 9.9 डिग्री सेल्सियस रहा।*

### दिसंबर में भी रिकॉर्ड तोड़ रही सर्दी

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि इस बार सर्दी का असर तेज है। भोपाल में नवंबर की सर्दी का 84 साल का रिकॉर्ड टूट चुका है, जबकि इंदौर में 25 साल में सबसे ज्यादा ठंड पड़ी है। ऐसी ही सर्दी दिसंबर में भी है। इंदौर में दिसंबर की सर्दी का 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है।

# कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन और शिक्षा में मप्र ने भरी विकास की 'ऊंची उड़ान'

## विभागों ने महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार किए • जनता में विकास में योगदान के प्रति संतोष और विश्वास

हरिभूमि टीम ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश सरकार के दो साल पूरे होने पर उद्योग और व्यापारिक संगठनों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उद्योगपति और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के मिलनसार, सहयोगी और आश्वस्त करने वाले नेतृत्व शैली की प्रशंसा की है, जिससे राज्य के कारोबारी माहौल में नया विश्वास पैदा हुआ है।




पिछले दो वर्षों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई ) और स्टार्टअप क्षेत्रों में जबरदस्त वृद्धि हासिल की गई है। विभाग ने महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार किए हैं और औद्योगिक क्षेत्रों, सड़कों, जल आपूर्ति और बिजली आपूर्ति सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। कुल मिलाकर, उद्योग और व्यापारिक संगठनों ने सरकार के उद्योग-अनुकूल दृष्टिकोण और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता के प्रति संतोष और विश्वास व्यक्त किया है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो साल बेमिसाल**

**राज्य के कारोबारी माहौल में नया विश्वास जागा**

## जनता के विश्वास पर खरी उतर रही भाजपा सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव यादव

मध्यप्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद देकर सेवा का अवसर दिया है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनता के उस विश्वास पर खरी उतरी है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के साथ समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मप्र की भाजपा सरकार ने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास के अद्वितीय कार्य किए हैं। भाजपा जो कहती है, वह करती है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। इसके पहले कार्यालय में शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर मुंह मीठा कराया गया। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अपने जिले, विधानसभा क्षेत्र और मंडल स्तर पर बैठकें करें और घर-घर संपर्क कर देवतुल्य जनता तक भाजपा सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएं।

### भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में विकास की नई परिभाषा प्रस्तुत की : हेमंत



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूर्ण हुए दो वर्ष मध्यप्रदेश के विकास, सुशासन और सेवा की नई परिभाषा प्रस्तुत करते हैं। गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के कल्याण के लिए सरकार ने जो व्यापक कदम उठाए हैं, उन्होंने प्रदेश को नई गति और नई दिशा दी है। इस बार 'मन की बात' कार्यक्रम के पश्चात 15 मिनट तक प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी।

### मप्र का विकास भाजपा सरकारों ने किया: तरुण चुघ

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने कहा कि आजादी के बाद से वर्षों तक मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रही हैं, लेकिन विकास के काई कार्य नहीं कराए थे। मप्र में वर्ष 2003 में भाजपा की सरकार बनने के बाद ही विकास की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अद्वितीय और अकल्पनीय विकास कार्य किए हैं। मप्र का विकास भाजपा सरकारों ने किया, आगे भाजपा ही विकास करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मध्यप्रदेश सहित देशभर की जनता का अटूट भरोसा है। इसी भरोसे को बनाए रखने के लिए हमें अपनी सरकार की उपलब्धियां जनता को बताना होंगी, क्योंकि जनता ने ही आशीर्वाद देकर सेवा का अवसर दिया है। इसलिए आप सभी पार्टी कार्यकर्ता आने वाले दिनों में एक-एक मतदाता से संपर्क कर भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताएं।

## यह बोले वरिष्ठ पत्रकार

### समृद्ध और सशक्त मध्यप्रदेश के निर्माण की दिखी झलक



डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह दो वर्षीय कार्यकाल अनेक उपलब्धियों और नवाचारों से भरा है। एक ओर यदि औद्योगिकीकरण और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश आगे बढ़ा है तो दूसरी ओर विरासत को सहेजकर पूरे विश्व के पर्यटकों केलिये आकर्षण का केंद्र भी बना। डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के तेरहवें मुख्यमंत्री हैं। वे एक सामान्य परिवार से आते हैं उनका व्यक्तित्व जमीन से जुड़ा है। जिसकी झलक उनके हरेक निर्णय में है। उन्होंने पुरानी सरकारों द्वारा लिए गए सभी निर्णय और योजनाएं भी यथावत रखी और ऐसे नए निर्णय लिए जो दूरगामी परिणाम देने वाले हैं। इनमें जन सामान्य के उत्थान और आत्म विश्वास वृद्धि के साथ समृद्ध और सशक्त मध्यप्रदेश निर्माण की झलक भी है। उनके आरंभिक निर्णयों में यदि ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण और उन्नीस पवित्र स्थलों में शराबबंदी लागू करना पूरे देश में चर्चा का विषय बने तो नक्सलियों के आतंक से मुक्ति की रणनीति भी सराही गई। मध्यप्रदेश की समृद्धि के लिये गौपालन को प्रोत्साहन, अनुदान राशि बढ़ाना, एक बगिया मां के नाम योजना आरंभ करना, इसके लिये दो लाख तक का अनुदान स्वीकृत करना उनकी अनूठी योजनाएं हैं। ये बातें कहने सुनने में सामान्य लग सकतीं हैं लेकिन ये दूरगामी परिणाम देने वाली हैं। मध्यप्रदेश सरकार के इन नवाचारों और निर्णयों से भरे ये दो वर्ष सदैव याद किए जांएगे।

**रमेश शर्मा**, वरिष्ठ पत्रकार

### तेजी से विकास कर रहा मोहन यादव का मध्य प्रदेश



महिला विकास और सशक्तिकरण, कृषि कल्याण और किसान की समृद्धि के साथ ही मध्य प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव के दो साल के कार्यकाल में यदि उपलब्धियों का आंकलन किया जाए तो प्रदेश ने सभी क्षेत्रों में ऊंचाई को छुआ है। राजनैतिक रूप से यह महत्वपूर्ण बात कही जा सकती है कि अपने दो साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री के रूप में मोहन यादव ने अपनी अलग पहचान बनाई है। इस कालखंड में मध्यप्रदेश डॉ. मोहन यादव के मध्य प्रदेश के रूप में पहचान बना चुका है। मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल की समीक्षा की जाए तो उन्होंने एक परिपक्व और विजन वाले नेता के रूप में अपने काम को स्थापित किया है। यदि विकास की दृष्टि से बात की जाए तो महिला सशक्तिकरण के रूप में जितनी भी योजनाएं चल रही थी सारी निरंतर है। बड़े आर्थिक बोझ के बावजूद इन योजनाओं के लिए संतुलन बनाए रखना विकासशीलता की पह्चान है। कृषि के क्षेत्र में प्रदेश ने विकास किया है। सिंचाई की क्षमताओं में एक बड़ा उछाल इस दो साल के कार्यकाल में दिखाई दिया है। विद्युत की आत्मनिर्भरता और अधोसंरचना का विकास प्रदेश के लिए एक ठोस आधार बना है। यही कारण है कि औद्योगिक निवेश कराकर रोजगार की परिकल्पना से मध्य प्रदेश में समृद्धि आ रही है।

**सुरेश शर्मा**, वरिष्ठ पत्रकार

## सरकार के 2 साल पूरे होने पर जीतू पटवारी बोले- प्रदेश की दुर्दशा के साल, सिंघार ने कहा-22 साल का हिसाब दें


जीतू पटवारी (फाइल)

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो वर्ष पूरे होने पर सीएम ने प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धि गिनाई। इधर इस पर प्रतिक्रिया देने के लिए पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार के दो वर्ष पूर्ण हो गए, लेकिन हालात बदतर हैं। मेडिकल सिस्टम की अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज, जमीन सौदों में गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार, बहनों को वादे के मुताबिक राशि न देना और बहना योजना में हजारों करोड़ की कथित धांधली ये सवाल सरकार को पूछे जाने चाहिए थे। उन्होंने कहा यह दो साल नहीं, प्रदेश की बरबादी के दो साल हैं। उमंग सिंघार ने कहा कि साल पूरे होने पर सरकार जश्न मना रही है, लेकिन जनता प्रश्नों के बीच खड़ी है। केंद्र ने कई योजनाओं का फंड रोक दिया, परिवहन और नर्सिंग घोटालों पर सरकार मौन है और सौरभ शर्मा की सोने की ईंटें किसके पास गईं इसका जवाब भी नहीं दिया जा रहा उन्होंने कटाक्ष किया कि शैंपू का ज्ञान देने वाले मंत्री बताए कि प्याज क्यों सड़कों पर फेंकी जा रही है। कैलाश विजयवर्गीय दो साल में मास्टर प्लान तक तैयार नहीं कर पाए। धारा 16 में जमीनों के नाम पर गड़बड़ी किसकी मिलीभगत से हुई।

### 22 साल का शासन क्या मिला प्रदेश को

उमंग सिंघार ने कहा कि 22 साल से प्रदेश में भाजपा राज कर रही है और बात सिर्फ दो साल की करते हैं, यह जनता को भ्रम में रखने जैसा है। उन्होंने विधानसभा सत्र की अनियमितताओं, लाइव प्रसारण बंद रखने, कुपोषण बढ़ने, बेरोजगारी में वृद्धि और किसानों को राहत न मिलने जैसे मुद्दे उठाए। सिंघार ने कहा कि कुपोषित बच्चे बढ़े हैं, शिशु मृत्यु दर 169 प्रति एक लाख है यह सरकार की नाकामी है।

### महंगी बिजली, शराब नीति पर भी निशाना

सिंघार ने कहा कि 25 लाख से ज्यादा युवा बेरोजगार हैं। सरकार जनता के टैक्स से जश्न मना रही है जबकि स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। मेट्रो का सिर्फ दिखावटी ट्रायल कर करोड़ों खर्च कर दिए। 27% आरक्षण पर सरकार सुप्रीम कोर्ट में पक्ष ही नहीं रख सकी। बिजली पूरे देश में सबसे महंगी मप्र में मिल रही है।

## उद्योगपति, व्यापारी और संगठन के पदाधिकारियों ने यह कहा-

### डॉ. मोहन ने दो साल वैश्विक निवेश सम्मेलनों के माध्यम से औद्योगिक विस्तार और रोजगार सृजन को मजबूती दी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने इन दो वर्षों में निवेश-प्रोत्साहन नीतियां, क्षेत्रीय प्रोत्साहन पैकेज और वैश्विक निवेश सम्मेलनों के माध्यम से औद्योगिक विस्तार और रोजगार सृजन को मजबूती दी है। राज्य में आयोजित 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' (जीआईएस-2025) ने औद्योगिक निवेश को नए आयाम दिए। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में लगभग30.77 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जो किसी भी राज्य द्वारा एकत्रित सबसे उच्च राशि में से एक मानी जा रही है और देश-विदेश के प्रमुख उद्योगों तथा समूहों ने भागीदारी की। इनमें प्रमुख निवेशकों में अडाणी समूह शामिल है, जिसने लगभग 1.10 लाख करोड़ का बहु-क्षेत्रीय निवेश प्रस्ताव रखा है, जिससे अनुमानित 1.20 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजन की सम्भावना है। जीआईएस -2025 के अंतर्गत 600 से अधिक बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) और 5,000 से अधिक बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) बैठकें आयोजित हुईं, जिससे उद्योगों और नीति-निर्माताओं के बीच सहयोग के बेहतर अवसर बने। सरकार के आंकड़ों के अनुसार जीएसआई-2025 के निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत भूमि आबंटन, अनुमोदन प्रक्रियाएं तथा औद्योगिक अप्रूवल्स पर लगातार निगरानी रखकर कई प्रस्तावों को वास्तविक निवेश में बदलने पर कार्य प्रगति में है, जिससे भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन इकाइयों-निर्माण और रोजगार सृजन की उम्मीद है। कुल मिलाकर इन दो वर्षों में औद्योगिक विकास और निवेश-आकर्षण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जीआईएस-2025 के निवेश प्रस्तावों ने राज्य को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया है और अब इन प्रस्तावों को वास्तविक परियोजनाओं तथा रोजगार के अवसरों में बदलने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जो निश्चित ही सराहनीय है। आगामी वर्ष को प्रदेश के कुटीर, लघु उद्योगों को समर्पित वर्ष घोषित किया जाए तो प्रदेश बेरोजगारी से पूर्णतः मुक्त प्रदेश होगा।


गौतम कोठारी

**सीए (डॉ.) गौतम कोठारी,** डी.लिट.अध्यक्ष , पीथमपुर औद्योगिक संगठन

### मोहन सरकार ने पूरे प्रदेश में एक औद्योगिक फ्रेंडली वातावरण बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो साल बेमिसाल रहा। मोहन सरकार ने 2 साल के कार्यक्रमों जरिए जिस गति से मध्य प्रदेश ने प्रगति की तरफ अपने कदम बढ़ाए हैं उन्हें संदेश रूप से बहुत उत्कृष्ट कहा जा सकता हैं। अलग-अलग स्थान पर इंवेस्टर्स मीट का आयोजन करके उन्होंने पूरे प्रदेश में एक औद्योगिक फ्रेंडली वातावरण बनाया है। इतना ही देश में सबसे पहले टेक्सटाइल मेगा पार्क, स्टाइल डिवाइसेज की नई पॉलिसी मध्य प्रदेश की सरकार ही लेकर आई है। घोषणाएं बहुत होती रहती हैं परंतु ट्रांसपेरेंट तरीके से भूमि की उपलब्धता मोहन सरकार ने कराई और बहुत लंबे समय से पेंडिंग चल रही एमएसएमई की सब्सिडी की समस्या समाप्त हुई। इस प्रकार सारे उद्यमियों को एक अच्छा साकारात्मक परिवर्तन मध्य प्रदेश में दिखाई पड़ रहा है। पर्यावरण में एक प्रो उद्योग, प्रो विकास हुआ है प्रति समय-समय पर फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के सामने विषय रखें।


दीपक शर्मा

**दीपक शर्मा अध्यक्ष,** फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

### मोहन सरकार के दो वर्ष कई निर्णायक पहलों के प्रतीक रहे

डॉ. मोहन यादव की सरकार के दो वर्ष मध्यप्रदेश के विकास के लिए कई निर्णायक पहलों के प्रतीक रहे हैं। विशेष रूप से औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचे, कौशल संवर्धन, और जन-कल्याणकारी योजनाओं में तेजी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। मेरे अनुभव में सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने, रोज़गार सृजन बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल समाधान के लिए उठाए गए प्रयास उल्लेखनीय हैं। मुझे विश्वास है कि यह गति आगे भी राज्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।


राजीव अग्रवाल

**राजीव अग्रवाल**
अध्यक्ष, मंडीदीप इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

### इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के पूरा होने की तय टाइमलाइन होनी चाहिए


आशीष पांडेय

यह जानकर बहुत खुशी हुई कि आइटी और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े 4 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का कमर्शियल ऑपरेशन एमपी में 18-30 महीनों में शुरू होने वाला है। हालांकि, महिलाओं की सुरक्षा, बड़े शहरों में ट्रैफिक मैनेजमेंट और सड़क, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर की देखभाल और डेवलपमेंट अभी भी चिंता है, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के पूरा होने की तय टाइमलाइन होनी चाहिए।

**आशीष पांडेय अध्यक्ष,** भोपाल ऑटोमोबाइल एसोसिएशन

### मध्यप्रदेश सरकार 2047 के लक्ष्य को 2037 में ही प्राप्त कर लेगी


मनोज मोदी

जहां तक डॉ.मोहन यादव के दो साल पूर्ण होने की बात है। यह तथ्य जगजाहिर है कि मुख्यमंत्री इस प्रदेश के चहुंमुखी विकास की योजनाओं पर पूरी ताकत से कार्य कर रहे हैं। उनकी सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत 2047 के मिशन से पूर्ण करने रूप से कटिबद्ध है। किसी भी प्रकार का विकास हो कृषि, उद्योग, स्वास्थ, पर्यटन, शिक्षा सभी क्षेत्र में अग्रणी होकर आगे बढ़ रही हैं। उद्योग के मामले में यह बिल्कुल सिद्ध है कि किसी भी प्रकार के अवसर को छोड़ना तो है ही नहीं ,पर अपनी ओर से अवसर निर्मित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं । मुझे तो लगता हैं कि मध्यप्रदेश की यह सरकार 2047 के लक्ष्य को 2037 में ही प्राप्त कर लेगी।

**मनोज मोदी** को-चेयरमैन पीएचडीसीसीआई (एमपी ) भोपाल

## सीएम आज विक्रमादित्य द्वार, पीएम ई-बस सेवा के डिपो का करेंगे भूमिपूजन


फाइल फोटो।

**विधायक रामेश्वर शर्मा ने आयोजन स्थल का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज भोपाल। डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और विरासत के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार सुबह 10 बजे फंदा के शासकीय महाराणा प्रताप स्कूल प्रांगण में विकास उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इंदौर-उज्जैन-भोपाल मार्ग पर निर्मित होने वाले राजा विक्रमादित्य स्वागत द्वार और पीएम ई बस सेवा के संचालनों हेतु डिपो निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। शुक्रवार को भूमिपूजन से पहले विधायक रामेश्वर शर्मा ने आयोजन स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। रामेश्वर शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में विगत दो वर्षों में मध्यप्रदेश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। रामेश्वर ने बताया कि इंदौर-उज्जैन-भोपाल मार्ग पर बनने वाला यह स्वागत द्वार प्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा और विकसित मध्यप्रदेश के विजन का प्रतीक होगा। साथ ही पीएम ई बस सेवा जो जल्द ही भोपाल के परिवहन को गति देगी उसके लिए डिपो का निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्यमंत्री शनिवार को करेंगे।

## देश का दिल मध्यप्रदेश, दिल खोल कर स्वागत को तैयार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ने के संकल्प के साथ हम कार्य कर रहे हैं। डॉ. यादव नई दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन परिसर में 3 दिवसीय मध्यप्रदेश उत्सव का भोपाल से वर्चुअली शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को देश के दिल मध्यप्रदेश में आमंत्रित




करते हुए कहा कि हम दिल खोलकर आपके स्वागत के लिए तैयार हैं। नई दिल्ली में अपर मुख्य सचिव एवं विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश भवन श्रीमती रश्मि अरूण शमि और अन्य अधिकारी मौजूद थे। लिए जरूर मध्यप्रदेश आएंगे। डॉ यादव ने कहा कि देश के स्वच्छतम शहर इंदौर की सैर करें और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाएं। उत्सव का मुख्य उद्देश्य मप्र के बारे में जानकारी देना उद्घाटन के बाद आवासीय आयुक्त मध्यप्रदेश भवन श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने बताया की तीन दिवसीय उत्सव का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश के बारे में दिल्ली एनसीआर के वासीयो को प्रदेश के बारे में जानकारी देना उसके खान-पान और संस्कृति से अवगत कराना है। उन्होंने बताया की प्रदर्शनी में हस्तशिल्प, 1 जिला एक उत्पाद, माटी कला, पर्यटन आदि के स्टॉल लगे हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि उनके इस उत्सव में आए और प्रदेश के खानपान और संस्कृति का आनंद लें, यह पूर्णतः निशुल्क है। शमी ने उत्सव के दौरान तीन दिन चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

## पर्यावरणविद, नर्मदा शिप्रा एनजीटी याचिकाकर्ता सचिन दवे से साझा किए अपने विचार

# नर्मदा-शिप्रा सहित पर्यावरण की दिशा में हो रहे कार्यों की गति बढ़ाने की आवश्यकता: सचिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में नदी प्रदूषण सहित पर्यावरण की दिशा में वर्तमान में जो कार्य किए जा रहे हैं, उनकी गति बढ़ाने की आवश्यकता है। एनजीटी द्वारा दिए गए निर्णयों एवं मार्गदर्शन के अनुसार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य होना चाहिए। सरकार को चाहिए कि समय-समय पर बनाई जाने वाली कमेटियों में विशेषज्ञों के साथ स्थानीय जानकारों को शामिल किया जाना चाहिए।

ताकि जमीनी स्तर के अनुभव का लाभ मिलने के साथ स्थानीय लोगों की वास्तविक समस्या से रूबरू होने के अलावा उनका बेहतर समाधान हो सके। यह बात पर्यावरणविद, नर्मदा शिप्रा एनजीटी याचिकाकर्ता सचिन दवे ने कही। सचिन दवे बीते 26 सालों से पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और नर्मदा संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। दवे ने बीते 23 वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्य के दौरान नगर, जिला, प्रांत एवं अखिल भारतीय दायित्व सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए समाज सेवा का कार्य किया है। पर्यावरणविद सचिन दवे से हरिभूमि की विशेष चर्चा।

**दवे का मानना : कमेटियों में विशेषज्ञों के साथ स्थानीय जानकारों को शामिल किया जाना चाहिए**


सचिन दवे।

**25 गांवों का सर्वे नाव से किया, 20 फीट से अधिक पानी**

दवे बताते हैं कि उन्होने नर्मदा जल से जलमग्न धार जिले के मनावर कुक्षी तहसील के डूब क्षेत्र के करीब 25 गांवों का सर्वे नाव से किया। गांव में 20 फीट से अधिक पानी भरा था। वहीं दूसरी ओर निसरपुर क्षेत्र में कई बसाहट का सर्वे भी किया। जहां सालों पहले डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीण जनता आ कर बस गई थीं। कुक्षी में आयोजित नर्मदा विचार कुंभ में प्रतिवर्ष इस विषय पर चर्चा होती है।

**सवाल : एनजीटी नर्मदा संरक्षण की दिशा में कितना सहयोगी रहा है**

जवाब : नर्मदा के अमरकंटक उदगम से भरूच संगम तक 32 शोध विद्यार्थियों को लेकर 2158 किमी की यात्रा 58 घाटों पर युवाओं की टीम बनाकर घाटों की सफाई, वृक्षारोपण जैसे कार्य किए है। एनजीटी में याचिकाकर्ता रहा, जिसमें 48 पक्षकार बनाए। स्वयं पैरवी की और परिणाम स्वरूप 4 हजार करोड़ रूपए स्वीकृत नर्मदा एक्शन प्लान बना। पहले नर्मदा के 7 घाट ए कैटेगिरी थे, जो बढ़कर वर्तमान में 45 हो गए हैं। क्षिप्रा के उदगम से लेकर क्षिप्रा के संगम तक 280 किमी शोध विद्यार्थियों को लेकर प्रदूषण का अध्ययन करते हुए यात्रा की एवं रिपोर्ट के आधार पर एनजीटी ने नोडल एजेंसी बनाई। याचिका में 28 पक्षकार बनाए। जिला कलेक्टरों से रिपोर्ट मंगवाई। गंगा की सहायक नदी मानते हुए गंगा मिशन से जोड़ने पर सहमती बनी। वर्तमान में जो शिप्रा नदी पर जो कार्य प्रारंभ हुए हैं, वह एनजीटी के बेहतर निर्णयों के कारण ही संभव हो सके है।

**सवाल: नर्मदा के डूब क्षेत्रों में सरकार का कैसा कार्य रहा है**

*जबाव : चर्चा केवल नर्मदा डूब क्षेत्र में समस्या की होती है। ग्रामीण जनता को मुआवजा नहीं मिला, बसाया नहीं गया, केवल यहीं चर्चा का विषय रहता है, लेकिन ऐसा नहीं है, जो आज से 20 वर्ष पूर्व डूब क्षेत्र छोड़कर सरकार द्वारा दिए गए अन्य क्षेत्रों में बस गए एवं मुआवजा से मकान आदि बना लिए वे सुरक्षित एवं संपन्न हैं। दूसरा पहलू यह भी है कि इसको कहीं दिखाया नहीं जाता। क्षेत्र की जनता से चर्चा पर पुनर्वास डूब का क्षेत्र का दूसरा पहलू भी सामने आया। क्षेत्र के लोगों ने माना कि अनियमितता हुई हैं, किंतु काम भी हुआ है।*

## अगले सप्ताह होगी परामर्शदात्री समिति की बैठक

**भोपाल।** नगर निगम में परामर्शदात्री समिति की बैठक अगले सप्ताह होगी। बीते तीन माह से यह बैठक नहीं होने के कारण यूनियनें कर्मचारियों के हितों को नहीं उठा पा रही थीं। इस संबंध में मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने नगर निगम आयुक्त को भी अवगत कराया था। सोलंकी ने बताया कि निगम में अनुकंपा नियुक्ति के कई मामले लंबे समय से पेंडिंग हैं। इसके अलावा अन्य कई ऐसे मुद्दे हैं जो कर्मचारियों से जुड़े हैं, उन्हें बैठक में उठाया जाएगा व सुझाव भी दिए जाएंगे।

■ निगम में अनुकंपा नियुक्ति के कई मामले लंबे समय से पेंडिंग हैं

9 साइबर ठगों ने ठगी की रकम वसूलने ट्रक ड्राइवर...



10 मध्य प्रदेश में अब तक 50 बाघों की मौत, पिछले...





# पांच लाख 80 हजार मतदाताओं के नामों काटने का संकट, आयोग ने भेजा पर्यवेक्षक

## भोपाल की सात विस में बड़ी तादाद में नाम काटने को लेकर राजनैतिक दलों को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पिछले 39 दिस से चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम में अब तक 4 लाख 43 हजार 633 मतदाताओं का नाम कटना तय हो गया है। इन मतदाताओं को मृत, शिफ्टेड, एबसेंट, डबल और अन्य केटगरी में रखा गया है। इधर नौ मैपिंग वाले मतदाताओं की तादाद घटकर एक लाख 35 हजार 765 हो गई है।

जिले में सीधे तौर पर नाम काटने के आंकड़े को लेकर शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के आब्जर्वर और ज्वॉइंट सेकेटरी ब्रजमोहन मिश्रा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा कि भोपाल में काटे जा रहे मतदाताओं के नामों को लेकर बीएलओ से वेरिफाई करा लिया जाए। जिसके बाद आब्जर्वर उत्तर के खानूगांव और दक्षिण-पश्चिम के पॉलेटेक्निक मतदान केंद्र पर बीएलओ का काम देखने पहुंचे। हालांकि उन्हें नरेला, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर की विधानसभाओं में भी बीएलओ का काम देखने जाना था, लेकिन वह छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए।

*उत्तर, दक्षिण-पश्चिम के मतदान केंद्रों पर जाकर देखा बीएलओ का काम*

*शेड्यूल के बाद भी नरेला, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर नहीं गए आब्जर्वर*

### पांच दिन में 35 हजार बढ़ी नाम काटने वालों की तादाद




भारत निर्वाचन आयोग के आब्जर्वर मिश्रा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

राजधानी की सात विस में सात दिसंबर को ही सौ फीसदी एसआईआर का काम पूरा कर लिया गया था। इस दौरान अनकलेक्टेबल केटगरी के 4 लाख 8 हजार 106 मतदाताओं के नाम काटे जाने थे। जबकि नो मैपिंग वाले मतदाताओं की एक्सरसाइज के बाद इनकी तादाद बढ़कर 4 लाख 43 हजार 634 हो गई है। ऐसे में इस केटगरी में मतदाताओं की तादाद 35 हजार 528 बढ़ गई है।

### अफसरों ने बताया सुनवाई का प्लान

बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई को लेकर प्लान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर सुनवाई के कैंप लगाए जाएंगे, जिससे मतदाताओं को परेशानी न हो। आब्जर्वर ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि मतदाताओं को सुनवाई के लिए ज्यादा दूरी तय नहीं करना पड़े।

### 18 तक जमा कर सकेंगे गणना पत्रक

आब्जर्वर ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि चुनाव आयोग के नए शेड्यूल के हिसाब से अब मतदाता अपने गणना पत्रक 18 दिसंबर तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि जिन मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, उनका ठीक तरह से वेरिफिकेशन कर लिया जाना चाहिए, जिससे मतदाता को किसी तरह की परेशानी न हो।

### एसडीएम ने मनीष को दिया प्रशंसा-पत्र

## टारगेट पूरा करने वाले बीएलओ का सम्मान



गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरखेड़ा पठानी में बूथ नंबर-270 पर तैनात मनीष सिंह राजपूत का ईआरओ द्वारा दिए गए टारगेट को पूरा करने पर सम्मान किया गया। एमपी नगर एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे ने बीएलओ को प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया। राजपूत ने एसआईआर का काम पूरा करने के साथ मृतक, शिफ्टेड, एबसेंट और डबल एंट्री वाले मतदाताओं का वेरिफिकेशन भी कर लिया है।

## वार्डों में आज लगेगी नेशनल लोक अदालत

**भोपाल।** नगर निगम के सभी वार्डों में आज शनिवार को नेशनल लोक अदालत लगेगी। इसमें नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के मात्र अधिभार (सरचार्ज) में शासन द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन छूट प्रदान की जा रही है। वर्ष 2025 में अधिभार से छूट का यह अंतिम अवसर है। 1 जनवरी 2026 से 20 हजार से अधिक संपत्ति कर व अन्य देय करों पर 3 प्रतिशत प्रतिमाह अधिभार लिया जाएगा।

## काचेगुड़ा-मदार स्पेशल ट्रेन 24 दिसंबर से

**भोपाल।** यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने काचेगुड़ा, मदार-काचेगुड़ा के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन भोपाल मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों इटारसी और भोपाल होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 07733 काचेगुड़ा-मदार स्पेशल 23 दिसंबर को रात 11.30 बजे काचेगुड़ा से रवाना होगी। यह ट्रेन अगले दिन भोपाल रात 11.10 बजे पहुंचेगी। इसके बाद यह तीसरे दिन दोपहर 1.00 बजे मदार स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह भोपाल सुबह 10.10 बजे पहुंचेगी। इसके बाद यह ट्रेन तीसरे दिन सुबह 10 बजे काचेगुड़ा पहुंचेगी।

## घर लौटने के बाद खुद को लगाया इंजेक्शन, पति लेकर पहुंचे थे अस्पताल

# ड्यूटी से लौटने के बाद महिला डॉक्टर ने लिया दवाई का ओवरडोज, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स की महिला डॉक्टर द्वारा दवाई का ओवरडोज लिए जाने का मामला सामने आया है। इंजेक्शन के माध्यम से ओवर डोज लेने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। पति ने उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा है। घटना गुरुवार रात करीब दस बजे के आसपास की बताई जा रही है। महिला डॉक्टर से मामला जुड़ा होने के कारण एम्स प्रबंधन ने एक दिन बाद शुक्रवार शाम बागसेवनिया पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। पुलिस का कहना है कि महिला डॉक्टर अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। बयान दर्ज होने के बाद ही पता चल सकेगा कि उन्होंने दवाई का ओवर डोज किन परिस्थितियों में लिया है।

जानकारी के अनुसार 38 साल की महिला डॉक्टर एम्स परिसर में रहती हैं और एम्स में जनरल मेडिसिन है। वह पीजी की पढ़ाई भी कर रही है। गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे वह ड्यूटी से घर लौटी। इसके बाद खुद को बेहोशी वाला इंजेक्शन लगा लिया। इंजेक्शन लगाने के बाद उनकी स्थिति बिगड़ने लगी। उनके पति उन्हें लेकर एम्स पहुंचे, वहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर का कहना है कि इंजेक्शन लगाने के बाद से ही उनकी पल्स रेट और हार्टबीट लगातार लगातार कम होती जा रही है। उनकी हालत बेहद नाजुक है।

38 साल की महिला डॉक्टर एम्स परिसर में रहती है | महिला चिकित्सक अभी बयान देने की स्थिति में नहीं

### पति निजी अस्पताल में डॉक्टर, पुलिस कर रही बयान लेने का इंतजार



फाइल फोटो

महिला डॉक्टर के पति भानपुर स्थित निजी अस्पताल में डॉक्टर है। पुलिस ने उनसे पूछताछ करने का प्रयास किया। उन्होंने अभी बयान देने से इंकार किया है। पुलिस उनके बयान होने का इंतजार कर रही है। पुलिस को जानकारी मिली है कि उन्होंने काम के दबाव में यह कदम उठाया है। हालांकि पुलिस इसे पुष्ट जानकारी नहीं मान रही है। पुलिस का कहना है कि महिला डॉक्टर या फिर उनके पति के बयान होने के बाद ही आत्महत्या के प्रयास के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

### जीएमसी की डॉक्टर आकांक्षा ने इंजेक्शन लगाकर की थी खुदकुशी

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की जूनियर डॉक्टर आकांक्षा माहेश्वरी ने तीन साल पहले हॉस्टल में सुसाइड कर लिया। वे जीएमसी से पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट में पीजी कर रही थी। पुलिस को मौके से इंजेक्शन और सीरिंज थी। आकांक्षा ने दवा का ओवरडोज लेकर यह आत्मघाती कदम उठाया था। सुसाइड नोट में आकांक्षा ने लिखा था कि मैं इतनी मजबूत नहीं हूं, इतना स्ट्रेस नहीं झेल पा रही हूं..। मैं स्ट्रॉन्ग नही हूं।

### एम्स की छात्रा ने हॉस्टल से कूदकर किया था सुसाइड

एमबीबीएस सेकंड ईयर की छात्रा ने एम्स के गर्ल्स पीजी हॉस्टल की तीसरी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। वह डिप्रेशन में थी। उसका इलाज भी चल रहा था। हालांकि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था।

## सौंदर्यीकरण के लिए लगे एल्युमिनियम कंपोजिट पैनल से भड़की आग

# लालघाटी फ्लाईओवर के नीचे लगी भीषण आग आसमान में छाया धुआं, यातायात हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के व्यस्त यातायात के दबाव वाले लालघाटी चौराहे पर शुक्रवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे फ्लाईओवर के नीचे आग लगने से हड़कंप मच गया। ब्रिज के नीचे सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए एल्युमिनियम कंपोजिट पैनल में अचानक आग लग गई। यह आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते काले धुएं का गुब्बार 30 फीट तक आसमान में दिखाई देने लगा। तेज हवा के चलते आग का फैलाव होना शुरू हो गया। मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। कुछ देर के लिए वाहनों की लंबी कतार लग गई।

**दोपहर करीब साढ़े बारह बजे की घटना**



फ्लाईओवर के नीचे लगी भीषण आग से निकलती लपटें और काला धुआं।

### लाइट पोल भी चपेट में आए, फतेहगढ़ और संत नगर से पहुंची दमकलें

आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर तीन दमकलें पहुंची और आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने में करीब आधा घंटा लगा। फायर कंट्रोल रूम से तीन दमकलें मौके पर भेजी गईं। इसके बाद संत नगर से दो और फतेहगढ़ फायर स्टेशन से एक दमकल भी मौके पर पहुंची। आग इतनी भीषण थी कि ऊपर लगे लाइट पोल को भी अपनी चपेट में ले लिया। सड़क पर पड़े कचरे ने आग को और भड़का दिया। फायर कर्मियों ने कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही की कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। जिस हिस्से में आग लगी, वो बुरी तरह से बर्बाद हो गया।



आग से फ्लाईओवर का सौंदर्यीकरण वाला हिस्सा खाक हो गया।

### आग के कारण अफरा-तफरी

आग के कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस कारण मुख्य मार्ग के दोनों और ट्रैफिक जाम हो गया। करीब पौने-एक घंटा ट्रैफिक जाम रहा। वाहन रेंगते हुए नजर आए। यातायात पुलिस ने दमकलों को अग्नि दुर्घटना स्थल तक ट्रैफिक को हटाकर पहुंचने में मदद की।

### आग पर काबू पाने में लगा आधा घंटा

फायर ऑफिसर सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि फायर कर्मियों ने कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। जिस हिस्से में आग लगी, वहां किया गया, सौंदर्यीकरण खराब हो गया है। आग को काबू पाने में आधा घंटा लगा।

### सड़क पर पड़े कचरे से आग भड़की

*आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ, लेकिन फ्लाईओवर के नीचे लगे प्लाईवुड और अन्य सामग्री में आग लगने के बाद वह तेजी से भभक उठी। वहीं ऊपर लगे लाइट पोल को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। सड़क पर पड़े कचरे ने आग को और भड़का दिया।*

## नया साल के जश्न के लिए भोपाल सहित मप्र के लोगों की अयोध्या पहली पसंद

# अयोध्या, मथुरा, वैष्णो देवी, वाराणसी, गोवा, मुंबई और जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार क्रिसमस की छुट्टियां व नए साल में घूमने जाने वाले या फिर वापस आने वालों को ट्रेन की लंबी वेटिंग से दो-चार होना पड़ सकता है। जिन पैसेंजर ने 2 महीने पहले रिजर्वेशन कराया था, उनकी वेटिंग भी कंफर्म होना मुश्किल है।

दरअसल 24 दिसंबर से 5 जनवरी तक ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर थर्ड और सेकंड एसी तक लंबी वेटिंग है। लंबी वेटिंग को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कुछ रूटों पर स्पेशल ट्रेन चलाने व अतीरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है, लेकिन यात्रियों को इन ट्रेनों में सफर के लिए अधिक किराया चुकाना पड़ेगा। इस साल सबसे अधिक धार्मिक स्थालों पर जाना लोग पसंद कर रहे हैं। इसके चलते वैष्णो देवी, अयोध्या, मथुरा आदि धार्मिक स्थलों की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट अधिक देखने को मिल रही है।

### अब तक 11 लोगों ने अयोध्या जाने के लिए कराई टैक्सी बुक



फाइल फोटो

नए साल की आहट के साथ ही स्वागत एवं जश्न की जोरशोर से तैयारी शुरू हो गई है। ट्रैवल्स कंपनियों के संचालक वीएस बघेल ने बताया कि इस बार सबसे अधिक अयोध्या जाने के लिए लोग टैक्सी बुक करा रहे हैं। कुछ लोग मथुरा व खाटू श्याम के लिए बुकिंग करा रहे हैं। अभी तक 17 लोगों ने टैक्सी के लिए बुकिंग कराई है। जिसमें सबसे अधिक 11 लोगों ने अयोध्या, 5 लोगों ने मथुरा व दो लोगों ने खाटूश्याम के लिए बुकिंग की है। यह संख्या ओर बढ़ सकती है।

### भोपाल से चेन्नई

भोपाल से 12 ट्रेनें दक्षिण भारत जाती हैं। इनमें 24 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच सीट उपलब्ध नहीं है। इन ट्रेनों में स्लीपर में 38, थर्ड एसी में 28 और सेकंड एसी में 17 वेटिंग है।

### भोपाल से गोवा

गोवा जाने के लिए भोपाल से सीधी दो ट्रेन गोवा एक्सप्रेस व मंगला एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग की स्थिति देखने को मिल रही है।

### ट्रेनों में वेटिंग के हालात

नए साल के जश्न के लिए अयोध्या जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस में 30 दिसंबर से 7 जनवरी के बीच 90 के आस-पास वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। इसी तरह गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस इस बीच करीब 74 से अधिक की वेटिंग देखने को मिल रही है। वैष्णोदेवी, जम्मू कश्मीर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस में 110 के ऊपर वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। इसी तरह भोपाल से मुंबई रूट पर भोपाल से जाने वाली लगभग सभी ट्रेनों में 24 दिसंबर से 5 जनवरी तक 56 से लेकर 180 तक वेटिंग है। भोपाल से मुंबई जाने वाली ट्रेनों के थर्ड एसी में वेटिंग 50 से 75 और सेकंड एसी में 30 से 45 तक है।

## वार्ड में भर्ती मरीजों को इलाज के लिए जरूरत पड़ने पर नर्स और डॉक्टर को ढूंढ़ना पड़ रहा, जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

**चरमर्रा रही हैं स्वास्थ्य सुविधाएं**

# प्रदेश के मॉडल अस्पताल जेपी के ये हाल... मरीजों को न दवाएं मिल रहीं, न बेडशीट, स्टाफ भी नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के जेपी अस्पताल के टीबी वार्ड में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमर्रा रही है। हालत यह है कि दवाएं मिलना तो दूर, वार्ड में भर्ती मरीजों को जरूरत पड़ने पर नर्स और डॉक्टर को ढूंढ़ना पड़ रहा है। बेड शीट गंदी और फटी हुई हैं। भोजन की गुणवत्ता ठीक नहीं है। शुक्रवार की रात 9 बजे हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंची तो यहां व्यवस्थाओं की हालत खस्ता थी और मरीज परेशान दिखाई दिए।

वार्ड में टीबी मरीजों के बेड की चादर रोजाना बदली जानी चाहिए, लेकिन इसे चार दिन बाद भी नहीं बदला जा रहा है। बेड पर चादर जगह-जगह से फटी और गन्दी हैं। ऐसे में मरीज मजबूरी में गंदी चादर को ही बिछाकर लेटे थे। इतना ही नहीं, जब हरिभूमि टीम ने मरीजों से बात की तो उन्होंने बताया कि पिछले चार दिन से भर्ती हैं, लेकिन चादर बदलने कोई नहीं आया। इधर, मरीजों के साथ हो रही इस लापरवाही पर जय प्रकाश जिला अस्पताल के अधीक्षक संजय जैन का भी ध्यान नहीं है।

*चार-चार दिन तक नहीं बदली जा रही पलंग की चादरें*

*वार्ड में भर्ती दो दर्जन से ज्यादा मरीज और परिजन हो रहे परेशान*




वार्ड के कंट्रोल रूम में स्टाफ मौके पर उपस्थित नहीं मिला।

### पांच में से एक ही दवा, बाकी बाहर से खरीदने को कहा

अस्पताल में भर्ती मरीजों ने बताया कि पांच प्रकार की दवाएं डॉक्टर लिखते हैं तो केवल एक ही मिलती है। बाकी दवा बाजार से खरीदकर लाने को कहा जाता है।



पलंग की चादरें फट चुकी है। उनकी धुलाई नहीं हुई।



वार्ड में भर्ती मरीज।

### ड्रिप निकालने कोई नहीं

हरिभूमि टीम ने रात में टीबी वार्ड के निरीक्षण के दौरान पाया कि यहां न तो नर्स थीं और न ही डॉक्टर। कई परिजन तो ऐसे मिले, जिनके मरीजों को ड्रिप लगी थी और उसे निकलवाना था। वे नर्स को ढूंढ रहे थे, लेकिन मौके पर नर्स मौजूद नहीं थीं।

### जिम्मेदारों ने अटैंड नहीं किए मोबाइल कॉल

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन से इस संबंध में जानकारी के लिए मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ने ही कॉल अटैंड नहीं किए।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### एथर रिज़्टा की 2 लाख से अधिक यूनिट्स बिकीं

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी लिमिटेड के फैमिली स्कूटर, रिज़्टा की 2 लाख से अधिक यूनिट बिक चुकी हैं। रिज़्टा ने बाजार में उतरने के एक साल के अंदर यह उपलब्धि हासिल कर ली है। यह उपलब्धि मई 2025 में रिज़्टा की 1 लाख यूनिट्स बिकने के बाद छह महीने के अंदर ही हासिल हो गई, जिससे भारत में रिज़्टा की लगातार बढ़ती हुई और जबरदस्त मांग प्रदर्शित होती है। रिज़्टा अप्रैल 2024 में लांच किया गया था। इसके बाद रिज़्टा ने एथर को दक्षिण के बाहर भी मजबूत स्थिति में ला दिया।

### खजांची को 548.6 करोड़ का राजस्व हुआ प्राप्त

**मुंबई।** इनवेस्ट4एड्यू ने खजांची ज्वेलर्स पर कवरेज अपडेट शुरू किया। खज़ांची ज्वेलर्स की जारी वाय रेटिंग लक्ष्य मूल्य को पहले के 805 से बढ़ाकर 900 रुपए कर दिया है। वर्तमान में स्टॉक 734 पर ट्रेड कर रहा है, और ब्रोकरेज मजबूत कमाई, मार्जिन विस्तार और संतुलित होलसेल–रिटेल ग्रोथ रणनीति के आधार पर 23 फीसदी की बढ़त की संभावना देख रहा है। कंपनी ने 548.6 करोड़ का राजस्व दर्ज किया। एबिटडा सालाना आधार पर 113.3 फीसदी बढ़कर 32.3 करोड़ और शुद्ध लाभ 119.5 फीसदी बढ़कर 23.5 करोड़ हो गया।

### वॉर्नर ब्रदर्स के नए शो ओम नॉम के स्टोरीज लांच

**मुंबई।** वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी साल के अंत को कार्टून नेटवर्क और पोगो पर नई कहानियों की धूम के साथ खास बना रहा है। किड्स चैनल्स नए शो के साथ-साथ डिस्कवरी किड्स पर फैंस के पसंदीदा कार्यक्रमों के ताज़ा एपिसोड भी पेश कर रहे हैं। 15 दिसंबर से अपने नए शो ओम नॉम स्टोरीज के लांच के साथ फन-टेनमेंट सीज़न की शुरुआत करने जा रहा है।

### हॉरर-कॉमेडी 'सिहरन' का ट्रेलर लांच

**मुंबई।** ओम शिवाय फिल्म्स ने अपनी आगामी हॉरर-कॉमेडी 'सिहरन' का आधिकारिक ट्रेलर लांच कर दिया है। प्रशंसित फिल्म निर्माता मनीष कुमार वर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 12 दिसंबर 2025 को पैन-इंडिया रिलीज होने जा रही है। ट्रेलर लांच इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है। निर्माता हरि नारायण चौरसिया ने कहाकि फिल्मों में अक्सर लोगों को पान खाते हुए दिखाया जाता है।

भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन

# यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संदेश देगा : ओम बिरला

योगऋषि रामदेव और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर के मार्गदर्शन में हर मास-एक उपवास का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


सम्मेलन का शुभारंभ करते बाबा रामदेव और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें योग और उपवास के दो प्रसिद्ध संत-योग ऋषि रामदेव महाराज और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के मार्गदर्शन में एक जन आंदोलन हर मास - एक उपवास शुरू किया गया। यह द्वि-दिवसीय सम्मेलन 4 सत्रों में जनमंगल की सम्यग्दृष्टि -उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन पर केंद्रित है। दोनों युग-पुरूषों ने जनमंगल के लिए हर मास एक उपवास महाभियान से मानवता को समस्त सिद्धिदायक महामंत्र देने का संकल्प किया है।

सम्मेलन में अध्यक्षीय उद्बोधन में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि भारत मंडपम की यह भूमि आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विज्ञान का अद्भुत साक्षी बन रहा है। पूज्य अंतर्मना ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विज्ञान, वैयक्तक विकास व आत्म विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इनका तप-तपस्या अद्भुत है। यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संदेश देगा। देश की राजधानी दिल्ली से देश को संदेश जाएगा और देश से दुनिया तक यह बात पहुंचेगी। जहां एक ओर आचार्य प्रसन्न सागर महाराज आध्यात्मिक ज्ञान का दर्शन देकर आत्म विकास का मार्ग बता रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर स्वामी रामदेवमहाराज कर्मयोग, भारतीय शिक्षा, स्वदेशी जीवन और योग विज्ञान के माध्यम से देश व दुनिया को स्वास्थ्य प्रदान कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि उपवास से शरीर व मन स्वस्थ रहते हैं, इससे इन्द्रियों को वश में किया जा सकता है। इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन समसामायिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक माह-एक उपवास का संकल्प लेते हुए कहा कि मैं भी माह में एक बार उपवास करूंगा। कार्यक्रम में प्रसन्न सागर महाराज ने कहा कि उपवास आत्मिक ऊर्जा को जगाने वाला दिव्य साधन है। उपवास का उद्देश्य तन, मन व आत्मा को शुद्ध करना है। उपवास तन की स्वच्छता, मन के परिशोधन, जीवन के पुनर्गठन व जीवन के उत्थान का सर्वोत्तम साधन है। उपवास के दौरान भावनाएं नियंत्रित होती हैं, क्रोध घटता है, मन शांत होता है और ध्यान गहरा होता है। व्यक्ति नकारात्मक विचारों से मुक्त होकर सकारात्मकता और मानसिक स्थिरता का अनुभव करता है।

सम्मेलन में रामदेव ने कहा कि हर मत, पंथ, परम्परा, धर्म, अनुष्ठान और शुभ प्रसंग में उपवास का समान रूप से प्रावधान और महत्व है। उपवास से शरीर, मन और अंतःकरण की शुद्धि होती है जिससे मनुष्य जीते जी जीवन से मुक्त हो जाता है। उपवास से मनुष्य सहज योग व सहज समाधि को उपलब्ध हो जाता है। शरीर के तप, वांग्मय तप और मन के तप की सिद्धि उपवास उपासना से होती है। इसलिए सप्ताह मे न सही तो कम से कम माह में एक बार तो उपवास का संकल्प सब आज यहां से लेकर जाएं। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि यह भारत मंडपम में कोई तीर्थ यात्रा चल रही है। सभी इस तीर्थ का लाभ लें। हर माह एक उपवास महायात्रा की शुरूआत महापुरुषों की उपस्थिति में हुई है लेकिन मेरा मानना है कि प्रत्येक सप्ताह एक उपवास होना चाहिए, यह हमारे और हमारे समाज दोनों के लिए यह जरूरी है। सम्मेलन में भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन. पी. सिंह, आचार्य लोकेश मुनि, महंत बालकनाथ योगी महाराज, बाबा सत्यनारायण मौर्य और पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने उपवास विज्ञान पर व्याख्यान दिए। डॉ. यशदेव शास्त्री, साध्वी देवप्रिया, बहन ऋतम्भरा भी कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

भोपाल मंडी टीम ने पकड़ा अवैध परिवहन करते 51.75 क्विंटल महुआ

# 12344 रुपए का मंडी शुल्क जमा कराकर किया वाहन को मुक्त



मंडी में खड़ा ट्रक

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल, आंचलिक कार्यालय के उपसंचालक श्रीमती संगीता झानिया (आईएएस) के नर्देश पर मंडी समिति भोपाल के सचिव प्रवीण वर्मा के द्वारा गठित आकस्मिक निरीक्षण दल ने अवैध परिवहन करते हुए 51.75 क्विंटल महुआ पकड़ा और 12344 रुपए का मंडी शुल्क जमा कराकर वाहन को मुक्त किया। जानकारी के अनुसार महुआ के का व्यापार करने वाले लाइसेंसी व्यापारी साहू ट्रेडर्स कन्नौद जिला देवास के द्वारा 125 बोरा यानी 51.75 क्विंटल महुआ वाहन क्रमांक एमएच 48 एजी 8270 में गंगोत्री कोल्ड स्टोरेज लम्बाखेड़ा भोपाल से भर कर विक्रय करने के लिए ओम ट्रेडिंग बुरहानपुर को बिना अनुज्ञा पत्र के परिवहन किया जा रहा था। जिसमें मंडी भोपाल की निरीक्षण दल में शामिल जीवन सिंह राजपूत,उदय नारायण शुक्ला सहायक उप निरीक्षक ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुए वाहन का पकड़ा और वाहन चालक के पास परिवहन के लिए वैध अनुज्ञा पत्र की मांग की। जो कि चालक के पास नहीं थे। फलस्वरूप वाहन चालक शेख अफजल बुरहानपुर के कथन लेकर और वस्तु स्थिति का पंचनामा तैयार कर मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत मंडी शुल्क वसूली की कार्यवाही करने के लिए वाहन को मंडी कार्यालया लाया गया। जिसके बाद उपसंचालक /सचिव मंडी भोपाल के प्रवीण वर्मा ने राधिका प्रसाद गुप्ता मंडी निरीक्षक को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। मंडी समिति भोपाल की निरीक्षण शाखा में पदस्थ किरण ठाकुर सहायक उप निरीक्षक ने कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के तहत पांच गुना मंडी शुल्क 6344 रुपए मंडी अधिनियम की धारा 53 के तहत समझौता शुल्क 5000 रुपए एवं शास्ति की राशि 1000 रुपए की रसीद क्रमांक 5819/44 के तहत कुल 12344 रुपए की राशि मंडी कार्यालय में जमा करा कर वाहन को साहू ट्रेडर्स कन्नौद के आवेदन पर वाहन को मुक्त किया गया।

# फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स और एनएसआईसी ने की संयुक्त रूप से जागरुकता कार्यशाला



कार्यशाला

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई ) क्षेत्र में डिजिटल मार्केटिंग एवं ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमएसएमई टीम इनीटीटिव एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन फेडरेशन ऑफ एमपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एवं राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी ) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसका उद्देश्य प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को ओएनडीसी जैसे ओपन नेटवर्क के माध्यम से नए बाजारों तक पहुंच, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपस्थिति तथा विपणन के नए अवसरों से अवगत कराना है।

### फेडरेशन के अध्यक्ष ने ओएनडीसी की आवश्यकता एवं विशेषता के बारे में बताया

कार्यक्रम पंजीयन एवं किट वितरण के साथ प्रारंभ हुआ। जिसके पश्चात उद्घाटन सत्र में एनएसआईसी एवं एमएसएमई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों फैसल हुसैन एवं तिर्के ने डिजिटल प्लेटफार्म एवं एमएसएमई की स्कीम के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने ओएनडीसी की आवश्यकता एवं विशेषता के बारे में बताया।

### उद्यमियों को दी पंजीकरण प्रक्रिया तथा ओएनडीसी नेटवर्क से जुड़ने की जानकारी

इसके पश्चात एनएसआईसी तथा नेटवर्क पार्टिसिपेंट्स (एसएनपी ) के विशेषज्ञ अश्विनी चौरसिया ने टीम इनीटीटिव के विभिन्न घटकों - जैसे डिजिटल कैटलॉगिंग, ओएनडीसी नेटवर्क पर ऑनबोर्डिंग, लॉजिस्टिक्स एवं पैकेजिंग सहायता, डिजिटल मार्केटिंग तथा एमएसएमई के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में उद्यमियों को उद्यम पंजीकरण टीम पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया तथा ओएनडीसी नेटवर्क से जुड़ने की चरणबद्ध जानकारी भी दी। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों का सम्मान, आभार प्रदर्शन किया गया। इस कार्यशाला में भागीदारी से प्रदेश के डै एमएसएमई को देशव्यापी ग्राहक आधार तक पहुंच, ई-कॉमर्स संचालन में हैंडहोल्डिंग सपोर्ट तथा कम लागत पर डिजिटल मार्केटिंग के अवसर प्राप्त होंगे।

कार्यशाला में बोले चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्तिक

# कर सलाहकारों को अपने प्रोफेशन को एक व्यवसाय जैसे चलाना चाहिए




वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यशाला में चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्तिक चावला ने उपस्थित कर सलाहकारों को अपने कार्य को एक व्यवसायी के नजरिया से चलाने का परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि जैसे कोई व्यवसायी अपने खर्चों के बाद निश्चित लाभ की राशि जोड़कर अपनी विक्रय राशि तय करता है। उसी प्रकार कर सलाहकारों को भी अपनी सेवाओं की लागत का आकलन करने के बाद उसमें अपना लाभ जोड़कर फीस का निर्धारण करना चाहिए तथा काम मैं निपुण स्टाफ रखना भी आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित कर सलाहकारों को अपनी आय बढ़ाने के बारे में प्रैक्टिकल सूत्र दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कर सलाहकार को कानून की बारिकियों के बारे में अपडेट रहना चाहिए ,तभी वह अपने क्लाइंट का सही मार्गदर्शन कर सकता है एवं विभागीय कार्वाई में उसका बचाव कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सलाहकारों को बहुत सारे क्षेत्र में काम ना करते हुए किसी विशेष क्षेत्र में निपुणता प्राप्त करना चाहिए, जिससे कि वह अपनी आय में वृद्धि कर सकता हैं । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, बच्चन आचार्य ,सचिव मनोज परख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, सहसचिव संदीप चौहान, वरिष्ठ सदस्य गोविंद वसंता, मनीष त्रिपाठी ,नरेश बालानी, संतोष शाक्य, हेमंत जैन आदि उपस्थित थे।

लोगों के लिए मनोरंजन, व्यापारियों के लिए आर्थिक लाभ का स्रोत

# भोपाल उत्सव मेले में सेल्फी, शॉपिंग और एंटरटेनमेंट का है बड़ा धमाल!

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल


मेला स्थल

क्या आप भी कुछ नया और मजेदार अनुभव करना चाहते हैं, तो टीटी नगर दशहरा मैदान में 33 वें भोपाल उत्सव मेला में आपके लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां ना सिर्फ शानदार खरीदारी का मौका मिलेगा, बल्कि खास आकर्षण स्थल और सेल्फी प्वाइंट्स का भी लुत्फ उठा सकते हैं। भोपाल उत्सव मेला का आयोजन जो लोगों के लिए मनोरंजन और व्यापारियों के लिए आर्थिक लाभ का स्रोत बन गया है। मेले में देशभर से व्यापारी अपने विशेष उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं, जिससे स्थानीय लोग खरीदारी के साथ ही नए अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

इसके अलावा भी अन्य कई प्रकार के सामान का स्टाल पर जहां लोग अपनी पसंद के सामान की खरीदारी कर सकते हैं। चारों ओर तेज आवाज़ों, हंसी-मजाक, संगीत और लाउडस्पीकरों की घोषणाओं का एक अनूठा शोरगुल हर चेहरा उत्सुकता और आनंद से भरा, लोग एक-दूसरे से टकराते, फिर हंसकर आगे बढ़ जाते थे।

मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि यहां स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों के साथ खाने-पीने की वस्तुएं भी उपलब्ध हैं, जिससे मेले में आकर लोग अच्छा समय बिता रहे हैं। यहां पर युवाओं के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जहां वे आकर्षक डिजाइन के साथ सेल्फी ले सकते हैं। वहीं,झूले पर चढन्े के लिए लोगों की लंबी कतारें और झूले पर बैठे लोगों की डर और रोमांच से भरी चीखें हवा में गूंज रही थी। मेले में विभिन्न प्रकार के फर्नीचर और दरी-कालीन-गलीचा के स्टॉल लगाए गए हैं। यह विशेष रूप से लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। बांस, मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस के बने आइटम व फर्नीचर लोगों को खूब भा रहे हैं. जहां गलीचा की रेंज 150 से शुरू होकर 5,000 रुपये तक है। वहीं, फर्नीचर और डेकोरेटिव आइटम की न्यूनतम मूल्य 20 रुपए से शुरू होकर दो लाख रुपए तक रखी गई है।

### बच्चों के मनोरंजन का है खास प्रबंध

बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी इस मेले में एक से एक बढ़िया चीजें देखने को मिलेंगी। यहां कई प्रकार के झूले, टॉय ट्रेन, मूविंग गाड़ियों के साथ एयर जंपर इत्यादि की व्यवस्था की गई है। बच्चे और युवा इसे खूब पसंद कर रहे हैं।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण ग्रुप के संस्थापक की 86वीं जयंती पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**भोपाल।** राधारमण ग्रुप के संस्थापक राधारमण सक्सेना की 86वीं जयंती पर शुक्रवार को राधारमण परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जयंती कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थापक के आदर्शों और शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को स्मरण करना रहा। सुबह संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। परिसर में हुए सुंदरकांड पाठ के दौरान कर्मचारियों, फैकल्टी सदस्यों और छात्रों ने उपस्थित रहकर सहभागिता की। कार्यक्रम में राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव राधारमण सक्सेना, इंजीनियर प्रवीण सक्सेना तथा ग्रुप के सभी डायरेक्टर्स मौजूद रहे। ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव राधारमण सक्सेना ने कहाकि ग्रुप के संस्थापक राधारमण सक्सेना द्वारा स्थापित मूल्य ही राधारमण की पहचान हैं। हम उनकी शिक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### धनवेस्टर ने किया 2026 की रणनीतिक रोडमैप का अनावरण


अनुष्का सोहम बाथवाल

**मुंबई।** भारत के महिला-नेतृत्व वाले पोर्टफोलियो प्रबंधन और म्यूचुअल फंड वितरण प्लेटफॉर्म धनवेस्टर ने अपने 2026 के रणनीतिक रोडमैप की घोषणा की, जो महिलाओं के लिए एक भरोसे-आधारित, उपयुक्तता-केन्द्रित वेल्थ इकोसिस्टम तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है। यह रोडमैप सलाहकारी प्रक्रियाओं, गवर्नेंस मानकों और निवेशक अनुभव डिजाइन में कई सुधारों को रेखांकित करता है । रोडमैप के तहत, धनवेस्टर अपनी सलाहकारी संरचना को और मजबूत करेगा, जिसमें गहन जोखिम आकलन मॉडल, परिष्कृत उपयुक्तता ढांचे और पीएमएस तथा म्यूचुअल फंड वितरण रणनीतियों के लिए स्पष्ट, लक्ष्य-आधारित आवंटन मार्ग शामिल हैं। धनवेस्टर की संस्थापक एवं सीईओ, अनुष्का सोहम बाथवाल ने कहाकि भारत की महिलाएं अब धन-सृजन में दर्शक नहीं रहीं; वे अपने वित्तीय भविष्य की सक्रिय निर्माता बन रही हैं। हमारा 2026 सलाहकारी रोडमैप इसी बदलाव को दर्शाता है-जो उत्पाद-केंद्रित शोर की बजाय स्पष्टता, अनुशासन और दीर्घकालिक संरेखण को प्राथमिकता देता है। साथ ही, धनवेस्टर अपने पीएमएस और म्यूचुअल फंड वितरण से जुड़े विकसित होते मानकों के अनुरूप गवर्नेंस एवं निवेशक संरक्षण ढांचे को भी और मजबूत करेगा। बाथवाल ने आगे कहाकि महिलाओं की निवेश व्यवहार की नींव 'विश्वास' है। हमारे लिए गवर्नेंस को मजबूत करना कोई नियामक बाध्यता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है।

### सैनी ने एक्सकॉन 2025 में किया मशीनरी लाइन-अप का अनावरण

**बेंगलुरु।** सैनी इंडिया ने एक्सकॉन 2025 में अब तक के सबसे शक्तिशाली और उन्नत मशीनरी लाइन-अप का अनावरण करते हुए एक निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार है। यह वर्ष सैनी इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि कंपनी गति, स्थिरता, लागत दक्षता और बड़े पैमाने पर निष्पादन के लिए निर्मित अगली पीढ़ी के उपकरण पेश कर रही है, जो भारत के राष्ट्रीय विज़न 'विक्सित भारत @2047' के अनुरूप है। सैनी इंडिया की नई उत्पाद श्रृंखला में एक्स्केवेशन, होस्टिंग, माइनिंग, हेवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक लॉजिस्टिक्स और इलेक्ट्रिक फोर्कलिफ्ट्स शामिल हैं, जो सटीक इंजीनियरिंग, डिजिटल इंटेलिजेंस और पर्यावरण-अनुकूल प्रदर्शन पर केंद्रित है।

### विंटर टेल्स 2025 शिलांग में शुरू स्थानीय शिल्प स्थिरता और समुदाय का उत्सव



**शिलांग।** विंटर टेल्स 2025 का छठा संस्करण शिलांग के वार्ड्स लेक में शुरू हुआ। यह आयोजन पर्यटन विभाग, मेघालय सरकार की पहल है, जिसे द मेघालयन एज लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया है और डाक-ति द्वारा संजोया गया है। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वर्ष का विषय नर्चर है, जो संस्कृति, शिल्प, समुदाय और भूमि के आपसी संबंधों को दर्शाता है। यह बताता है कि किस प्रकार स्थानीय जीवनशैली और परम्पराएं पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहती हैं। विंटर टेल्स 2025 की अवधारणा पांच उंगलियों" के प्रतीक पर आधारित है। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यटन मंत्री टिमोथी डी. शिरा द्वारा स्थल के भ्रमण से हुई।

### सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो में युवा कर रहा है एआई का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अब भारत के डिजिटल परिवर्तन का अहम बिंदु बन चुकी है यह सुरक्षा, पहुंच और रोजमर्रा के सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है। इसी बदलाव को देखते हुए, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो 2025, आईआईटी दिल्ली के सहयोग में देश भर के हजारों छात्रों को एक मंच पर लेकर आया, ताकि वे थीम "सुरक्षित, स्मार्ट और समावेशी भारत के लिए एआई के तहत वास्तविक दुनिया की एआई समस्याओं के समाधान डिजाइन कर सकें। प्रतिभागियों को एफआईटीटी लैब्स, शिक्षा और उद्योग के मेंटर्स तथा संवेदना-आधारित, जिम्मेदार एआई पर केंद्रित डिजाइन-थिंकिंग ट्रेनिंग मिली। 2010 से अब तक 68 देशों में 2.9 मिलियन यंग इनोवेटर्स के साथ, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो भारत में लगातार अगली पीढ़ी के समस्या हल करने वालों को आकार दे रहा है।

मार्केट आउटलुक 2026 जारी

# उथल-पुथल के बीच इक्विटी मार्केट होगा मजबूत और चमकेगा सोना : कोटक नियो



एजेंसी ⏭ मुंबई

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड (कोटक नियो) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया है, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार और कमोडिटी (जैसे सोना) में मजबूती की उम्मीद जताई गई है। रिपोर्ट में आने वाले साल में निवेशकों के ध्यान देने लायक बड़े आर्थिक रुझान, सेक्टर के अवसर और कमोडिटी के अनुमान बताए गए हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी एंड सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ग्रोथ का मजबूत केंद्र बना हुआ है। हमारी इक्विटी पर राय पॉजिटिव है, क्योंकि कॉर्पोरेट अर्निंग अच्छी रहने की उम्मीद है और नीतिगत माहौल भी सहयोगी है। 2026 में सोना एक सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में अपनी चमक बनाए रखेगा।

उन्होंने आगे कहा कि लेटेस्ट सेबी सर्वे के अनुसार 63 फीसदी परिवार कम से कम एक सिक्योरिटीज मार्केट प्रोडक्ट के बारे में जानते हैं, लेकिन सिर्फ 9.5फीसदी परिवार ही वास्तव में निवेश करते हैं।

**कार्यालय नियंत्रक शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म.प्र. भोपाल**

क्रमांक जी.बी. /चार/पेपर (12) 2025/1021 — भोपाल, दिनांक 10/12/2025

:: निविदा सूचना ::

ऐसे प्रिन्टर्स एवं निमार्ता जिन्हें डायरी मुद्रण, विनिर्माण उत्पादन का पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता रखने वाले इच्छुक निविदाकारों से मध्यप्रदेश शासन 2026 की "शासकीय डायरी" के तकनीकी विवरण में उल्लेखित आवश्यकता की पूर्ति करने वाले निविदाकारों से पेपर सहित मुद्रण, बंधन एवं परिवहन एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय करने हेतु MPSEDC विभाग की वेबसाईट www.mptenders.gov.in से ऑनलाईन की-ड्रेटस अनुसार निविदाएं दिनांक 18-12-2025 को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

1. सूचना, तकनीकी विवरण, नियम एवं शर्तो को विभाग की वेबसाईट www.govtpressmp.gov.in. पर भी अवलोकन हेतु रखा गया है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन / सुधार / परिवर्तन होने की सूचना www.mptenders.gov.in पर ही उपलब्ध होगी।

(नियंत्रक द्वारा अनुमोदित)

संयुक्त संचालक (वित्त)
वास्ते नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म.प्र. भोपाल

G-22619/25 — " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

## चिंतन

# अब बर्थ टूरिज्म पर ट्रंप की टेढ़ी नजर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार इमिग्रेशन नियमों को सख्त करते जा रहे हैं। इससे भारत समेत तमाम देशों पर असर पड़ रहा है। इस साल जनवरी से अब तक करीब 85,000 वीजा रद्द किए जा चुके हैं। इनमें 8,000 से ज्यादा छात्र शामिल हैं। वीजा रद्द करने का आधार नशे में गाड़ी चलाना, चोरी और हमला जैसे अपराध बताया गया है। अब ट्रंप की टेढ़ी नजर 'बर्थ टूरिज्म' पर है। 'बर्थ टूरिज्म' उसे कहा जाता है, जब बच्चे को जन्म देने के उद्देश्य से मां-बाप किसी दूसरे देश की यात्रा करते हैं। इससे बच्चे को पैदा होते ही वहां की नागरिकता मिल जाती है। अमेरिका में 14वें संशोधन के तहत, अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चे स्वतः अमेरिकी नागरिक बन जाते हैं। यह बदलाव भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता का विषय है, खासकर उन लोगों के लिए जो अमेरिका में रह रहे हैं या वहां जाने की योजना बना रहे हैं। अब ट्रंप प्रशासन ने उन महिलाओं को वीजा नहीं देने का फैसला लिया है, जो महज अमेरिकन नागरिकता पाने के लिए वहां जाकर बच्चे को जन्म देना चाहती हैं। ट्रंप प्रशासन ने ऐसे आवेदकों को बी-1/बी-2 टूरिस्ट वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है, जिन पर बच्चे को जन्म देने के लिए यात्रा करने का शक है। अब अगर कोई महिला गर्भावस्था के ऐसे वक्त में ट्रैवल वीजा मांगती है, जब अमेरिका में रहने के दौरान वह मां बन सकती है तो ऐसे में उसका वीजा रद्द किया जा सकता है। 'बर्थ टूरिज्म' रोकने के लिए ट्रंप प्रशासन के इस ऐलान के बाद वीजा के लिए अप्लाई करने वाली शादीशुदा या प्रेग्नेंट महिलाओं की जांच-पड़ताल बढ़ जाएगी। हालांकि ट्रंप का आदेश अभी लागू नहीं हुआ है, क्योंकि इसे कानूनी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। यह फैसला लागू होता है तो इससे भारतीय बड़े पैमाने पर प्रभावित हो सकते हैं। चूंकि अमेरिका में आईटी और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भारतीय बड़ी संख्या में नौकरी करते हैं। ऐसे भारतीयों के परिवार लगातार यात्रा करते हैं। ट्रंप प्रशासन का फैसला उन भारतीय महिलाओं की मुश्किल बढ़ाएगा, जो गर्भवती होते हुए वीजा चाहती हैं। हालांकि उनका बर्थ टूरिज्म जैसा कोई इरादा नहीं है। देखने में आ रहा है कि ट्रंप प्रशासन अवैध प्रवासियों और वीजा के मामले में लगातार सख्ती बढ़ाता जा रहा है। वीजा फीस बढ़ाने जैसे कई फैसले हालिया महीनों में लिए जा चुके हैं। इससे पहले अमेरिका का नया वीजा नियम सीधा लोगों की सोशल मीडिया प्रोफाइल से जुड़ा है। अब एच-1बी वीजा लेने वाले, या पहले से काम कर रहे लोग और उनके परिवार तक, वीजा जांच में अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और लिंक्डइन को पब्लिक रखना होगा। मतलब, अमेरिकी अधिकारी आपके पुराने पोस्ट, फोटो, कमेंट, यहां तक कि आपका रिज्यूमे भी चेक कर सकते हैं। इसी वजह से भारतीय वीजा आवेदकों में डर फैल गया है, क्योंकि अमेरिका में 70 फीसदी से ज्यादा एच-1बी वीजा भारतीयों को मिलते हैं। वहीं, एच-4 वीजा पर काम करने वाले लोग भी 90 फीसदी तक भारतीय हैं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि यह नियम अमेरिकी नागरिकता के दुरुपयोग को रोकने के लिए है, लेकिन इसका बड़े स्तर पर विरोध भी हो रहा है। यह देखना होगा कि यह नियम कैसे लागू किया जाता है और इसका क्या प्रभाव पड़ता है।



सरकार के 2 साल

सुरेश पचौरी

# मप्र विकसित व आदर्श राज्य की ओर

सीएम डॉ. यादव ने कहा था कि हमारी सरकार जनता की भलाई की दिशा में इतने ज्यादा उल्लेखनीय कार्य करेगी, जिससे मध्यप्रदेश विकास का एक अनुकरणीय मॉडल बनेगा। फिलहाल डॉ. यादव अपने कथन को फलीभूत करने में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ जी-जान से कटिबद्ध हैं। वे अपने उन सत्संकल्पों की प्रतिपूर्ति के लिए न सिर्फ शिद्दत के साथ लगे हुए हैं, बल्कि एक सदाशयी जननेता के रूप में मध्यप्रदेश को हर क्षेत्र में ऊंचाइयों की ओर ले जाने की पुरजोर काशिश कर रहे हैं। आज मध्यप्रदेश में चतुर्दिक विकास का पहिया घूमता हुआ आपको नजर आएगा।

मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गतिशील सरकार 13 दिसंबर 2025 को अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे कर रही है। इस अवधि पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि विगत 2 वर्षों में सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी नीतियों, सतत संचालित विकास कार्यों तथा योजनाओं के लोकव्यापीकरण से प्रदेशवासियों का दिल जीतने में काफी हद तक कामयाबी हासिल कर ली है। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालने के ठीक बाद कहा था कि मेरी प्राथमिकताओं में समाज का वह सर्वहारा वर्ग प्रमुखता से शामिल है, जिसे सरकार से मदद की दरकार है और जिसने बड़ी आशा के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकहितैषी सरकार बनाने में अपना अहम योगदान दिया। उन्होंने यह भी कहा था कि हमारी सरकार जनता की भलाई की दिशा में इतने ज्यादा उल्लेखनीय कार्य करेगी, जिससे मध्यप्रदेश विकास का एक अनुकरणीय मॉडल बनेगा। फिलहाल डॉ. यादव अपने कथन को फलीभूत करने में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ जी-जान से कटिबद्ध हैं। वे अपने उन सत्संकल्पों की प्रतिपूर्ति के लिए न सिर्फ शिद्दत के साथ लगे हुए हैं, बल्कि एक सदाशयी जननेता के रूप में मध्यप्रदेश को हर क्षेत्र में ऊंचाइयों की ओर ले जाने की पुरजोर काशिश कर रहे हैं। आज मध्यप्रदेश में चतुर्दिक विकास का पहिया घूमता हुआ आपको नजर आएगा।

चाहे बिजली का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन हो, चाहे सड़कों का जाल बिछाने का सिलसिला हो, चाहे सिंचाई योजनाओं का विस्तार हो, चाहे उद्योग धंधों की स्थापना हो या फिर हर गांव में पीने का साफ पानी पहुंचाने की नल-जल योजना हो अथवा सुदूर आदिवासी इलाकों में शिक्षा व इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना हो, सरकार की ओर से आम आदमी को सुविधा तथा संसाधन उपलब्ध कराने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से प्रदेश के लाखों अन्नदाता किसान लाभान्वित हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जा रही अनेक योजनाएं तो देश के अन्य राज्यों के लिए नजीर बन चुकी हैं। डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार घोषणा पत्र में उल्लेखित एक-एक बिंदु को योजनाबद्ध तरीके से अमली जामा पहना रही है। शासन का लक्ष्य समूचे मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास कर उसे एक विकसित व आदर्श राज्य बनाने का है। मुख्यमंत्री ने तो सभी विधायकों से यहां तक कह दिया है कि आप अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए पूरे पांच साल का प्लान बनाकर हमें दीजिए, हम उसे पूरा करने के लिए भरपूर राशि उपलब्ध कराएंगे। मध्यप्रदेश को इस मामले में सौभाग्यशाली राज्य माना जा सकता है कि इसे जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन व वरदहस्त प्राप्त है तो दूसरी ओर है कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुशल नेतृत्व। प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री की नेतृत्व क्षमता पर पूरा भरोसा है और उन्होंने सार्वजनिक रूप से इसका इजहार भी किया है। प्रधानमंत्री मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में कई बार मध्यप्रदेश की सम-सामयिक उपलब्धियों का जिक्र कर चुके हैं। मुख्यमंत्री का कथन है कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत निर्माण के लिए ज्ञान (ज्ञान) गरीब,



युवा, अन्नदाता और नारी के सम्मान की जो बातें की हैं, वे हमारी सरकार के लिए ब्रह्मय वाक्य है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की जो गंगा प्रवाहित हो रही है उससे मध्यप्रदेश भी अछूता नहीं है। मोदी के मार्गदर्शन में संचालित केंद्रीय योजनाओं का मध्यप्रदेश को भरपूर लाभ मिल रहा है।

केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन से उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में मध्यप्रदेश देश में लगातार अग्रणी बना हुआ है। जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण) आयुष्मान भारत योजना आदि। विगत 2 वर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की बात की जाए तो मध्यप्रदेश में भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 11 लाख 46 हजार आवास से मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 8 लाख 64 हजार आवासों का कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रदेश में 80 लाख 52 हजार घरों तक नल कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में लगभग 85 लाख से अधिक हितग्राहियों को कुल 8 हजार 690 करोड़ से अधिक का लाभ प्रदान किया गया। प्रदेश के 82 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि की 1671.00 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। आयुष्मान निरामयम भारत योजनांतर्गत 3 लाख एक हजार 496 परिवारों के सदस्यों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 9.70 लाख गर्भवती महिलाओं का 512 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता उपलब्ध कराई गई।

भोपाल में पिछले दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन अंतर्गत अब तक 8.57 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव धरातल पर आ चुके हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सहायता योजनांतर्गत 1 लाख 52 हजार 353 हितग्राहियों को सहायता राशि रुपए 83844.39 लाख दी गई।

मध्यप्रदेश सरकार के सामने आने वाले दिनों में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ पर्व को सुसंपन्न कराने की एक बड़ी चुनौती है। इस धार्मिक समागम में देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इसे निर्विघ्न व गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कमर कस ली है। वर्ष 2025-26 में सिंहस्थ 2028 के लिए 67 आवासीय भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। सिंहस्थ के अवसर पर दुनिया भर से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं तथा तीर्थयात्रियों को किसी तरह की तकलीफ न होने पाए, इसके लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही है। प्रदेश के चित्रकूट, उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, ओरछा, मैहर आदि स्थानों को उनके प्राचीन गौरव, वैभव और गरिमा के अनुसार सजाया-संवारा जा रहा है। श्रीराम वन गमन पथ श्रीराम के कर्तव्य पालन और राष्ट्र निर्माण का समर्पण संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का आधार देगा। साथ ही राज्य शासन द्वारा उन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है, जहां श्रीकृष्ण के स्मृति चिन्ह विराजमान हैं। मध्यप्रदेश में नक्सल मोर्चे पर सबसे बड़ी कामयाबी दर्ज की गई है।

निःसंदेह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेशवासियों के हितों के मद्देनजर तमाम लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निष्ठापूर्वक राजधर्म निभा रही है तथा एक लोकप्रिय सरकार बनने की दिशा में निरंतर कदम बढ़ा रही है। भौगोलिक दृष्टि से देश के इस बड़े राज्य के सामने जहां तमाम चुनौतियां हैं, वहीं जनता की अनगिनत अपेक्षाएं भी हैं। सरकार चुनौतियों से भी निपट रही है और जनापेक्षाओं को भी पूरा कर रही है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## व्यंग्य

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# अपनी ऐसी किस्मत कहां कि मरने की खबर सुन सकें !

इस दुनिया में बहुत कम ऐसे किस्मत वाले हैं जो खुद की मौत की खबर सुन पाते हैं! यह ऐसा अवसर है जब मरने वाला अपने चाहने वालों और नफरत करने वालों की परख कर सकता है! हम जिस युग में जी रहे हैं या ये कहें कि जब तक हमारी सांस चल रही है, अपने स्वस्थ जीवन की प्रार्थना ईश्वर से करते रहते हैं। मैं कभी यह नहीं चाहता कि मुझे इतनी लंबी उम्र मिले कि बच्चों के कंधों का सहारा लेकर जीना पड़े। यूं तो वृद्धावस्था 60 के बाद परवान चढ़ने लगती है, जिसमें मैं चल पड़ा हूं। मैं जर्जर वृद्धावस्था की कल्पना मात्र से कांप जाता हूं। मैं यह कभी नहीं चाहता कि मुझे बीमारी की वजह से बड़े हॉस्पिटल में भर्ती होने का कष्ट झेलना पड़े। कारण यह कि बच्चे मुझे मरना नहीं देना चाहेंगे और डॉक्टर मुझे पूर्ण रूप से स्वस्थ करने से परहेज करेंगे! नतीजतन मुझे डॉक्टर की सलाह पर वेंटीलेटर पर रखे जाने का असहनीय खर्च बच्चों द्वारा उठाए जाने से मना भी नहीं किया जा सकेगा! यहां तक तो बात समझ में आती है। फिर मन घबरा उठता है कि वेंटीलेटर का नाम सुनते ही रिश्तेदार अथवा मित्र मंडली कभी भी मौत की झूठी खबर फैला सकते हैं! जब इस दुनिया में बड़े-बड़ों को ऐसे समाचारों से नहीं बख्शा गया तो मुझ जैसे छोटे ओहदे वाले की हैसियत ही क्या? वैसे बड़े-बूढ़ों की बातों पर विश्वास करें तो मौत की झूठी खबर इंसान को जिंदगी के कुछ अतिरिक्त दिन दे जाती है! तब मुझे ऐसा लगता है कि मेरी भी झूठी मौत की खबर कुछ लोगों की आंखें जरूर नम कर सकती है! ईश्वर द्वारा दिए गए जीवन-मरण के तय समय के अलावा वेंटीलेटर में दी जाने वाली बनावटी सांस किसी का गल्ला खाली कर जाती है तो किसी की दीवाली हो जाया करती है! हमारे एक मित्र ने ऐसी ही फेक मौत की खबर से अपने चाहने वालों को परखना चाहा। उसकी मौत की खबर फैला दी गई! खबर पाकर कुछ अंतिम दर्शन हेतु दौड़े चले आए। द्वार पर आकर अपने मित्र के चले जाने पर अफसोस जताने वाले फेक मृतक की नजरों में चढ़ गए। जो आए ही नहीं, सुनकर टाल गए, वे नजरों से उतर गए। वर्तमान दौर में किसी भी चीज या किसी की कही बात के पुख्ता होने की कोई गारंटी नहीं है ! इसी तरह फेक मौत की खबर फैलाने वाला मर ही गया हो, इस बात की भी कोई गारंटी नहीं! अतः लोग पहले एक-दूसरे से कन्फर्म करके ही अंतिम यात्रा में शामिल होने निकलते हैं! इसका दूसरा पक्ष बड़ा ही कष्ट देने वाला है। यदि मरने वाला किसी विधा में माहिर हो तो नजारा कुछ और ही होता है। घर वालों सहित पड़ोसी इस बात से बे-खबर होते हैं कि वेंटीलेटर में पड़ा उनका पारिवारिक सदस्य इस दुनिया में नहीं रहा! हमारे देश का मीडिया कई कदम आगे दौड़ते हुए चैनल में श्रद्धांजलि तक दे डालता है! जब परिजन नाराज होते हैं और जीवित होने का प्रमाण देते हैं तो वही मीडिया अफसोस जाहिर कर मरे को जिंदा कर देता है! कहने का मतलब यह कि सोशल मीडिया समय का इंतजार नहीं करता! कुछ होने के पहले या होने जैसा, होने का अंदेशा लगाकर 'ब्रेकिंग न्यूज' बनाने में देर नहीं करता! सोशल मीडिया के तारणहार व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक की महिमा ऐसे गाई जाती है जैसी हमें मनुष्य योनि में जन्म देने वाले ईश्वर की भी नहीं गाई जाती! किसी बीमारी की वजह से डॉक्टर ने यदि किसी को कम उम्र में भी वेंटीलेटर पर सुला दिया तो लोग चर्चा करने लगते हैं कि बस अब कुछ ही दिन शेष हैं! यह भी कहा जाने लगता है कि क्या पता फलाना जिंदा भी है या अस्पताल प्रबंधन अपना बिल बनाने के लिए ही जिंदा बता रहा है? व्हाट्सएप ग्रुप में गलती से मैसेज चला जाए तो श्रद्धांजलि और आरआईपी (रिप ) का दौर चल निकलता है! कोई इस बात की चिन्ता भी नहीं करता कि खबर की पुष्टि कर ली जाए। सभी के मन में बस यही उतावलापन रहता है कि सबसे पहले पुष्पांजलि देकर वह खुद को दिवंगत आत्मा का करीबी और सबसे अधिक शोक-संतप्त सिद्ध कर सके। दुनिया के बदले हुए रिवाजों को देखकर मुझे भी ऐसा लगने लगा है कि इस निष्ठुर संसार को अलविदा कहने अथवा यहां से कूच करने से पहले मेरी भी बिदाई की खबर आम हो जाए! ऐसा होने से मुझे यह समझने में सहूलियत होगी कि आखिर मेरी जिंदगी की कीमत क्या थी? साथ ही यह भी कि कौन हितैषी मेरी रवानगी की खबर पर शोक - संतप्त है और कौन नहीं। बड़ी गंभीर मुद्रा में सोचता हूं कि वे बड़े नसीब वाले हैं , जिनकी मौत की खबर उन्होंने जीते जी देखी या सुनी है! अपनी किस्मत ऐसी कहां, कि अपन भी जीते जी मरने का आनंद ले सकें! शायद अपन उन लोगों में से हैं जो, जी-जीकर रोज मर रहे हैं ! अपनी तरफ ध्यान देने वाला न तो कोई शुभचिंतक है और न ही मर जाने की खबर पर अट्टहास करने वाला ही दिखाई पड़ता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको मानें



संकलित

## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित

## प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़ियि पर पड़ी। चिड़ियि कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़ियि का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़ियि को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़ियि को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़ियि को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़ियि कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जलदी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें

सोशल मीडिया के लगातार उपयोग ने बच्चों में चिंता, अवसाद, नींद की कमी, साइबर बुलिंग, पढ़ाई में गिरावट, आत्मविश्वास में कमी, हिंसक या भ्रामक सामग्री का संपर्क जैसी समस्याएं तेज़ी से बढ़ाई हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई संस्थाओं ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिगों को प्लेटफॉर्म से दूर रखने में विफल रही हैं। इस बढ़ती चिंता के बीच दुनिया के दूसरे कोने से एक बेहद साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सामने आया, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट, टिकटॉक जैसे सभी प्लेटफॉर्म अब 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगे। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। - **पीयूष सिन्हा**, रायगढ़

## ट्रेंड

### हॉकी टीम को बधाई



एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 में इतिहास रचने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई! हमारी युवा और जोशीली टीम ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला कांस्य पदक जीता है। यह उपलब्धि देश के युवाओं को प्रेरित करती है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### वायु प्रदूषण राष्ट्रीय आपदा



वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपदा बन चुका है, जिसके खिलाफ़ तत्काल, व्यापक और निर्णायक राष्ट्रीय योजना की ज़रूरत है। यह हम सबकी ज़िम्मेदारी है जिसके नियंत्रण, समाधान और हमारे लोगों के भविष्य की रक्षा के लिए हम प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### वसुधैव कुटुंबकम्



भारतीय संस्कृति की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की विराट वैश्विक भावना मिलने-जुलने और मेल-मिलाप से ही फलीभूत होती है। दुनियाभर में आपसी एतबार से भाईचारा और भाईचारे से अमन-चैन आता है, जिससे हर किसी के लिए ख़ुशहाली लाने वाली तरक़्क़ी मुमकिन होती है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### शिवराज पाटिल को नमन



पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ राजनेता शिवराज पाटिल जी का निधन दुःखद। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें एवं दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति दें।

**- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# चीन गर्भनिरोधक दवाओं व उत्पादों पर कर लगाएगा

चीन तीन दशकों से भी अधिक समय में पहली बार जल्द गर्भनिरोधक दवाओं और उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) वसूलना शुरू करेगा। यह कदम दशकों तक अधिकतर परिवारों को एक बच्चे तक सीमित रखने के बाद उन्हें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के बीजिंग के प्रयासों के अनुरूप है। देश के नवीनतम मूल्य वर्धित कर कानून के अनुसार, एक जनवरी से ''गर्भनिरोधक दवाएं और उत्पाद'' कर-छूट की श्रेणी में नहीं रहेंगे। 'कंडोम' जैसे उत्पादों पर भी 13 प्रतिशत का सामान्य वैट लगेगा। बहरहाल, सरकारी मीडिया ने इस बदलाव को ज्यादा तवज्जो नहीं दी है लेकिन यह विषय चीनी सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रेंड कर रहा है। लोग मजाक में कह रहे हैं कि कोई बेवकूफ ही होगा जिसे यह समझ न हो कि बच्चा पालना, कर लगे कंडोम खरीदने से कहीं ज्यादा महंगा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गर्भनिरोधकों की कीमत बढ़ने से अनियोजित गर्भधारण और यौन संक्रमित रोगों में वृद्धि हो सकती है। 1980 से 2015 तक लागू रही चीन की एक-संतान नीति के दौरान भारी जुर्माने, दंड और कभी-कभी जबरन गर्भपात तक कराए जाते थे। तय सीमा से अधिक जन्मे बच्चों को कई बार पहचान संख्या नहीं दी जाती थी, जिससे वे प्रभावी रूप से 'गैर-नागरिक' बन जाते थे।



## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। "प्लैनेटोरियम" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं। तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।



लोकसभा में अनुराग ने लगाए गंभीर आरोप, पूरे विपक्ष को घेरा

# भारत का एक राज्य एंटी-सनातन धर्म का सिंबल बन गया, लोगों को मंदिर जाने के लिए भी कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा




## लोस में अब कई अन्य मुद्दों पर बहस चल रही

**तमिलनाडु में हिंदुओं पर लाठीचार्ज का आरोप**

वहां के मंत्री हिंदुओं के खिलाफ कुछ भी बोले रहे


संसद में अनुराग ठाकुर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में चुनाव सुधार और वंदे मातरम की चर्चा के बाद अब कई अन्य मुद्दों पर बहस जारी है। शुक्रवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने एक ऐसा मुद्दा उठा दिया जिससे सदन में हंगामा मच गया। दरअसल, अनुराग ने तमिलनाडु सरकार पर हिंदुओ पर लाठीचार्ज करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री सनातन धर्म के खिलाफ बयान दे रहे हैं। अनुराग ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मैं एक बहुत जरूरी मुद्दा उठाना चाहता हूं, जहां भारत का एक राज्य एंटी-सनातन धर्म का सिंबल बन गया है। उनके मंत्री सनातन धर्म के खिलाफ बयान दे रहे हैं। लोगों को मंदिर तक पहुंचने के लिए कोर्ट जाने पर मजबूर होना पड़ा। वहां की सरकार हिंदुओं को मंदिर में दीये जलाने से रोक रही है। जबकि, अदालत ने दीयए जलाने का आदेश दिया है। तमिलनाडू की सरकार वहां हिंदुओं को धार्मिक स्थलों से दूर कर रही है।

### मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने भी उठाया था सवाल

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने तमिलनाडु सरकार की कड़ी आलोचना की और अधिकारियों पर मदुरै के थिरुपरनकुंद्रम मंदिर में कार्तिगई दीपम का दीया जलाने के उसके आदेश को जान-बूझकर नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। हिंदुओं पर लाठीचार्ज किया जाता है, हिंदुओं को क्यों रोका जाता है?

### डीएमके सांसदों ने कड़ा विरोध किया

अनुराग के इस आरोप पर डीएमके सांसदों ने हंगामा कर दिया और आसन के करीब पहुंच गए। हंगामे को देखते हुए पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने दोपहर एक बजे सदन की कार्यवाही अपराह्न 2 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

### तमिलनाडु ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

तमिलनाडु सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट ने एक दरगाह के पास स्थित मंदिर में कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति दी थी। यह मामला तिरुपरमकुंद्रम स्थित एक शिला दीप स्तंभ दीपथून में अरुलमिघु सुब्रमणिय स्वामी मंदिर के श्रद्धालुओं से जुड़ा है।

संसद में ई-सिगरेट विवाद

## ठाकुर ने टीएमसी सांसद के खिलाफ लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

संसद में इन दिनों ई-सिगरेट पर अनुराग ने अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के एक सांसद ने वैधानिक कानूनों का उल्लंघन किया है। अनुराग ने कहा कि इस प्रकार के कृत्य संसद की मर्यादा और कानून की अवमानना के समान हैं। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि इस मामले की सख्त जांच की जाए और नियमों के उल्लंघन के लिए उचित कार्रवाई की जाए।

### सौगत रॉय संसद परिसर में सिगरेट पीते नजर आए

ई-सिगरेट पर चल रहे विवाद के बीच एक और मामला तब सामने आया जब संसद परिसर में गुरुवार को टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सौगत रॉय सिगरेट पीते हुए नजर आए, जिसके बाद यह मामला राजनीतिक विवाद में बदल गया। पहले तो सौगत रॉय को बाहर सिगरेट पीते देखकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आपत्ति जताई।

राहुल ने प्रदूषण पर कहा

## सरकार को समाधान ढूंढना चाहिए हम मिलकार काम करने को तैयार



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैंने दिल्ली और बड़े शहरों में प्रदूषण का मुद्दा उठाया। यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर सभी दल सहमत हो सकते हैं। हमारी आने वाली पीढ़ियों का स्वास्थ्य खतरे में है। मैंने इस पर चर्चा का सुझाव दिया लेकिन आरोप-प्रत्यारोप के बजाय हमें समाधान ढूंढना होगा। हमें विशेषज्ञों से भी सुझाव लेने चाहिए। हम देश को दिखाना चाहते हैं कि हम प्रदूषण को कम करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। यह एक राष्ट्रीय आपातकाल है। बहस सार्थक होनी चाहिए।

प्रियंका ने भी यही राग अलापा

### हमें प्रदूषण पर चर्चा और कार्ययोजना बनानी चाहिए



राहुल गांधी के संसद में वायु प्रदूषण पर चर्चा की मांग पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मैं पूरी तरह सहमत हूं और मुझे लगता है कि सभी सहमत होंगे। सरकार ने भी कहा है कि हम सभी को इस पर चर्चा करनी चाहिए और एक कार्य योजना बनानी चाहिए। यह हर साल बढ़ रहा है। हम अन्य सभी विषयों पर चर्चा करते हैं इसलिए इस पर भी चर्चा होनी चाहिए और कुछ ठोस परिणाम निकलने चाहिए। अगर सरकार एक अच्छी कार्य योजना बनाती है और उसे आगे बढ़ाती है तो यह बहुत अच्छा होगा।

## संसद पर आतंकी हमले की 24वीं बरसी से पहले राज्यसभा में शहीदों को नमन



संसद पर 13 दिसंबर को घातक आतंकी हमला हुआ था। हालांकि आतंकवादियों के हमले को नाकाम कर दिया गया था। हमले को विफल करने में सुरक्षाबलों व संसद के कई कर्मचारियों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद हुए इन सभी लोगों की स्मृति में शुक्रवार को राज्यसभा ने गहरा सम्मान व्यक्त किया।

राहुल की अध्यक्षता वाली बैठक

## फिर नहीं पहुंचे थरूर और तिवारी मामला फिर चर्चा का विषय बना



कांग्रेस सांसद शशि थरूर एक बार फिर चर्चाओं में हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस लोकसभा सांसदों की बैठक में थरूर नहीं आए। हालांकि पार्टी सूत्रों के मुताबिक थरूर ने अपनी गैरमौजूदगी के बारे में पहले ही बता दिया था। थरूर के अलावा कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता-चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी भी बैठक में शामिल नहीं हुए। थरूर की सोशल मीडिया एक्स टाइमलाइन के मुताबिक वे बीती रात कोलकाता में प्रभा खेतान फाउंडेशन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे।

### बार- बार की गैरमौजूदगी पर उठे सवाल

थरूर की प्रमुख बैठकों से बार-बार गैरहाजिरी को लेकर पार्टी के अंदर अब सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, थरूर ने बैठक से अपनी अनुपस्थिति को लेकर पहले ही नेतृत्व को जानकारी दे दी थी, लेकिन कांग्रेस के चीफ व्हिप का कहना है कि उन्हें उनकी अनुपस्थिति के कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### राहुल ने सांसदों के काम की तारीफ की

राहुल ने निचले सदन में कांग्रेस सांसदों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और पार्टी विधायकों के विचार भी सुने और उनका फीडबैक भी लिया। राहुल ने शुक्रवार को दोनों सदनों में वंदे मातरम और चुनाव सुधार पर बहस के दौरान अपनी पार्टी के सांसदों के काम की तारीफ की और दावा किया कि विपक्ष ने सरकार की कहानी की धज्जियां उड़ा दीं।

### चर्चाओं के दौरान हमने उनकी धज्जियां उड़ा दी

राहुल ने सांसदों से कहा कि सरकार दोनों मुद्दों पर विपक्ष के दबाव में लग रही थी। पार्लियामेंट हाउस कॉम्प्लेक्स में मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा कि वंदे मातरम और एसआईआर पर उग्र चर्चा हुई। मुझे तो काफी अच्छा लगा क्योंकि दोनों चर्चाओं के दौरान हमने उनकी धज्जियां उड़ा दीं। वे मानसिक दबाव में थे। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर पर बहस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह परेशान थे और उन्होंने संसद में गाली-गलौज भी की। इसका एक कारण है- पूरा सिस्टम वोट चोरी में शामिल है, यह पूरा देश जानता है।

---

**खबर संक्षेप**

### अमरिंदर ने '500 करोड़' के बयान को बताया झूठा



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने नवजोत कौर सिद्धू के 500 करोड़ वाले बयान को गलत बताया है। सिंह ने कहा है कि सीएम पद के लिए 500 करोड़ देने का दावा झूठा है। कौर ने यह कहकर पंजाब कांग्रेस में भूचाल ला दिया था कि पंजाब का सीएम बनने के लिए 500 करोड़ का सूटकेस चाहिए।

### 'वे' बंगाल के लिए ताड़का और सुरसा हैं



**रायपुर।** छग भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी को राक्षसी ताड़का और सुरसा कहकर संबोधित किया है। ममता की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई टिप्पणी की आलोचना की। अजय ने कहा कि उनका राजनीतिक अंत निश्चित है। 'ताड़का', 'सुरसा' का राजनीतिक अंत निश्चित है।

### राष्ट्रपति ने नुपी लाल स्मारक पर पुष्पांजलि दी

**इंफाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को इंफाल में नुपी लाल स्मारक परिसर में 86वें नुपी लाल दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ ही, राष्ट्रपति ने बहादुर महिला योद्धाओं को भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कैबिनेट ने शुक्रवार को 3 महत्वपूर्ण फैसलों को दी मंजूरी

# 2027 में जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रु. मंजूर, 2 चरण में होगी, जाति भी लिखी जाएगी

## कोयला लिंकेज नीति में सुधार के लिए कोलसेटू नीति लागू होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कैबिनेट ने शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण फैसलों का मंजूरी दी। कैबिनेट ने जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री मंडल ने कोयला लिंकेज नीति में सुधार के लिए कोलसेटू नीति को भी मंजूरी दी है। सरकार ने खोपरा 2025 सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को भी नीतिगत मंजूरी दे दी है। इससे पहले, सरकार की कैबिनेट बैठक को लेकर कई बड़े दावे सामने आए। सूत्रों के अनुसार, मनरेगा का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' किए जाने पर विचार हो सकता है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम की पहचान और प्रभाव को नया रूप देने के उद्देश्य से यह बदलाव प्रस्तावित है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी देते हुए कहा कि 'जनगणना 2027' दो चरणों में आयोजित होगी। अप्रैल और सितंबर 2026 के बीच घरों की सूची तैयार की जाएगी और फरवरी 2027 में जनगणना की जाएगी। पहली डिजिटल जनगणना होगी और इसमें जाति आधारित गणना को शामिल किया जाएगा।

**मनरेगा का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' पर चर्चा**

खोपरा 2025 सीजन के लिए एमएसपी को भी नीतिगत स्वीकृति दी


कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

### वैष्णव ने कहा

- जनगणना एक्ट के तहत एक गजट नोटिफिकेशन आएगा
- गोत्र, जाति के बार में विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा
- डिजिटल जनगणना सिस्टम तैयार किया जा रहा है
- पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक चलेगा, दूसरा फरवरी 2027 में होगा

### लोगों के रहने की अवधि और प्रवास के कारण बताने होंगे

सरकार ने लोकसभा को भी सूचित किया था कि जनगणना 2027 में वर्तमान निवास पर लोगों के रहने की अवधि और प्रवास के कारण से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा था कि जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी उस स्थान पर एकत्र की जाती है, जहां वे गणना की अवधि के दौरान पाए जाते हैं।



### जानकारी और सुझावों के आधार पर अंतिम रूप दिया जाएगा

राय ने कहा कि प्रवासन के आंकड़े प्रत्येक व्यक्ति के जन्म स्थान और अंतिम निवास स्थान के आधार पर एकत्र किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना में वर्तमान निवास पर रहने की अवधि और प्रवास के कारण के बारे में भी जानकारी एकत्र की जाती है। उसके बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।



### बीमा क्षेत्र में एफडीआई 100 फीसदी तक बढ़ाने वाला विधेयक मंजूर

कैबिनेट ने बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को 100 फीसदी तक बढ़ाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। विधेयक 2025 का उद्देश्य बीमा क्षेत्र की पैठ को गहरा करना, विकास और वृद्धि को गति देना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाना है। यह संसद के आगामी सत्र के लिए सूचीबद्ध 13 कानूनों में से एक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में बीमा में विदेशी निवेश की सीमा को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था।

### बीमा नियमों में होगा संशोधन

जीवन बीमा निगम अधिनियम 1956 और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 में, बीमा अधिनियम 1938 के साथ-साथ संशोधन किया जाएगा।

### 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' का लक्ष्य

इस तरह के बदलाव बीमा उद्योग की कार्यकुशलता बढ़ाने, व्यापार करने में आसानी लाने और बीमा की पहुंच बढ़ाने में मदद करेंगे, ताकि 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

### नीलामी के लिए बनाया 'कोल सेतु'

कैबिनेट ने कोयले की नीलामी के लिए नई व्यवस्था 'कोल सेतु' को मंजूरी दी। कोल के उत्पादन में भारत आत्मनिर्भर बनने जा रहा है।

### खोपरा की एमएसपी भी बढ़ाई

2026 के लिए पिसाई वाले खोपरा के लिए 12,027 , गोल खोपरा के लिए 12,500 रु.प्रति क्विंटल के एमएसपी होगी।

## रेलवे कर रहा फ्रेट कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे देश में माल परिवहन क्षमता बढ़ाने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए की लागत से तीन नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। ये कॉरिडोर देश के पूर्व, दक्षिण और मध्य भारत में बनाए जाएंगे। रेलवे का लक्ष्य है कि बढ़ती लॉजिस्टिक्स मांग और तेजी से बढ़ रहे माल परिवहन को देखते हुए नए मार्ग तैयार किए जाएं, ताकि उद्योग, खनन और कृषि क्षेत्र को तेज परिवहन उपलब्ध कराया जा सके।

### माल परिवहन को नई गति मिलेगी

रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को निर्देश दिया है कि पूर्वी भारत, दक्षिण भारत और मध्य भारत के माल परिवहन को सुचारू बनाने के लिए कनेक्टेड तीन फ्रेट कॉरिडोर को ऐसा डिज़ाइन करें जिससे माल परिवहन को नई गति दी का सके। समय पर माल इधर से उधर पहुंचाई जा सके। इन कॉरिडोरों के लिए विजयवाड़ा–नागपुर–इटारसी जैसे रूटों पर भी विचार किया जा रहा है। अंतिम चयन तकनीकी व्यवहार्यता, ट्रैफिक अनुमान और फंडिंग के आधार पर किया जाएगा।

### कोविड के बाद माल ढुलाई की मांग बढ़ी

नए फ्रेट कॉरिडोर मौजूदा 1,337 किमी पूर्वी डीएफसी, 1,506 किमी पश्चिमी डीएफसी को और मजबूत करेंगे। कोविड के बाद से भारत में माल ढुलाई की मांग कई गुना बढ़ी है जो पूरी होगी।

सुलभ परीक्षाएं सुनिश्चित करेगा यूपीएससी

## अब विशिष्ट दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों को 'पसंदीदा केंद्र' चुनने की सुविधा मिलेगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने दिव्यांगजनों के लिए परीक्षा की सुगमता और पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से अहम कदम उठाते हुए सभी दिव्यांग उम्मीदवारों को अपनी परीक्षाओं के लिए 'पसंदीदा परीक्षा केंद्र' आवंटित करने का निर्णय लिया है। इन्हें होने वाली व्यवस्था संबंधी चुनौतियों और विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आयोग ने यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है कि प्रत्येक दिव्यांगजन आवेदक को वही परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाए जिसे उन्होंने आवेदन पत्र में अपनी पसंदीदा पसंद के रूप में चुना है।

यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा कि पिछले 5 वर्षों के परीक्षा केंद्रों के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद हमने पाया कि दिल्ली, कटक, पटना, लखनऊ जैसे कुछ केंद्र भर जाते हैं। दिव्यांगों के लिए चुनौतियां सामने आती हैं और वे परेशान होते हैं।

मखाना बोर्ड

## राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की पहली बैठक में 476 करोड़ की केंद्रीय स्कीम को स्वीकृति

- मखाना मूल्य श्रृंखला को आधुनिक बनाने के लिए अनुसंधान, अच्छी गुणवत्ता के बीज उत्पादन, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और निर्यात प्रोत्साहन पर धनराशि होगी खर्च
- बोर्ड किसानों की आमदनी बढ़ाने बीज की जरूरतों को एक साथ लाएगा और ग्रेडिंग, सुखाने, पॉपिंग और पैकेजिंग के लिए अवसंरचना को मज़बूत करेगा



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की पहली बैठक शुक्रवार को नई दिल्ली के कृषि भवन में हुई। सरकार ने इस पहल का समर्थन करने के लिए 2025-26 से 2030-31 के समय के लिए 476 करोड़ रुपए के खर्च के साथ मखाना के विकास के लिए केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को स्वीकृति दी है। यह स्कीम अनुसंधान और नवाचार, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, किसानों की क्षमता बढ़ाने, बेहतर कटाई और कटाई के बाद के तरीके, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग, निर्यात प्रोत्साहन और गुणवत्ता नियंत्रण पर केंद्रित है।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणा को पूरा करते हुए राष्ट्रीय मखाना बोर्ड बनाया है। प्रधानमंत्री ने आधिकारिक रूप से 15 सितंबर 2025 को बिहार में बोर्ड को आरंभ किया था।

बैठक की अध्यक्षता कृषि और किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने की। बैठक में बोर्ड और केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को लागू करने की प्रक्रिया को शुरू किया गया।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अंडमान-निकोबार को बताया 'तपोभूमि'

# वीर सावरकर ने जीवन के कठिन वर्ष यहीं बिताए




हरिभूमि ब्यूरो ⏭ श्रीविजयपुरम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर के 'सागरा प्राण तळमळला' गीत के 115 वर्ष पूर्ण होने पर अंडमान और निकोबार के श्री विजयपुरम में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। शाह ने इस दौरान कहा कि अंडमान और निकोबार सिर्फ द्वीपों की एक श्रृंखला नहीं है। यह असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, समर्पण और देशभक्ति से बनी एक 'तपोभूमि' है।

### यहां कोई अपनी मर्जी से नहीं आता था

सावरकर की कविता 115 वर्ष पूरे होने पर गृह मंत्री ने कहा कि हम सब एक पवित्र भूमि पर एकत्रित हुए हैं। स्वतंत्रता से पहले, कोई भी यहां अपनी मर्जी से नहीं आता था। जिन्हें भी यहां लाया जाता था, उनका परिवार उन्हें भूल जाता था। उस दौर में, कोई यह नहीं सोचता था कि 'काला पानी' में सजा काटने के बाद कोई वापस लौट भी सकता है।उन्होंने कहा कि जब तक वे लौटते, उनका शरीर, मन और आत्मा इतनी कमजोर हो जाती थी कि वे कभी पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाते थे। लेकिन आज, यह सभी भारतीयों के लिए एक तीर्थस्थल है क्योंकि वीर सावरकर ने अपने जीवन के सबसे कठिन वर्ष यहीं बिताए।

### सावरकर की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण

उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ा अवसर है। इस 'तपोभूमि' पर वीर सावरकर की आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण मोहन भागवत ने किया, जो उस संगठन के सरसंघचालक हैं जो सही मायने में सावरकर की विचारधारा को आगे बढ़ा रहा है। यह एक पवित्र भूमि है, वीर सावरकर की प्रतिमा भी पवित्र है और मोहन भागवत के हाथों से इसका अनावरण और भी श्रेष्ठ है।

### जगदलपुर में आज 'नक्सल' पर करेंगे चर्चा

जगदलपुर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यह दौरा खासतौर पर बस्तर संभाग पर केंद्रित है, जहां नक्सल उन्मूलन और विकास कार्यों को गति देने के मकसद से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखे गए हैं।

### आज जगदलपुर में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे

13 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे गृह मंत्री माना एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। लालबाग मैदान में बस्तर ओलंपिक-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे और आदिवासी युवाओं को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम के बाद जगदलपुर से ही गृह मंत्री दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। उनके दौरे के दौरान वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नक्सल ऑपरेशन और विकास योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी हो सकती है।

रिश्तों में सुधार की कोशिश

# ओमान से भारत को मिलेंगे जगुआर विमानों के लिए कलपुर्जे, होगा एफटीए!

## तीनों देशों के साथ मजबूत होंगे भारत के संबंध और बढ़ेगा व्यापारिक सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक संघर्षों के मुश्किल वक्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 18 दिसंबर तक जॉर्डन, इथोपिया और ओमान जैसे तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह सोमवार को जॉर्डन से होगी और गुरुवार को इसका समापन ओमान में होगा। लेकिन देश के शीर्ष नेता की इस यात्रा से ठीक पहले भारत के लिए एक अच्छी खबर आ गई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि ओमान से भारतीय वायुसेना को जगुआर लड़ाकू विमानों के लिए आगामी कुछ दिनों में कलपुर्जों की सप्लाई की जा सकती है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी पीएम की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के इस विदेश दौरे से पहले आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी निकलकर सामने आई है।

प्रधानमंत्री मोदी की 15 दिसंबर से शुरू हो रही ओमान, जॉर्डन, इथोपिया की यात्रा में होंगे कई समझौतों पर हस्ताक्षर

### भारत को अनिवार्य रूप से लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वॉड्रन की आवश्यकता


पीएम मोदी के विदेश दौरे से पहले विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन

### मजबूत होगा वायुसेना का जंगी बेड़ा

मंत्रालय में सचिव (सीपीवी-ओआईओ) अरुण कुमार चटर्जी ने बताया कि दुनिया में जगुआर विमानों का इस्तेमाल करने में ओमान की रॉयल वायुसेना भी शामिल रही है। कुछ समय पहले उन्होंने इन युद्धक विमानों को अपनी हवाई सेवा से पूरी तरह से बाहर कर दिया है। ओमान भविष्य में भारत को जगुआर विमानों के कलपुर्जे देने का इच्छुक है। आगामी दिनों में कलपुर्जों की भारत को सप्लाई की जाएगी। यहां बता दें कि वर्तमान में देश की वायुसेना के पास जगुआर विमानों की कुल 6 स्क्वाड्रन हैं।

### सीईपीए को लेकर भारत बेहद आशान्वितः चटर्जी

चटर्जी ने कहा कि भारत-ओमान के बीच जो व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) का मामला है। उसे लेकर हम बेहद आशान्वित हैं। दोनों देशों की टीमों ने इस समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के लिए कड़ी मेहनत की है। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। समझौते से जुड़े कई दस्तावेजों को दोनों तरफ से अंतिम अनुमति मिलने का इंतजार है। अगर पीएम के दौरे में यह समझौता होता है। तो निश्चित रूप से यह हमारे व्यापारिक संबंधों को सराहनीय रूप से और अधिक गहराई प्रदान करेगा।

### किसी तीसरे देश के चश्मे न देखें संबंध

उन्होंने ओमान का बतौर ओआईसी का सदस्य होने और चीन से जुड़े प्रभाव के प्रश्न पर कहा कि भारत, ओमान संबंधों में एक अहम तत्व हाइड्रोकार्बन व्यापार का भी है। भारत हरित ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। हम ओमान से कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, एलएनजी खरीदते हैं और उन्हें पेट्रोलियम उत्पाद बेचते भी हैं। भारत उम्मीद करता है कि ये हाइड्रोकार्बन सहयोग आगामी वर्षों में भी बना रहेगा। ओमान या अन्य देश के साथ हमारे संबंधों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ओमान में रह रहे 6 लाख 76 हजार 781 भारतीयों में से 5 लाख से ज्यादा भारतीय वर्कर हैं।

### जॉर्डन में होगी द्विपक्षीय स्तर की बैठक

जॉर्डन-प्रधानमंत्री मोदी 15 दिसंबर को जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचेंगे। जहां उनकी किंग अब्दुल्ला के साथ द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। 16 दिसंबर को दोनों नेता भारत-जॉर्डन बिजनेस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जिसमें दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होंगे। भारतीय समुदाय को पीएम संबोधित करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री जॉर्डन के किंग के साथ ऐतिहासिक पेट्रा शहर की यात्रा भी करेंगे। इथोपिया- 16 से 17 दिसंबर तक पीएम इथोपिया की पहली राजकीय यात्रा पर रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली ब्लास्ट आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में हुए ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को चार आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। आरोपियों में डॉक्टर मुजम्मिल, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद और आदिल अहमद शामिल हैं। इन सभी चारों आरोपियों को पिछली कस्टडी पूरी होने के बाद अदालत में पेश किया गया। अदालत ने इन सभी चार आरोपियों को 12 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

### पाक के 11 मछुआरे पकड़ाए, जांच जारी



**कच्छ।** इंडियन कोस्ट गार्ड ने कच्छ के अरब सागर में गुरुवार की रात एक पाकिस्तानी नाव पकड़ी है। 'अलवली' नामक इस नाव पर 11 पाकिस्तानी मछुआरे सवार थे, जो भारतीय जलक्षेत्र में घुस आए थे। नाव बुधवार को कोस्ट गार्ड ने अरब सागर में पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ी। पकड़े गए सभी मछुआरों को आगे की पूछताछ के लिए जखौ पोर्ट लाया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ये मछुआरे मछली पकड़ने के मकसद से भारतीय जलक्षेत्र में घुसे थे।

### सिद्धू मूसेवाला की मां ने भेजा 10 लाख का नोटिस



**अमृतसर।** सिद्धू मूसेवाला की मां चरणकौर ने जालंधर में उनके पुतले को जलाए जाने की घटना पर क्रिश्चियन ग्लोबल एक्शन कमेटी को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में उन्होंने मांग की है कि कमेटी 15 दिनों के भीतर लिखित माफी जारी करें। यह माफी अखबारों में प्रकाशित की जाए, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पोस्ट की जाए और चरण कौर को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। यदि निर्धारित समय में माफी और मुआवजे की पूर्ति नहीं की गई, तो कौर कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की जी-7 को किनारा करने की योजना

# पांच सबसे बड़ी महाशक्तियों का सुपर 'कोर 5' क्लब बनाने की तैयारी में ट्रंप

यूरोप और नाटो देश पर दबदबे के रूप विकल्प के तौर पर जी-5 का प्रस्ताव तैयार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोर-5 सुपरक्लब बनाने की तैयारी में हैं। इस सुपरक्लब में दुनिया की पांच सबसे बड़ी महाशक्तियां शामिल होंगी। माना जा रहा है कि ट्रंप इस ग्रुप तो जी7 समूह के विकल्प के तौर पर बनाना चाहते हैं, जिसमें यूरोप का दबदबा है। ट्रंप के प्रस्तावित कोर-5 या सी5 सुपरक्लब में भारत, अमेरिका, रूस, चीन और जापान शामिल हो सकते हैं। अगर वॉशिंगटन के सूत्रों पर यकीन किया जाए, तो ट्रंप यूरोप को किनारे करते हुए 'कोर 5' को जी7 (ग्रुप ऑफ़ सेवन) के संभावित विकल्प के तौर पर पेश करना चाहते हैं। ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में इस समूह को बनाने के संकेत दिए थे, जिसे विशेषज्ञों ने जियोपॉलिटिकल एक्सपेरिमेंट करार दिया था। जून में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने कहा था कि रूस और चीन को भी इस ग्रुप का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 में क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद रूस को हटाने की कोशिश करना एक बहुत बड़ी गलती थी। माना जाता है कि जी7 के यूक्रेन को क्रीमिया से रूस को हटाने के लिए उकसाने के कारण ही फरवरी 2022 में पुतिन ने हमले का आदेश दिया था।

सी-5 क्लब में भारत, अमेरिका, रूस, चीन और जापान | एजेंडे में मिडिल ईस्ट सिक्योरिटी का मुद्दा शामिल

### सभी देश की आबादी 10 करोड़ से अधिक



पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फाइल फोटो

ट्रंप ने कहा कि जी7 में अगर रूस इसमें होता तो अभी कोई युद्ध नहीं होता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुतिन के इस ग्रुप का हिस्सा न होने से जिंदगी और मुश्किल हो जाती है। इसी बात ने ट्रंप को पांच देशों के सुपरक्लब के विचार को जन्म दिया जिसमें अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान को एक छतरी के नीचे लाने के लिए प्रेरित किया। रिपोर्ट में कोर 5, या सी5 का प्रस्ताव है, जिसमें यूएस, चीन, रूस, भारत और जापान शामिल हैं। ये सभी देश 10 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश हैं।

### ग्रुप का पहला एजेंडा भी तय

यह ग्रुप जी7 की तरह नियमित तौर पर खास जरूरी विषयों पर समिट के लिए मिलेगा। कोर-5 ग्रुप का पहला एजेंडा भी तय हो गया है - मिडिल ईस्ट सिक्योरिटी, जिसमें इजराइल और सऊदी अरब के बीच रिश्ते नॉर्मल करने पर फोकस किया जाएगा। इसके अलावा दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्तियों के साथ अमेरिका के रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश की जाएगी। अब अमेरिका अपने सहयोगियों की रक्षा के लिए खुद को खतरे में नहीं डालेगा।

### यूरोप और नाटो का भविष्य खतरे में

*विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ट्रंप वास्तव में कोर-5 का गठन करने जा रहे हैं तो यह अमेरिका की प्राथमिकताओं में बहुत बड़ा बदलाव होगा। अब तक अमेरिका अपने यूरोपीय सहयोगियों पर निर्भर रहा है। लेकिन, अब नया फ्रेमवर्क उसे यूरोप से दूर लेकर जाएगा, जिससे बड़ा जियोपॉलिटिकल बदलाव होगा। इस समूह के बनने का मतलब न सिर्फ नाटो की मौत होगी, बल्कि क्वाड भी खत्म हो जाएगा। क्योंकि नाटो का गठन रूस के खिलाफ और क्वाड का गठन चीन के खिलाफ किया गया था, लेकिन अब ये दोनों देश अमेरिका के साथ एक ही गुट में शामिल होंगे।*

### विश्व में कई समूह

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये ग्रुप

यूरोपीय संघ (ईयू) में वर्तमान में 27 देश शामिल हैं, जो एक आर्थिक और राजनीतिक संघ के रूप में काम करते हैं, जिसमें वस्तुओं, पूंजी, सेवाओं और लोगों की मुक्त आवाजाही की अनुमति है। नाटो में 32 सदस्य देश शामिल हैं, जिसमें उत्तरी अमेरिका और यूरोप के देश हैं; गठबंधन का सबसे नया सदस्य स्वीडन है, जो मार्च 2024 में शामिल हुआ। सार्क में 8 सदस्य देश शामिल हैं: भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव, और अफगानिस्तान। इन देशों का उद्देश्य दक्षिण एशिया के लोगों के जीवन स्तर में सुधार और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है, और इसका मुख्यालय नेपाल के काठमांडू में है। जी7 (ग्रुप ऑफ सेवन) में 7 प्रमुख विकसित देश शामिल हैं: कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम (यूके), और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए)। इसके अतिरिक्त, यूरोपीय संघ (ईयू) भी एक गैर-गणना सदस्य के रूप में भाग लेता है, लेकिन यह कोई देश नहीं है। क्वाड में चार देश शामिल हैं: भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के लिए एक रणनीतिक मंच बनाते हैं।

## दोनों देशों के बीच बीजिंग में हुई दो दिवसीय बैठक

# निर्यात नियंत्रण से जुड़े लंबित मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाए चीनः भारत


पीएम मोदी, राष्ट्रपति शी जिनपिंग फाइल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते 11 से 12 दिसंबर तक बीजिंग में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्व एशिया) सुजीत घोष ने किया। जबकि चीन की तरफ से इस संवाद में उप-विदेश मंत्री सुन वीदोंग शामिल हुए। बैठक में दोनों पक्षों ने आगामी वर्ष के लिए पहले से निर्धारित योजना के मुताबिक तय की गई गतिविधियों और आदान-प्रदान की समीक्षा की है। भारतीय पक्ष ने निर्यात नियंत्रण से जुड़े हुए सभी लंबित मामलों के शीघ्र अति शीघ्र समाधान पर जोर दिया है। वार्ता में भारत-चीन के साझा हितों से जुड़ी हुई क्षेत्रीय और वैश्विक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

### चीन के पेशेवरों को आसानी से मिलेगा बिजनेस वीजा

उधर, भारत ने चीन के पेशेवरों और एग्जीक्यूटिव्स को बिजनेस वीजा देने के समय में कटौती कर दी है। जिसमें प्रशासनिक जांच को कम कर दिया गया है। नई दिल्ली के इस फैसले से चीन की कंपनियों को अब करीब एक महीने के अंदर भारत का बिजनेस वीजा प्रदान किया जा सकेगा। यह एक प्रकार से वीजा प्रक्रिया में शामिल अतिरिक्त जांच को हटाने के समान है। जिससे इस संबंध में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यहां बता दें कि बीते दिनों चीन ने भारतीय नागरिकों के लिए लगभग 22 दिसंबर से ऑनलाइन वीजा आवेदन सिस्टम की शुरुआत करने का ऐलान किया था। जिसके बाद अब भारत की तरफ से चीनी पेशेवरों को बिजनेस वीजा प्रदान करने के लिए लगने वाले समय को कम करने की यह महत्वपूर्ण कवायद की गई है।

### चीन ने किया फैसले का स्वागत

चीन ने भारत के बिजनेस वीजा के लिए समय घटाने के निर्णय का स्वागत किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि हमारा देश भारत के साथ बातचीत और परामर्श की प्रक्रिया को जारी रखने का इच्छुक है। दोनों देशों के बीच 2020 के मध्य में एलएसी विवाद के दौरान तनाव बढ़ गया था। लेकिन नई दिल्ली का यह कदम दोनों देशों की आम जनता के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया एक सकारात्मक कदम है। जो दोनों देशों के साझा हितों से भी जुड़ा हुआ है।

## बोले जायसवाल, विवाद के बीच संयम बरतें और शांति के मार्ग पर वापस लौटें कंबोडिया-थाईलैंड

# प्रीह विहार मंदिर को हुए नुकसान को लेकर भारत ने जताई चिंता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कंबोडिया और थाईलैंड सीमा पर जारी तनाव के बीच प्रीह विहार मंदिर को पहुंचे नुकसान को लेकर शुक्रवार को भारत ने चिंता जताते हुए दोनों देशों से अपील की है कि वो संयम बरतें और सभी प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। जिससे इलाके में और अधिक तनाव न फैले। विवाद से जुड़े सभी पक्षों को बातचीत और शांति के मार्ग पर लौटने का भी भारत ने आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि विवाद में प्रीह विहार मंदिर सुविधा को पहुंचे नुकसान के मामले को लेकर मीडिया द्वारा मंत्रालय से कई प्रश्न पूछे गए थे। जिसके जवाब में हमारा यही मत है कि प्रीह विहार मंदिर समूह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल मानवता की साझा सांस्कृतिक विरासत है। दोनों देशों के तनाव की वजह से इसे पहुंचा किसी भी तरह का नुकसान दुर्भाग्यपूर्ण है और यह भारत के लिए एक चिंता का मामला है।



### मंदिर के संरक्षण से जुड़ा रहा भारत

जायसवाल ने कहा, भारत मंदिर के संरक्षण के लिए बेहद निकटता से शामिल रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि मंदिर स्थल को सुरक्षित बनाए रखने और इससे जुड़ी हुई संरक्षण गतिविधियों के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। भारत एक बार फिर से थाईलैंड और कंबोडिया से यह आग्रह करता है कि दोनों देश तनाव के बीच धैर्य और संयम का परिचय दें और तमाम तरह की शत्रुता को खत्म करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

### प्रीह विहार मंदिर का महत्व

गौरतलब है कि प्रीह विहार कंबोडिया-थाईलैंड सीमा पर डांगरेक पर्वत श्रृंखला की चोटी पर स्थित एक प्राचीन और भव्य हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। इसका निर्माण 11वीं और 12वीं शताब्दी में खमेर साम्राज्य के दौरान किया गया था। मूल रूप से इसकी भौगोलिक स्थिति यानी लोकेशन ही इससे जुड़े विवाद की बड़ी वजह रही है। दोनों देश मंदिर, उसके आसपास की जमीन और सीमा पर अपना दावा करते हैं। प्रीह विहार का हिंदी में अर्थ 'देवताओं का विहार' होता है। प्रीह विहार मंदिर अपनी असाधारण वास्तुकला, नक्काशी के लिए दुनियाभर में विख्यात है। इसे देखने पर भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है।

## राष्ट्रीय जलमार्गों से यातायात का बढ़ रहा क्रेज

# नदियों के रास्ते सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़कर 7.64 करोड़ पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में राष्ट्रीय जलमार्गों पर यातायात में इस वर्ष ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बंदरगाह और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में नदियों के रास्ते सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 7.64 करोड़ तक पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 1.61 करोड़ था, यानी एक साल में लगभग 5 गुना वृद्धि दर्ज हुई है।

### तीन वर्षों के लिए 95.42 करोड़ की लागत


सर्वानंद सोनोवाल

सरकार ने अंतर्देशीय जल परिवहन को और सशक्त करने के लिए जलवाहक योजना शुरू की है। यह योजना 2024-25 से 2026-27 तक तीन वर्षों के लिए 95.42 करोड़ रुपए की लागत से चलाई जा रही है। इसके तहत जलमार्गों पर माल ढुलाई करने वाले कार्गो मालिकों को उनके वास्तविक परिचालन खर्च का 35 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन सीधे दिया जाता है।

### माल ढुलाई दोगुनी हुई

न सिर्फ यात्री संख्या, बल्कि राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल ढुलाई भी पिछले पांच वर्षों में दोगुनी हो गई है। 2020-21 में जहां 83.6 मिलियन टन माल का परिवहन हुआ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 145.84 मिलियन टन पर पहुंच गया। इसके अतिरिक्त, इनलैंड एंड कोस्टल शिपिंग लिमिटेड (आईसीएसएल) के माध्यम से निर्धारित जल परिवहन सेवाएं भी शुरू की गई हैं। इनमें कोलकाता-वाराणसी/पटना, कोलकाता-गुवाहाटी (आईबीपी मार्ग), और कोलकाता-करीमगंज/बदरपुर (आईबीपी मार्ग) के बीच परिचालन शामिल है।

## लूथरा ब्रदर्स को दिल्ली लाने के लिए आईबी की टीम थाईलैंड पहुंची

# बैंकॉक में भारतीय एजेंसियों के हवाले किए जाएंगे, 4 दिन लगेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक गौरव व सौरव लूथरा को मंगलवार को थाईलैंड से दिल्ली लाया जाएगा। गोवा में बीते शनिवार की रात नाइटक्लब में आग लगते ही दोनों भाई तुरंत टिकट बुक करवा पहले मुंबई और वहां से इंडिगो एयरलाइंस से थाईलैंड भाग गए थे। भारत सरकार व केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुरोध पर थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार सुबह दोनों भाईयों को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया और इसकी सूचना भारत सरकार को दे दी गई। जिसके बाद लूथरा ब्रदर्स को भारत लाने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना | आगजनी मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी

### ट्रांजिट रिमांड पर गोवा ले जाएंगे



फुकेट में गिरफ्तार सौरभ और गौरव लूथरा

थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस दोनों को हिरासत में लेगी। दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड लेकर उन्हें गोवा ले जाया जाएगा।

### सोमवार को अग्निशमन विभाग की आएगी रिपोर्ट

गोवा के डीजी आलोक कुमार का कहना है कि अब तक की जांच में नाइटक्लब में आग लगने का कारण ई पटाखे से निकली आग के गोले व शॉर्ट सर्किट के मिश्रण को माना जा रहा है। सोमवार तक गोवा अग्निशमन विभाग की फाइनल रिपोर्ट आ जाएगी, उससे आग लगने के सही कारण की पुष्टि हो जाएगी। हादसे में जिन 25 लोगों की मौत हुई है उनकी सूची बनाकर गृह मंत्रालय व गोवा सरकार के संबंधित विभाग को भेज दी गई है ताकि उनके स्वजन को जल्द से जल्द मुआवजा मिल सके। गोवा सरकार की तरफ से पांच-पांच लाख व पीएम फंड से सभी के स्वजन को दो-दो लाख मुआवजा दिया जाएगा।

### एक और मालिक खोसला गिरफ्त से बाहर

नाइटक्लब के एक मालिक सुरेंद्र कुमार खोसला को गोवा पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उसके खिलाफ भी गोवा पुलिस ने सात दिसंबर को सीबीआई के जरिये लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी करवा दिया था। आगजनी मामले में गोवा पुलिस अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें क्लब के मालिक अजय गुप्ता, चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोदक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया, गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर व मैनेजर भरत कोहली शामिल है। भरत कोहली, पंजाबी बस्ती, सब्जी मंडी का रहने वाला है। वहीं, अजय गुप्ता गुरुग्राम के सुशांत लोक का रहने वाला है। उसका रियर एस्टेट का भी कारोबार है। अजय गुप्ता व भरत कोहली को गोवा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

## आंध्र प्रदेश में बड़ा सड़क हादसा

# बस खाई में गिरी, 9 की मौत, पीएम ने जताया दुख, सहायता राशि का ऐलान

एजेंसी ▶▶ चित्तूर

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारमा राजू (एएसआर) जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। चिंतूरू और भद्राचलम को जोड़ने वाली घाट सड़क पर एक बस अचानक नियंत्रण खो बैठी और गहरी खाई में जा गिरी। मौके पर ही कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई। पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम कार्यालय ने पीएम राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि का ऐलान किया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि कई लोगों की मौत की खबर विचलित करने वाली है। सीएम ने बताया कि सरकार राहत कार्यों की प्रगति पर नजर बनाए हुए हैं। घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला कलेक्टर के अनुसार, कई यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।


दुर्घटनाग्रस्त बस

## खबर संक्षेप

### कारोबारी धर्मेंद्र हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** जबलपुर के सिहोरा में गुरुवार दोपहर दिनदहाड़े रेत कारोबारी चिंटू उर्फ धर्मेंद्र ठाकुर की गोली मारकर हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये बदमाश हत्या करने के बाद दर्शनी गांव के बाहर छिपकर बैठे हुए थे। शाम को शहर छोड़ने की फिराक में थे, उसी दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्त में आए हत्यारे रीवा और सिहोरा के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि कुख्यात बदमाश अस्सू विश्वकर्मा के साथी है। माना जा रहा है कि उसके कहने पर ही लवी उर्फ सोम तिवारी और शेखर बर्मन ने गोली मारी थी। खितौला थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए तीन दिन की रिमांड ली गई है। सीहोरा-खितौला में रहने वाले रेत कारोबारी चिंटू गुरुवार को सिहोरा जाने के लिए घर से निकले और आगे बाइक पर आए आरोपियों ने उन्हें गोली मार दी थी।

### बिजलीकर्मी को गोली मारकर भागा दिव्यांग

**सतना।** सतना में दिव्यांग ने लूट के इरादे से बिजलीकर्मी के सीने में गोली मार दी। बिजलीकर्मी ने उससे कट्टा छीन लिया। इसी दौरान दिव्यांग का आर्टिफिशियल पैर निकल गया। फायरिंग की आवाज सुन लोग भी इकट्ठा हो गए, उन्हें लगा कि आरोपी भाग नहीं पाएगा। लेकिन वह एक पैर से ही कूदते हुए फरार हो गया। घटना सिटी कोतवाली इलाके के प्रेम नगर अंडरपास के ऊपर रेलवे लाइन किनारे गुरुवार की है। आरोपी भागते हुए सीसीटीवी में कैद हो गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात के बाद आरोपी ने एक पैर से भागते हुए कई राहगीरों से लिफ्ट भी मांगी थी। गोली लगने के बाद भी रामनरेश खुद सिटी कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। जो कृत्रिम पैर मौके से मिला, उस पर राजेंद्र नाम लिखा हुआ है।

### मित्तल, सेठी और कमल के कार्यों को सराहा

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के अशोक मित्तल, अशोक सेठी और रवि कमल के द्वारा किए गए कार्यों की व्यापार महासंघ के कई वरिष्ठ लोग प्रशंसा करते हैं।



दिलीप मित्तल, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, गिरीश चावला, श्याम मालवीय, विवेक मित्तल, विजय जैन, संजय अग्रवाल, सुनील वर्धमान, शंकर सेठी, रमेश सेठी, संतोष गुप्ता, दीपेंद्र नागर, हरिकिशन धमीजा, अनिल धमीजा, दिनेश सेन, राजू भाई पटेल आदि ने कहा कि अनुशासन और राजनीति से दूर होकर जो व्यापार संघ चलाया है वह प्रशंसनीय है। पंकज नागरानी ने भी प्रशंसा करते हुए कहा कि अशोक मित्तल अनुशासित और व्यापार संघ के लिए समर्पित नेता है।

### मुकीत उल्ला खान की हार्ट अटैक से मौत

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता शानू खान के पिता मुकीत उल्ला खान का 65 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक आने से निधन हो गया।



उनके निधन पर विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, सदर गुड्डू मियां, सगीर, सलीम, नवाब हुसैन, अनिल अरोरा, पार्षद आमीर ममनून, अफजल हुसैन, अखिल, अफसर, नईम, नफीस मियां, बागिश अग्रवाल, पवनजोत सिंह, नंदू शर्मा आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें औबेदुल्लागंज के कब्रिस्तान मैं सुपर्द ए-खाक किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 480 | 27 | 368 |
| रात: | 138 | 27 | 269 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 390 | 28 | 279 |
| रात: | 136 | 02 | 110 |

## डीएचएल इन्फ्राबुल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संतोष कुमार सिंह, संजीव जायसवाल और अनिरुद्ध देव को बनाया आरोपी

# ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई, अवैध तरीके से बेच दिए 15 बंधक प्लॉट... तीन डायरेक्टरों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासन के स्वामित्व में बंधक प्लॉट अवैध रूप से बेचने के मामले में डीएचएल इन्फ्राबुल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के तीन डायरेक्टरों के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शिकंजा कसा है। जालसाजी और धोखाधड़ी के मामले में ईओडब्ल्यू ने एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

शुरूआती जांच में पता चला कि कंपनी के डायरेक्टरों ने सरकार के आधिपत्य में बंधक रखे भूखंडों को गलत तरीके से बेचकर खुद को फायदा और सरकारी खजाने को हानि पहुंचाई है। इन पर आरोप डीएचएल इन्फ्राबुल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संतोष कुमार सिंह, संजीव जायसवाल और अनिरुद्ध देव को आरोपी बनाया गया है। जांच में कंपनी के कई अन्य संबंधित संदिग्ध व्यक्तियों के नाम भी सामने आए हैं। ईओडब्ल्यू की टीम इनकी भूमिका की जांच कर रही है। जांच बढ़ने के साथ ही आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।

**ऐसे किया आरोपियों ने फर्जीवाड़ा**

ईओडब्ल्यू की जांच में पाया गया कि इंदौर के आइकॉनस लैंडमार्क-1 और आइकॉनस लैंडमार्क-2 प्रोजेक्ट के कुल 249 भूखंड विकास के बदले कॉलोनी सेल, इंदौर में सरकार के पक्ष में बंधक रखे गए थे। नियमों के मुताबिक इन भूखंडों का स्वामित्व कार्यपूर्णता प्रमाण-पत्र प्राप्त होने तक सरकार के पास ही रहता है। बिना अनुमति इनके विक्रय पर प्रतिबंध होता है। इसके बावजूद कंपनी के डायरेक्टरों ने कायदों को धता बताते हुए 15 भूखंड बेच दिए। इस दौरान उनके द्वारा बिना किसी सूचना और कार्यपूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त किए बिना ही सौदा किया गया। खुलासा होने के बाद धोखाधड़ी और जालसाजी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**दस्तावेजों को खंगाल रही एजेंसी**

भूखंडों के अवैध रूप से सौदा करने के इस फर्जीवाड़े के खुलासा के बाद अब ईओडब्ल्यू की टीम संबंधित खरीदारों, संदिग्ध दस्तावेजों और सरकारी खजाने को हुए नुकसान का आकलन कर रही है। ईओडब्ल्यू की टीम के मुताबिक जांच में अभी कई और नाम सामने आ सकते हैं। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## लिव इन पार्टनर की हत्या, प्राइवेट पार्ट जलाया, किसी और व्यक्ति के साथ देख प्रेमी ने बेलन से पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धार पुलिस ने धामनोद में महिला की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। महिला को लिव इन पार्टनर ने ही मौत के घाट उतारा था। उसने महिला को किसी और के साथ आपत्तिजनक हालात में देख लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 9 दिसंबर 2025 को धामनोद के पुराने रैदास मोहल्ले में सुनीता उर्फ कुंता का शव मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। शुक्रवार को आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसकी बॉडी पर मारपीट, जलने के निशान और प्राइवेट पार्ट पर सूजन पाई गई। उसके हाथ-पैर भी मुड़े हुए थे, जिससे महिला के साथ क्रूरता करने की बात स्पष्ट हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि सुनीता पिछले कई वर्षों से अपने पति से अलग होकर अजय उर्फ रवि चौहान के साथ लिव इन में रह रही थी।

**मौके पर ही मौत**

पुलिस ने बताया कि घटना वाले दिन अजय काम करके घर लौटा तो सुनीता को एक अन्य व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक हालात में देखा। अजय को देखकर वह मौके से भाग गया। अजय ने गुस्से में आकर किचन में रखे बेलन से सुनीता के सिर पर कई वार किए। वह जमीन पर गिर गई। अजय ने माचिस से सुनीता के प्राइवेट पार्ट को भी जलाया। ज्यादा खून बहने से सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई।

## ट्रक ड्राइवर और उसके साथी को विदिशा से भोपाल ऑडी कार से लेकर आए ठग

# साइबर ठगों ने ठगी की रकम वसूलने ट्रक ड्राइवर, उसके साथी को बंधक बनाकर पीटा

**ट्रक ड्राइवर के साथी के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने की मदद, लोगों को देखकर ठग कार लेकर भागे**

**पुलिस ने दर्ज की आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर**



ट्रक ड्राइवर को मिसरोद स्थित शिवा वुड कॉलोनी में लेकर जाते ठग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर ठगों द्वारा ट्रक ड्राइवर और उसके साथी को बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। आरोपी ठग ट्रक ड्राइवर और उसके साथी को विदिशा से भोपाल ऑडी कार से लेकर आए थे। शिवा वुड कॉलोनी सलैया में उसे फ्लैट पर लेकर पहुंच रहे थे, तभी उसका साथी छूटकर भाग निकला। उसने शोर मचाया तो कॉलोनी के लोग मदद के लिए आगे बढ़े। खतरा भांपकर ठग कार लेकर फरार हो गए। कॉलोनी के लोगों ने डायल 112 पर कॉल किया। डायल 112 में मौजूद पुलिसकर्मी दोनों पीड़ितों को लेकर मिसरोद थाने पहुंचे। वहां पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ठगों ने पूरी वारदात ठगी की रकम में एक लाख रुपए कम मिलने के कारण की थी।

पुलिस के अनुसार 32 साल का नीरज शाक्य, मूलतः भानपुर मंदसौर का है। वह ट्रक ड्राइवर है और खुद का ट्रक चलाता है। नीरज ने पुलिस को बताया कि वह राजस्थान के छपरा ट्रक लेकर गया था। इस बीच वहां उसकी हरिओम वैष्णव नामक युवक से ढाबे पर मुलाकात हुई। हरिओम वैष्णव ने बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग का काम करता है। ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रुपए की रकम खाते में आते हैं। रकम जो अपने खाते में डिपाजिट कराता है उसे कमीशन मिलता है। लालच में आकर नीरज ने उसे अपना अकाउंट नंबर और मोबाइल नंबर दे दिया।

**झांसी, उत्तर प्रदेश के हैं आरोपी**



पीड़ित नीरज मालवीय

पीड़ित नीरज मालवीय का कहना है कि आरोपी झांसी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वह साहिल, आकाश और हरिओम वैष्णव को जानता है। इनके साथ एक अन्य व्यक्ति था, जिसे वह नहीं पहचानता। थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**विदिशा से बायरोड लेकर पहुंचे भोपाल**

विदिशा के होटल में बंधक बनाकर बेल्ट और लात-घूंसों से मारपीट करने के बाद हरिओम अपने साथी के साथ लेकर ऑडी कार से नीरज और लखन को लेकर मिसरोद स्थित शिवा वुड कॉलोनी पहुंचे। सुबह करीब चार बजे कॉलोनी में उन्होंने कार रोकी। दो लोग कार में लखन को लेकर बैठे थे, जबकि नीरज को दो लोग ऊपर फ्लैट में लेकर जा रहे थे। इसी बीच लखन कार से उतरकर भागा और शोर मचाने लगा। शोर सुनकर कॉलोनी के लोग इकट्ठा होने लगे। इस दौरान कार में बैठे आरोपी और नीरज को ऊपर ले जा रहे आरोपी मौके से भाग निकले।

**पंद्रह दिन पहले आए थे खाते में चार लाख रुपए**

नीरज मालवीय ने बताया कि उसके खाते में पंद्रह दिन पहले चार लाख रुपए की रकम आई थी। रकम आते ही ट्रक की पेंडिंग ईएमआई के एक लाख रुपए कट गए। तीन लाख रुपए नीरज ने हरिओम वैष्णव के खाते में ट्रांसफर करा दिए। एक लाख रुपए कम देने पर हरिओम भड़क गया। हरिओम ने एक लाख रुपए नहीं देने पर बात करने का कहकर विदिशा बुलाया। नीरज गुरुवार देर रात विदिशा पहुंचा। उसके साथ उसका साथी लखन था। हरिओम वैष्णव के साथ तीन अन्य दोस्त थे।

**पुलिस को जांच में नहीं मिला सुसाइड नोट**

## हार्ट की बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाई, मौत

*◆ घर की आर्थिक स्थिति बिगड़ने से रहता था परेशान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित नगर निगम कॉलोनी में हार्ट की बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगा ली। उनकी लाश उनकी पत्नी ने फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह हार्ट की बीमारी से परेशान थे और उनकी दवाइयां चल रही थी।

पुलिस के अनुसार निखिल पटेल (50) नगर निगम कॉलोनी, छोला मंदिर में रहते थे और फेब्रिकेशन का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी और बच्ची हैं। गुरुवार सुबह पत्नी और बच्ची मार्केट गए थे। घर निखिल पटेल अकेले थे। करीब दो बजे पत्नी मार्केट से घर लौटी। इस दौरान कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो रिश्तेदार को जानकारी दी। रिश्तेदार घर पहुंचा और दरवाजा तोड़ा गया। दरवाजा तोड़ने पर निखिल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि निखिल पटेल हार्ट की बीमारी से परेशान थे और उनकी दवाइयां चल रही थी। महंगी दवाइयां और घर खर्च में उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी थी।

### पांच साल की बच्ची के सामने पिता ने लगाई फांसी

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी में नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने पांच साल की बच्ची के सामने फांसी लगा ली। बच्ची ने सामने रहने वाले अपने दादा को घर बुलाया। जब वह घर पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। दादा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। शुक्रवार सुबह शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा गया है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसआई ओमकार ठाकुर ने बताया कि रवि शाक्य पिता राकेश शाक्य (32) बरखेड़ी, जहांगीराबाद में रहता था। करीब तीन महीने पहले ही मृतक की पत्नी ने पांच और दो साल की बच्ची को छोड़कर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को अनुमान है कि रवि शाक्य पत्नी की मौत से दुखी था।



पटरी की तरफ जाती हुई महिला।

## पुलिस की तत्परता से बचाई गई महिला की जान

**पति के शराब पीने की आदत से थी परेशान**

**औबेदुल्लागंज।** थाना औबेदुल्लागंज पुलिस की तत्परता से आज महिला की जान बच गई। डायल 112 कंट्रोल रूम रायसेन से एक महिला रेल पटरी पर आत्महत्या करने के उद्देश्य घूम रही है की सूचना मिलने पर थाना औबेदुल्लागंज के सहायक उप निरीक्षक मुकेश कबड़े, आरक्षक ऋषभ यादव, महिला आरक्षक ममता तत्काल पॉइंट पर पहुंचकर महिला की जान बचाई। उक्त महिला से पूछताछ की तो महिला ने औबेदुल्लागंज क्षेत्र की होना बताया। महिला ने बताया कि पति के शराब पीने की आदत से परेशान होकर आत्महत्या करने के उद्देश्य से यहा आई थी। पुलिस ने महिला को समझा बुझा कर उसके देवर के साथ रवाना किया।

## नगर परिषद अध्यक्ष के चुनाव के लिए कांग्रेस के कई नेता सक्रिय

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव अब सीधे होने से कांग्रेस के कई नेता सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस नेता उत्तम यादव, कमलेश लोधी ने बताया कि पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन का कहना है कि इस बार औबेदुल्लागंज नगर परिषद सामान्य पुरुष सीट होने की संभावना है। इसीलिए कांग्रेस में महेश जैन एवं वरिष्ठ नेता संजय सिंह चौहान, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, अशोक जायसवाल, दुर्गेश यादव के नाम कांग्रेस से सामने आ रहे हैं। नगर परिषद अध्यक्ष इस बार कांग्रेस का बने, उसके लिए अभी से सभी कांग्रेसी नेता सक्रिय हो गए हैं। अनिल अरोरा ने दावा किया कि अगर 5 से 6 प्रत्याशी खड़े होते हैं तो पार्षद आमिर ममनून भी सातवें प्रत्याशी होंगे। अनिल अरोरा ने आमिर ममनून को अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए खड़े होने का दावा किया।



शौर्य यात्रा निकालते हुए लोग।

## शहर के भ्रमण पर निकली शौर्य यात्रा, संगोष्ठी का किया आयोजन

**संतनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संत नगर ने शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में जैन मंदिर धर्मशाला में संगोष्ठी आयोजित की, जिसमें गंगा धाम आश्रम के पूज्य संत तुलसी महराज, मध्य भारत प्रांत के विशाल पुरोहित एवं मुख्य वक्ता के रूप में भोपाल विभाग मंत्री जीवन शर्मा का उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जैन समाज के सचिव राकेश जैन उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के पश्चात शौर्य यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग व शहर के भीतरी मार्ग से होते हुए पुनः जैन धर्मशाला बस स्टैंड पर समाप्त की गई। मालूम हो कि 6 दिसंबर 1992 को हिंदू समाज ने मिलकर विवादित ढांचे को तोड़ा था। वह गीता जयंती का दिन था, इसलिए इस दिन को हिंदू समाज शौर्य दिवस के रूप में मनाता है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक सिंघाई, चंद्र प्रकाश सबनानी, जीतू कटारिया, गजेंद्र मेवाड़ा, भूपेंद्र गुर्जर, दयाराम मेहर, पवन धाकड़, संदीप जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**महिलाएं बोलीः बिना सहमति के जबरदस्ती लगा रहे स्मार्ट मीटर**

## स्मार्ट बिजली मीटर लगाने को लेकर बाणगंगा में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर लोगों का विरोध थम नहीं रहा है। शुक्रवार को बाणगंगा इलाके में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने पर हंगामा हो गया। यहां बिजली कंपनी के ठेका कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे थे। रहवासियों की बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाने का महिलाओं ने विरोध कर हंगामा शुरू कर दिया। महिलाओं के साथ कांग्रेसियों ने भी विरोध जताया है। बाणगंगा के अलावा प्रताप नगर, हसनाथ नगर, दशहरा मैदान समेत पांच इलाकों में ठेका कंपनी के कर्मचारी मीटर लगाने पहुंचे थे। लोगों के विरोध के बाद यहां मीटर लगाने का काम फिलहाल बंद कर दिया गया। कर्मचारी भी लौट गए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि मीटर जरूर लगाए जाएंगे। पूरे शहर में लग रहे हैं।



**ठेकेदार दे रहा धमकी**

बाणगंगा की महिलाओं ने कहा कि बिना पूछे ही मीटर बदल दिया। कई घरों में ताला लगा था। फिर भी कर्मचारी मीटर लगा गए। लोगों का स्मार्ट मीटर के लिए ठेकेदार लोगों को धमका भी रहे हैं। मीटर लगाने से पहले लोगों को समझाया जाना चाहिए था, लेकिन बिजली कंपनी ने ऐसा नहीं किया।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, अधिकारी नहीं ले रहे सुध

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि औबेदुल्लागंज में गरीबों का अतिक्रमण हटाने वाले और रोजगार के लिए दुकान न देने वाले अतिक्रमण करने वालों की मुट्ठी में हैं।

उन्होंने बताया कि भोपाल रोड स्थित पीडब्ल्यूडी के दफ्तर से लेकर पीडब्लूडी पुलिया तक सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण होने की शिकायत शुक्रवार को तहसीलदार नीलेश सरवटे को फोन देते हुए बताया कि लोक निर्माण की जमीन एवं राजस्व की जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है। इस पर तहसीलदार सरवटे ने कहा कि मैं औबेदुल्लागंज के पटवारी को भेज कर जांच करवाता हूं। लोक निर्माण के एसडीओ चौहान ने फोन पर बताया कि पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अतिक्रमण हुआ है, तो मैं दिखवाता हूं।

**सुबह और शाम को रहता है वाहनों का ज्यादा दबाव**

# मंडीदीप की सर्विस रोड पर रोजाना लग रहा घंटों जाम रेंगते रहते हैं वाहन, नगर में ट्रैफिक लाइट भी है बंद

**चौराहों से पुलिस नदारद प्रतिदिन हजारों वाहनों का होता है आना-जाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मिसरोद से जबलपुर तक बने 529 करोड़ की 6 लेन सड़क मंडीदीप के आम लोगों के लिए सुविधा से ज्यादा परेशानियों का सबब बन रही है। विगत वर्षों से मंडीदीप की सर्विस रोड पर घंटों जाम लगा रहता है और वाहन रेंगते रहते हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। कहने को तो मंडीदीप के आम जन को सुविधाओं के लिए हाइवे निकला है, परन्तु उन्हें पहले से ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्टेशन रोड, सतलापुर जोड़, एचईजी ओवर ब्रिज में आए दिन वाहनों की लंबी कतार देखने को मिलती है। मंडीदीप में प्रतिदिन हजारों वाहनों का आना जाना लगा रहता है, जिसमें लंबी दूरी के वाहन, औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारी, स्कूली बच्चे, किसान और व्यापारियों के वाहन होते हैं, जिन्हें आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं मंदीदीप समेत आस-पास जैसे सतलापुर, गज्जू पिपलिया, पटेल नगर और औद्योगिक इकाई में कार्यरत कर्मचारी सुबह और शाम जाम के कारण घंटों जूझते नजर आते हैं।

सुबह और शाम को ज्यादा जाम लगने से आम जन में आक्रोश दिखाई देता है। हाइवे के सर्विस रोड पर लगने वाले जाम को लेकर जब हरिभूमि द्वारा एमपीआरडीसी के रीजनल अधिकारी सोनल सिन्हा से बात करने की कोशिश की, लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

**ट्रॉली भी जाम की वजह**

मंडीदीप में हाइवे के पास गल्ला मंडी है। यहां धान की ट्रैक्टर ट्रॉलियां भी बड़ी संख्या में रोजाना आतीं है। धान से भरीं ये ट्रैक्टर ट्रालियां दशहरा मैदान में बने नीलामी केंद्र में जातीं हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती है।

**यह है जाम लगने के मुख्य कारण**

मंडीदीप में जान लगने का मुख्य कारण सतलापुर में ट्रैफिक लाइट के चालू न होना है। एचईजी के सामने ओवर ब्रिज के फ्लैस भी नहीं हटाए गए है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। दूसरी और पुलिस बल की कमी से रोज जाम से निपटने में समस्या आती है।

**कहां-कहां लगता है जाम**

मंडीदीप में मुख्य रूप से देखा जाए तो स्टेशन रोड, सतलापुर जोड़, ब्रिज की सर्विस रोड और नए बस स्टैंड, गल्ला मंडी पर रोजाना घंटों जाम लगता है।

## मुख्य चौराहे पर रोजाना लग रहा जाम, लोग परेशान

**पुलिस थाने में नहीं है फोन, कैसे करें शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के मुख्य चौराहे से लेकर स्टेट बैंक तक शुक्रवार को लंबा जाम लग गया, जिससे वाहन चालक परेशान होते रहे। बताया जा रहा है कि पंजीयन कार्यालय के सामने सड़क पर अपने वाहन खड़ा कर लोग रजिस्ट्री कराने चले जाते हैं, जिससे वाहनों के आने-जाने में दिक्कत होती है। वहीं धान की ट्रैक्टर ट्रॉलियां भी अधिक संख्या में आईं, जिससे वाहनों का दबाव ज्यादा रहा।

लोगों ने यह भी बताया कि कुछ लोग सड़क में वाहन खड़ा कर नाश्ता करने लगते हैं। मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती न होने से लोगों को परेशान होना पड़ता है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस और अन्य पुलिस वाले हाईवे पर एंट्री फीस वसूलते रहते हैं, पर नगर में रोजाना लग रहा जाम पर कोई ध्यान नहीं देता। नगरवासियों ने कि नगर में अपराध बढ़ रहे हैं, इसके बावजूद पुलिस गश्त तक नहीं करती। लोगों ने यह भी बताया कि जाम लगने पर हम फोन किसे करें, पुलिस थाने में फोन ही नहीं है।

### महामृत्युंजय जाप, रुद्राभिषेक, आरती, प्रसाद का हुआ वितरण

# मंशापूर्ण महादेव मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ महामृत्युंजय जाप और रुद्राभिषेक हवन



मंशापूर्ण महादेव मंदिर में प्रार्थना करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर धाम शिव रॉयल पार्क फेज 2 सलैया का शुक्रवार को पांचवा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक प्रताप सिंह यादव ने बताया कि इस दौरान 11000 महामृत्युंजय जाप और रुद्राभिषेक हवन आरती और प्रसाद वितरण हुआ। इस कार्यक्रम में सलैया मिसरोद और कोलार क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद थे।

### समोई (झाबुआ) के श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में भोपाल से वर्चुअली हुए शामिल

# श्रीकृष्ण पाथेय में जोड़ेंगे धार-झाबुआ में मौजूद श्रीकृष्ण से संबंधित स्थानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धार और झाबुआ में भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों से संबद्ध स्थानों को श्रीकृष्ण पाथेय में शामिल कर तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने झाबुआ के ग्राम समोई में आयोजित श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज झाबुआ-निमाड़ में आनंद बरस रहा है। डॉ. यादव श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में भोपाल से वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव परंपरा, भक्ति, समाज सुधार और आध्यात्मिक एकता का अद्भुत संगम है। उन्होंने प्रणामी सम्प्रदाय के अनुयायियों औरसमाज के लोगों को धर्म महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कामना की कि भगवान श्रीकृष्ण, श्यामाजी महारानी, सद्गुरू देवचन्द्र, स्वामी प्राणनाथ, वृंदावन दास महाराज और नटवरदास महाराज की सदैव सभी पर कृपा बनी रहे। समोई में कार्यक्रम स्थल पर संतों के साथ अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, धार-झाबुआ सांसद अनीता नागर सिंह चौहान और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म महोत्सव में वर्चुअली शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

#### भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अद्भुत

मुख्यमत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अद्भुत रहा है। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानने वाले प्रणामी सम्प्रदाय के द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण प्रणामी महोत्सव सर्वधर्म संभाव और सनातन मूल्यों को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि 400 वर्ष पूर्व सद्गुरू श्री देवचन्द्र जी महाराज के द्वारा प्रारंभ किए गए प्रणामी संप्रदाय के लिए वे आज अखण्ड सनातन परंपरा का प्रकाश स्तंभ है। प्रणामी सम्प्रदाय का व्यापक प्रचार-प्रसार प्राणानाथ स्वामी और उनके शिष्य महाराज छत्रसाल ने किया था। प्रणामी संप्रदाय के प्रमुख 3 धामों में से एक धाम पद्मावती पुरी है, जो कि हमारे प्रदेश के पन्ना शहर में है। श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म एक ऐसा मार्ग है, जो कृष्ण भक्ति, आध्यात्मिक ज्ञान और सार्वभौमिक भाईचारे के सिद्धांतों पर आधारित है।

## खबर संक्षेप

### द्वारकाधीश व रुक्मिणी माता ने दिए दर्शन कालभैरव हुआ जागृति

**भोपाल।** शहर के मंदिरों में शुक्रवार को शुभ संयोग में पौष माह के कृष्ण पक्ष की रुक्मिणी अष्टमी पर रणजीत जयंती, भैरव व रुक्मिणी अष्टमी मनाई गई। इस मौके पर जहां राजधानी श्रीकृष्ण मंदिरों में रुक्मिणी अष्टमी के अवसर पर भगवान द्वारकाधीश और देवी रुक्मिणी के दिव्य रूप में दर्शन किए। कृष्ण मंदिरों में एकमात्र दिन रुक्मिणी अष्टमी पर ही भगवान कृष्ण द्वारिकाधीश स्वरुप में माता रुक्मिणी के साथ विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। चौबदारपुरा तलैया स्थित श्री बकि बिहारी मार्कैडेय मंदिर में भगवान का द्वारिकाधीश और मां रुक्मिणी का अभिषेक पूजन कर दिव्य श्रृंगार किया गया। महिलाओं ने परिवार की सुख समृद्धि की कामना के साथ व्रता रखा। माता रुक्मिणी और श्रीकृष्ण पूजा कर कर मंगल गीत गाए। तो वहीं नेवरी स्थित कालभैरव मंदिर में श्री काल भैरव की विशेष साधना कर तंत्र और मंत्र के माध्यम से उन्हें जागृत किया गया।

### डॉ. मनीषा उपेंद्र कोठेकर बनी एनसीआईएसएम की चेयरपर्सन



**भोपाल।** एनसीआईएसएम की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार प्रमुख पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। आईईएस विवि के एडमिन मैनेजर डॉ. पुनीत अजमेरिया और नीमा छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह भदौरिया ने भी सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। डॉ भदौरिया ने बताया कि डॉ. मनीषा उपेंद्र कोठेकर को एनसीआईएसएम की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। डॉ भदौरिया ने नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीआईएसएम में हुई ये नियुक्तियां पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को वैश्विक मानकों पर ले जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं।

### पीडियाट्रिक्स सम्मेलन आज से, बाल चिकित्सा पर होगा मंथन

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में शनिवार से दो दिवसीय 56वें एमपीआईएपी पेडीसन 2025 इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स का राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन हो रहा है। यह आयोजन 13 एवं 14 दिसंबर को होटल सयाजी में किया जा रहा है। एमपी इंट्रीगेटेड एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स और भोपाल एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। आर्गनाइजिंग कमेटी के सेक्रेटरी डा. राजेश टिक्कस और चेयरपर्सन डॉ पंकज शुक्ला ने बताया कि इस कांफ्रेंस का उद्देश्य प्रदेश सहित पूरे देश में बाल रोग उपचार की गुणवत्ता बढ़ाना और नवजात से पांच वर्ष तक के बच्चों की बीमारी व मृत्यु-दर कम करने में वैज्ञानिक योगदान देना है। भोपाल में होने वाला यह सम्मेलन मध्यप्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक शैक्षणिक उपलब्धि साबित होगा। शुक्रवार को पेडिकान 2025 की प्रमुख विशेषता 7 प्री-कांफ्रेंस वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप भोपाल के प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में आयोजित हुई।

### बल प्रमुख ने संजय टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर को भेजा नोटिस, कहा घटनाएं चिंताजनक

# मध्य प्रदेश में अब तक 50 बाघों की मौत, पिछले 25 सालों का टूटा रिकॉर्ड

कई वन्य जीवों की मौत बिजली, सड़क दुर्घटना और रेल के कारण से हुई है

*मध्य प्रदेश में बाघ और तेंदुए की लगातार मौत और सुरक्षा के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने अफसर को हड़काया*



सांकेतिक चित्र।

वहीद खान ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में बाघों की मौत का आंकड़ा पिछले 25 सालों का टूट गया है। मध्य प्रदेश में यह काफी लंबे समय के बाद हुआ है कि 1 साल के भीतर 50 बाघों की मौत हुई है। देश भर में बाघों की मौत के मामले में मध्य प्रदेश नंबर वन हो चुका है। लगातार हो रही बाघ और तेंदुए की मौत के बाद सुरक्षा पर सवाल उठ गए हैं। यही कारण है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक और बल प्रमुख वी एन अंबाड़े ने संजय डुबरी टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर को नोटिस भेजा है।

मध्य प्रदेश में बाघों और तेंदुओं की लगातार मौत और सुरक्षा के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने अफसर को हड़काया है। अफसर को नोटिस जारी करते हुए कहा है कि वन एवं वन जीव संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है लेकिन देखने में आया है कि पिछले कई महीनो में बाघ और तेंदुओं की मौत की घटनाएं बढ़ी है। इन घटनाक्रमों में कई वन्य जीवों की मौत बिजली, सड़क दुर्घटना और रेल के कारणों से हुई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि निर्देश जारी करने के बाद भी वन्य जीव संरक्षण के प्रति लापरवाही बढ़ती जा रही है। सभी अधिकारी कर्मचारी वन्य जीव संरक्षण के प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए काम करें। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे और अन्य एजेंसियों से संपर्क स्थापित भविष्य में किया जाए। जैसे कि घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। इस संबंध में कार्य योजना बनाने और अधिकारी कर्मचारी सुरक्षा योजना में जुटे रहे। प्रदेश के टाइगर रिजर्व के अंदर वन्यजीवों की पुख्ता व्यवस्था होने के बावजूद भी बाघ और वन्यजीवों का शिकार हड्डी आदि जब्त होना। यह दुर्भाग्यपूर्ण है इस घटनाओं से अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही नजर आती है। इसलिए फिर से निर्देश दिए हैं कि विवेचना सभी मामलों में की जाएं। इसके साथ ही कर्मचारियों की लापरवाही की विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुख्यालय को जानकारी भेजें। वन्य जीव सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही असहनीय होगी।

#### दोषी अफसर पर कार्रवाई की मांग- दुबे

हमारी मांग पहले से ही यह रही है कि बाघों की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो। उनके सुरक्षा के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं लेकिन फिर भी मौत हो रही है शिकार हो रहे हैं। इस पर ध्यान देने की जरूरत है अफसर के खिलाफ जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

#### अभी नोटिस भेजा है आगे कार्रवाई भी करूंगाः बल प्रमुख

प्रदेश भर में बाघों की मौत यह चिंता की बात है। इसलिए सभी मुख्य वन संरक्षक को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा संजय टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर को नोटिस भेज कर जवाब मांगा गया है। लगातार प्रदेश भर में बाघों की मौत यह विभाग के लिए चिंता का विषय है। यही कारण है कि अफसर के खिलाफ अभी तो नोटिस जारी की है और आगे कार्रवाई की जाएगी।
- वीएन अंबाड़े, पीसीसीएफ (हाफ)

### पीएम मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे, समारोह के लिए तैयारियां शुरू

# भोपाल मेट्रो का लोकार्पण 20 को मिंटो हाल में होगा आयोजन

एम्स से सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन तक दौड़ेगी मेट्रो, बाहरी कामों को तेजी से पूरा करने में जुटा हुआ है अमला

मेट्रो प्रशासन ने कार्यक्रम को दिया अंतिम रूप, मेट्रो स्टेशनों को यात्रियों के लिए किया जा रहा है चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो का लोकार्पण अब 21 के बजाए 20 दिसंबर को होगा। शुक्रवार को मप्र मेट्रो ने भोपाल में मेट्रो के लोकार्पण की तारीख की घोषण कर दी। लोकार्पण कार्यक्रम शहर के मिंटो हाल में होगा जहां केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगें। इसी दिन में राजधानी में मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि 20 दिसंबर को मिंटो हाल में दिनभर कार्यक्रम चलेंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं।

लंबे समय से मेट्रो के संचालन का इंतजार कर रहे लोगों को अब 20 दिसंबर से मेट्रो में यात्रा करने का मौका मिलेगा। मेट्रो प्रशासन ने उक्त तारीख की पुष्टि करते हुए कार्यक्रम की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने बताया कि 20 दिसंबर को भोपाल मेट्रो का लोकार्पण किया जाएगा। लोकार्पण समारोह मिंटो हाल में होगा।

#### सिक्योरिटी व अन्य स्टॉफ तैनात कर दिया गया

मेट्रो के जिन स्टेश्नों पर बाहरी और कुछ निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसके लिए अमला 24 घंटे काम कर रहा है। जबकि सिक्योरिटी व अन्य स्टॉफ तैनात कर दिया गया है।

#### यह प्रोजेक्ट अगले 100 वर्षों की आवश्यकता

मेट्रो प्रबंधन सोमवार को पूरे आपरेशन से जुड़ी विस्तृत जानकारी जारी करेगा, जिसमें संचालन समय, किराया व अन्य यात्रियों से संबंधित विवरण शामिल होगा। अधिकारियों का कहना है कि यह प्रोजेक्ट अगले 100 वर्षों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### एग्जिट टेस्ट का विरोधः छात्रों ने कहा

# एमबीबीएस छात्रों की तरह वर्ष 28-29 के बाद किया जाए लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शैक्षणिक सत्र 2021-22 बैच से नेशनल एग्जिट टेस्ट (नेक्स्ट) लागू करने के आदेश का मध्यप्रदेश समेत देशभर में आयुष छात्र विरोध में आए गए है। आयुष छात्रों का कहना है कि एमबीबीएस छात्रों की तरह वर्ष 2028-29 के बाद इस आदेश को लागू किया जाए। बता दें कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा आयुष विभाग, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, वीसी, डायरेक्टर, डीन, रजिस्ट्रार व अन्य संबंधित अथॉर्टीज को पत्र भेजकर सूचित किया कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 बैच के छात्रों से नेशनल एग्जिट टेस्ट लागू होगा और इनकी संभावित परीक्षा मार्च 2027 में होगी। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि एनसीआईएसएम को एनएमसी की तरह आयुष छात्रों हेतु फिलहॉल नेशनल एग्जिट टेस्ट परीक्षा को स्थगित कर देना चाहिए। छात्रों के हित को देखते हुए एनसीआईएसएम उनकी मांगों को जरूर मानेगी।

#### प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि आयुष मेडिकल एसोसिएशन व निजी आयुर्वेद महाविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन नईदिल्ली, केंद्रीय आयुष मंत्री के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बीएएमएस आयुर्वेद, बीयूएमएस यूनानी, बीएसएमएस सिद्धा व सोवा-रिग्पा स्नातक आयुष छात्रों के लिए फिलहाल नेशनल एग्जिट टेस्ट स्थगित करने की मांग की है।

### 25 दिसंबर तक कराना होगा रजिस्ट्रेशन

# प्राथमिक शिक्षकों को ब्रिज कोर्स करना होगा अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील और उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेशों के क्रम में प्राथमिक शिक्षक पात्र परीक्षा वर्ष 2020 के परिणाम के आधार पर नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों के लिए नेशनल ओपन स्कूल (एनआईओएस) द्वारा ब्रिज कोर्स की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसकी सूचना जारी करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने कहा है कि संबंधित शिक्षक 25 दिसम्बर 2025 तक एनआईओएस के पोर्टल पर समय-सीमा में रजिस्ट्रेशन न कराने वाले अथवा निर्धारित समय-सीमा में ब्रिज कोर्स उत्तीर्ण न करने वाले प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुसार जारी नहीं रखी जा सकेंगी।

#### शिक्षक भर्तीः 17 तक दस्तावेज करने होंगे अपलोड

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित माध्यमिक शिक्षक विषय खेल, गायन, वादन तथा प्राथमिक शिक्षक खेल, गायन, वादन, नृत्य चयन परीक्षा वर्ष 2024 के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सूचना जारी की है। जिसमें बताया गया है कि परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों में से जिन अभ्यर्थियों ने अब तक दस्तावेज अपलोड नहीं किये हैं। उक्त शिक्षक 16 एवं 17 दिसम्बर 2025 को पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीयन कर दस्तावेज अपलोड करने के लिए कहा गया है। अभ्यर्थी 18 दिसम्बर को उनके द्वारा चयनित जिलों में दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे।

### बेटियों पर अभद्र टिप्पणी के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप

# संतोष वर्मा पर कार्रवाई को लेकर मंत्रालय में कर्मचारियों ने बजाए शंख और झालर



प्रदर्शन करते मंत्रालय के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएएस संतोष कुमार वर्मा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को शुक्रवार को को मंत्रालय के सामने सकल ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा तथा सामान्य वर्ग के कर्मचारियों द्वारा शंखनाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्राह्मण समाज के लोगों ने प्रशासन को जगाने के लिए मंत्रालय के सामने शंख झालर बजाकर प्रदर्शन किया। साथ ही हनुमान चालीसा पाठ किया। मंत्रालय अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने बताया कि बेटियों के प्रति अभद्र गंदी टिप्पणी करने के और कई प्रकार के फर्जीवाड़े उजागर हो जाने के बावजूद आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विरुद्ध 18 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अभी तक ब्राह्मण वर्ग और सामान्य वर्ग के लोग अलग-अलग स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। अब संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयुक्त आंदोलन का यह प्रथम चरण है। संयुक्त मोर्चा का गठन हो चुका है और आंदोलन न्याय मिलने तक जारी रहेगा।

#### कल करेंगे सीएम हाउस का घेराव

आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर 14 दिसंबर को सीएम हाउस का घेराव किया जाएगा। घेराव में प्रदेश के सभी जिलों से सकल ब्राह्मण समाज और सर्व समाज के लोग शामिल होंगे। सीएम हाउस का घेराव कर बेटियों के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले संतोष वर्मा पर कार्यवाही की मांग की जाएगी।

### कार्यों की रिपोर्ट के आधार पर बन रही है सूची, जल्द जारी किए जाएंगे आदेश

# ननि में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी, बदले जाएंगे एएचओ, वार्ड प्रभारी, बनेंगे 6 नए राजस्व अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी चल रही है। जल्द ही निगम के 21 जोन में लंबे समय से जमे सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बदले जाएंगे तो वहीं वार्ड प्रभारियों को भी हटाया जाएगा। उनके स्थान पर नई भर्ती से आए एआरआई को वार्ड प्रभारी का जिम्मा दिया जाएगा। इसके अलावा भोपाल में छह विधानसभा सीटों के अनुसार छह आरआई बनाए जाएंगे। निगम प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि सूची भी तैयार हो चुकी है। जल्द ही आदेश भी जारी हो जाएंगे।

बताया जा रहा है निगम आयुक्त न सिर्फ इंजीनियरों के कामकाज से नाखुश हैं बल्कि बीते दिनों शहर के अलग-अलग क्षेत्रों के उनके द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था के कामों में भी लापरवाही मिली। बीती टीएल की बैठकों में लगातार अधिकारियों के कामों को लेकर नाराजगी निगम आयुक्त की नाराजगी देखने को मिल चुकी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि नए सिरे से बदलाव होगा।

#### इन्हें मिल सकता है वार्ड प्रभारी का जिम्मा




फाइल फोटो।

2017 बैच के नए सहायक राजस्व अधिकारी पुष्पेंद्र सेंगर, नीरज नामदेव, सुयश सोनी, रजनीश वशिष्ठ, मधुर जैन, अक्षत तिवारी को वार्ड प्रभारी का जिम्मा मिल सकता है।

#### अधिकारियों-कर्मचारियों में बेचैनी

निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों में इस बात को लेकर बेचैनी है कि उन्हें अब कहां जाएगा। कई अधिकारी लूप लाइन में जाएंगे इसकी आशंका भी अधिकारी और कर्मचारियों के मन में है। सूत्रों की मानें तो निगम प्रशासन ने बाकायदा सूची तैयार कर ली है। सूची में शामिल नामों की भनक भी कुछ लोगों को लग गई है। सूची से नाम हटवाने की कोशिशों में भी अधिकारी लगे हैं।

#### एक दर्जन से ज्यादा एएचओ जो लंबे समय से जमे हैं

निगम प्रशासन ने सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नए सिरे से बदलाव की तैयारी कर ली है। 21 जोन में 21 सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों में से एक दर्जन से ज्यादा ऐसे हैं जो पांच से आठ साल से एक ही जोन में जमे हैं। उनके जोन में या तो बदलाव हो गया या फिर स्वच्छता मुहिम में उनकी भूमिका तय होगी।

#### इन अधिकारियों को मिल सकता है विधानसभा वार आरओ की जिम्मेदारी

सत्य प्रकाश बडगैया राजस्व निरीक्षक, विशाल रामकर मुख्य राजस्व निरीक्षक हैं वर्तमान में जेडओ, मंयज जाट, कुलदीप जैन जेडओ, अनंत त्यागी मुख्यालय, नूतन खरे जेडओ, राम दत्त तिवारी जीएडी, सोनाली साहू जेएडी हैं। इन्हीं अधिकारियों में से विधानसा क्षेत्र की जिम्मेदारी मिलेगी। बताया जा रहा है कि निगम ने सूची भी तैयार कर ली है।

#### निगम परिषद की बैठक के लिए तैयार हो रहा एजेंडा, बजट को लेकर पार्षदों ने लगाए सवाल

**भोपाल।** नगर निगम परिषद की आगामी 30 दिसंबर को प्रस्तावित बैठक के लिए पार्षदों से सवाल परिषद को भेज दिए हैं। पांच से छह पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों, पेंडिंग कामों और बजट को लेकर सवाल लगाए हैं, जबकि पिछली परिषद की बैठक में एक सवाल के जवाब से अंसतुष्ट पार्षद ममता मनोज विश्वकर्मा ने निगम आयुक्त को शिकायत की है। मामला उनके वार्ड में एक योजना के तहत बजट मिले बिना ही काम पूरा होने का जवाब मिलने का है। पार्षद योगेंद्र चौहान ने तहबाजारी वसूली में हो रही गड़बड़ी को लेकर सवाल लगाया है। जबकि कांग्रेस पार्षदों सहित कुछ भाजपा पार्षदों ने भी सवाल लगाए हैं। पार्षद मनोज ममता विश्वकर्मा ने पिछली परिषद की बैठक में लगाए गए सवाल के जवाब से असंतुष्ट हैं। इसकी शिकायत भी उन्होंने लिखित में निगम आयुक्त को की है। उनका कहना है कि आगामी प्रस्तावित परिषद की बैठक के लिए उन्होंने सवाल नहीं लगाया है। इधर परिषद ने एजेंडा तैयार करना शुरू कर दिया है। इस बार एजेंडे का मुख्य मुद्दा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनयमित करने और विनयमित कर्मचारियों को नियमित करने का है।

- पिछली परिषद की बैठक में जवाब से असंतुष्ट पार्षद ने निगम आयुक्त से की शिकायत

# जब न्याय के लिए चींटी बनी चिड़िया की ताकत... राजा विवश होकर बढ़ई को देता है आदेश



रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'एक थी चिड़ी' का मंचन करते हुए कलाकार।

## चिड़िया का दाना बढ़ई के खूंटे में समा जाता है, बढ़ई खूंटा काटने से मना कर देता है, तो चिड़िया न्याय के लिए करती है यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में शुरू हो रहे तीन दिवसीय रंग संस्कृति नाट्य समारोह में संजय उपाध्याय के निर्देशन में एक थी चिड़ी का मंचन शुक्रवार शाम किया गया। यह नाटक प्रचलित लोक कथा एक नन्ही और संकल्पबद्ध भूखी चिड़िया और उसके बच्चों की है, जिसका अमूल्य दाना दुर्भाग्यवश एक हठी बढ़ई के दृढ़ खूंटे में समा जाता है। जब बढ़ई उस खूंटे को काटने से इनकार कर देता है, तो चिड़िया न्याय और अपने दाने की प्राप्ति के लिए एक लंबी और चुनौतीपूर्ण यात्रा पर निकलती है।

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक एक थी चिड़ी का मंचन



नाटक 'एक थी चिड़ी' का मंचन करते हुए कलाकार।

### कथासार

नाटक में दिखाया कि चिड़िया सहायता के लिए क्रमशः राजा, रानी, सांप, लाठी, आग, पानी, हाथी जैसी शक्तिशाली संस्थाओं के समक्ष गिड़गिड़ाती है, किंतु अहंकारवश हर कोई उसकी उपेक्षा कर देता है। निराश न होते हुए, वह अंततः एक नन्ही चींटी से सहायता मांगती है। चींटी, अपने लघु आकार के बावजूद, चिड़िया के साथ न्याय करने का दृढ़ संकल्प लेती है, जिससे सहायता की एक अद्भुत श्रृंखला आरंभ होती है। चींटी के भय से लेकर, शक्तिशाली तत्वों के सहमत होने तक, अंततः राजा को विवश होकर बढ़ई को आदेश देना पड़ता है।

---

**बहुत सच्चाई और दिल से निभाया तन्वी का किरदार**

# शुभांगी दत्त ने 'तन्वी द ग्रेट' के लिए जीता बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शुभांगी दत्त अवॉर्ड के साथ।

अनुपम खेर की प्रेरणादायक और पसंद की जाने वाली फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को एक और बड़ी खुशी मिली है। फिल्म की लीड एक्ट्रेस शुभांगी दत्त ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया है। शुभांगी को मिला यह सम्मान दिखाता है कि उन्होंने तन्वी रैना का रोल बहुत ही सच्चाई और दिल से निभाया। यह वह किरदार है जिसने अपनी मासूमियत, हिम्मत और लगन से दुनिया भर के दर्शकों को छू लिया है।

**विदेशों में सराहना मिलना है हमारे लिए खुशी की बात :** फिल्म की इस सफलता पर अपनी खुशी बताते हुए अनुपम खेर ने कहा शुभांगी इस अवॉर्ड की पूरी तरह हकदार हैं। उन्होंने तन्वी को बेहद ईमानदारी से निभाया। 'तन्वी द ग्रेट' दिल से बनी फिल्म है और इसे विदेशों में सराहना मिलना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। हम चाहते हैं कि यह फिल्म और भी जगहों तक पहुंचे।

### अनुपम सर की आभारी, जिन्होंने मुझे इस रोल के लायक समझाः शुभांगी दत्त

इस अवॉर्ड पर भावुक होकर शुभांगी दत्त ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है। तन्वी का किरदार निभाने के लिए सच्चाई, हिम्मत, मेहनत और दिल की मजबूती चाहिए थी, और मुझे खुशी है कि दुनिया के लोगों ने इस फिल्म को अपना प्यार दिया। मैं अनुपम सर की आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इतना खूबसूरत रोल दिया।

---

**गौहर महल में आयोजित परी बाजार के दूसरे दिन हुई विभिन्न प्रस्तुतियां**

# राधाकृष्ण के रस, सुरों और उर्दू शायरी के कलामों की आवाज से गूंज उठा परी बाजार, लोगों ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में आयोजित परी बाजार का दूसरा दिन शुक्रवार को अद्भुत सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। सुर, संगीत, शायरी और स्त्री–सशक्तिकरण की थीम पर सजा यह दिन राधाकृष्ण के श्रृंगार रस से लेकर ऊर्दू शायरी की नफ़ासत तक, एक अनूठी कलात्मक यात्रा का साक्षी बना। वूमेन एजुकेशन एंड एम्पॉवरमेंट सोसायटी (वीस) द्वारा 'सशक्त मध्यप्रदेश' थीम पर आयोजित 'बेगम्स ऑफ भोपाल' का यह वार्षिक आयोजन मप्र पर्यटन विभाग और वीर भारत न्यास के सहयोग से आयोजित हो रहा है। दूसरे दिन की सबसे मनोहारी प्रस्तुति रही दास्तांगो। इसमें दिल्ली की फौजिया दास्तांगो का राधाकृष्ण पर केंद्रित संगीतमयी कार्यक्रम ने दर्शकों को श्रृंगार रस की सूक्ष्मतम अभिव्यक्ति से रूबरू कराया।

'बेगम्स ऑफ भोपाल' का वार्षिक आयोजन




कार्यक्रम में पुरस्कार देते हुए अतिथि।



कार्यक्रम का लुत्थ उठाते दर्शक और अतिथिगण।

### मुशायरों की गूंज ने बांधा समां

शाम ढलते ही रंग–रस का यह कारवां मुशायरे की महफिल में बदल गया। गुलाबी ठंड में डूबा गौहर महल ऑल इंडिया मुशायरे की गूंज से भर उठा। अनस फैजी ने जब पढ़ा- इश्क की राह में नाकाम हुई हैं वो भी, खुद की लाशों को कई बार जला देखा है तो महफिल में सिहरन–सी दौड़ गई। इसके बाद उनके कलाम हार जाने पे मोहब्बत में मगर लड़कों पर लड़कियों ने कभी तेजाब नहीं फेंका है ने सामाजिक संदेश और शायरी दोनों की परंपरा को एक साथ साधा। विजय तिवारी की रचनाओं ने माहौल में एक अलग ही भाव–लय घोल दी।



महफिल में प्रस्तुति देती हुईं कलाकार।

### दस्तागों के कलाकारों ने सुनाया श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी...

मंच पर आते ही फौजिया ने कहा राधाकृष्ण उतनी ही नई बात है जितनी बात है पुरानी... उसके बाद दस्तागों के सहयोगी कलाकार वैदेही ने श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी...गीत सुनाया। इसके बाद कलाकारों ने वृंदावन का कृष्ण कन्हैया सबकी आंखों का तारा..., बाजे रे मुरलियां बाजे... मधुवन में कन्हैया किसी को प्रीत मिले...राधे कृष्ण की ज्योति अलौकिक... अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम... जैसे भजन प्रस्तुत किए।

---

## खजुराहो में 16 से 22 दिसंबर तक सजेगा फिल्मी उत्सव

**भोपाल।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो में 16 से 22 दिसंबर तक 11वां खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के संस्थापक एवं आयोजक राजा बुंदेला ने बताया कि इस वर्ष का फेस्टिवल महान अभिनेता धर्मेंद्र एवं असरानी को समर्पित है। साथ ही भारतीय सिनेमा के दो महान शिल्पियों व्ही. शांताराम और गुरुदत्त को उनके फिल्मी जीवन के 100 वर्ष पूरे होने पर विशेष नमन किया जाएगा।

- **11वें खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन**

### सिने गौरव सम्मान से नवाज़े जाएंगे फिल्म इंडस्ट्री के बड़े कलाकार

मुंबई फिल्म इंडस्ट्री से कई दिग्गज कलाकार इस महोत्सव में शिरकत करेंगे। नाना पाटेकर, अनुपम खेर, भाग्यश्री, सौरभ शुक्ला, पूनम ढिल्लों, डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, प्रदीप रावत, शुभांगी अत्रे, दीपशिखा नागपाल, पंकज बैरी सहित अनेक नामचीन कलाकारों एवं निर्देशकों को सिने गौरव सम्मानित किया जाएगा। साथ ही14 देशों के सांस्कृतिक प्रतिनिधि की भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

## देश का लोकप्रिय शो, चौपाल स्टेज का चैप्टर 6 आज

**भोपाल।** शहर में कला और युवा प्रतिभाओं का उत्सव एक बार फिर सजने जा रहा है। चौपाल स्टेज का चैप्टर 6 शनिवार शाम 4 बजे हाउस ऑफ रास्ता में आयोजित किया जाएगा। मंच पर 15 कलाकार सिंगिंग, डांसिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, पोएट्री, स्टोरीटेलिंग, मिमिक्री, बीटबॉक्सिंग और कई विधाओं के साथ प्रस्तुति देंगे। इवेंट के पैनल में शहर और सोशल मीडिया जगत की हस्तियां शिवांगी शर्मा (कोरियोग्राफर व क्रिएटर),ऐनी जैन (होम एंड लाइफस्टाइल क्रिएटर), शुभम जैन (फूड ब्लॉगर), और चौपाल स्टेज के संस्थापक मोहित सक्सेना व आयुष खरे शामिल होंगी। चौपाल स्टेज की खासियत इसकी अनोखी ऑडियंस-बेस्ड फॉर्मेट में है, जहां दर्शक चौपाल की चिट्ठी के ज़रिए परफ़ॉर्मर ऑफ द डे चुनते हैं।

- **हाउस ऑफ रास्ता में आयोजित होगी चौपाल**

**शिक्षण सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ**

## पीएचडी शोध छात्रवृत्ति योजना के आवेदन 5 जनवरी तक करें जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग ने शिक्षण सत्र 2025-26 में पीएचडी शोध छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया शुरू की है। विभाग ने विश्वविद्यालयों में अध्ययरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्गों के दिव्यांग शोधार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के लिए यह आवेदन मंगाए हैं। योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को 5 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से आवेदन जमा करना होगा।

नवीन आवेदन कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल एवं नवीनीकरण के लिए कार्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक में जमा करने होंगे। इसके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। शोधार्थियों का चयन मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक विषय के लिए सीटों का निर्धारण अलग-अलग किया गया है।

एसटी-एससी शोधार्थियों के लिए कुल 156 सीटें तथा दिव्यांग वर्ग के लिए 10 सीटें निर्धारित हैं। प्रत्येक चयनित शोधार्थी को 16,000 प्रतिमाह या शासन द्वारा निर्धारित दर के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवेदन के लिए शोधार्थी का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप में देना आवश्यक होगा।

## छोटे बच्चों ने किया विचारोत्तेजक लघु नाटिका 'एकता में शक्ति' का मनमोहक मंचन

### शारदा विद्या मंदिर परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शारदा विद्या मंदिर परिसर में केजी 2-बी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अंगुलियों और हथेली के माध्यम से 'एकता में शक्ति' विषय पर आधारित यह लघु नाटिका बच्चों ने अत्यंत प्रभावी अभिनय, तालमेल के साथ मंचित की। एक मनमोहक व प्रेरणादायक लघु नाटिका की शुरुआत पांच अंगुलियों की आपसी बहस से होती है, जहां हर अंगुली स्वयं को सबसे महान बताती है। इसी बीच हथेली प्रवेश करती है और मुस्कराते हुए अंगुलियों को समझाती है कि उनकी वास्तविक शक्ति व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक होने में है। हथेली के इस सहज और सरल संदेश ने अगुलियों को अपनी गलती का एहसास कराया और वे सभी मिलकर एक शक्तिशाली मुट्ठी के रूप में सामने आती हैं।




शारदा विद्या मंदिर परिसर में 'एकता में शक्ति' नाटक का मंचन करते बच्चे।

---

**देश के दो प्रतिष्ठित आर्किटेक्चरल स्टूडियो होंगे विशेष अतिथि**

# आईआईए भोपाल में डिज़ाइन एप्रीसिएशन अवॉर्ड नाइट 13 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार्यक्रम ग्रैंड लोटस, कोर्टयार्ड बाय मैरियट में होगा आयोजित

द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स भोपाल सेंटर द्वारा डिज़ाइन एप्रीसिएशन अवॉर्ड्स 2025 – थर्ड एडिशन का आयोजन 13 दिसंबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम ग्रैंड लोटस, कोर्टयार्ड बाय मैरियट में शाम 7 बजे से आयोजित होगा। आईआईए भोपाल सेंटर के चेयरमैन आर्किटेक्ट अक्षय सेलुकर ने बताया कि इस वर्ष के कार्यक्रम में देश के दो प्रतिष्ठित आर्किटेक्चरल स्टूडियो विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### आर्किटेक्ट आनंद मेनन होंगे उपस्थित

इस अवसर पर की-नोट स्पीकर के रूप में एडीएनडी – अटेलियर डिज़ाइन एन डोमेन के आर्किटेक्ट आनंद मेनन उपस्थित रहेंगे, जिनका फर्म अपने सशक्त डिज़ाइन आइडेंटिटी और विवरण-प्रधान आर्किटेक्चर के लिए जानी जाती है।



### नरेश नरसिम्हन और आर्किटेक्ट अपर्णा नरसिम्हन का विशेष संबोधन

कार्यक्रम में वेंकटरमणन एसोसिएट्स के पार्टनर्स आर्किटेक्ट नरेश नरसिम्हन और आर्किटेक्ट अपर्णा नरसिम्हन भी विशेष संबोधन देंगे। यह स्टूडियो देश में शहरी रणनीति, सांस्कृतिक पहल, नागरिक नवाचार और प्रभावशाली डिज़ाइन सोच के लिए प्रसिद्ध है। कार्यक्रम के दौरान डिज़ाइन एप्रीसिएशन अवॉर्ड्स 2025 भी प्रदान किए जाएंगे।

---

**14 दिसंबर को इंटक मैदान में गमक संगीत सभा का आयोजन**

# अंतरराष्ट्रीय तानसेन समारोह का 101वां संस्करण होगा 15 से 19 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा द्वारा ग्वालियर में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय तानसेन समारोह अपने 101वें संस्करण के साथ पुनः संगीत के उस वातावरण को रचने के लिए तैयार है, जिसके अंतरंग में परम्पराएं, साधना, समर्पण, सम्मान और नवाचार की स्वर लहरियों की अनुगूंज होती है। शुक्रवार को एमपीटी होटल तानसेन रेसीडेंसी, ग्वालियर में तानसेन समारोह की प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें निदेशक, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी प्रकाश सिंह ठाकुर, उप संचालक, संस्कृति अमित कुमार यादव, उप निदेशक उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी शेखर उमड़ेकर एवं ध्रुपद केंद्र, ग्वालियर के गुरु अभिजीत सुखदाड़े ने संबोधित किया।




प्रेसवार्ता में अंतरराष्ट्रीय तानसेन समारोह की जानकारी देते हुए आयोजक।

### चतुर्भुज मंदिर या शून्य का मंदिर थीम पर समारोह

प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि अपना शताब्दी वर्ष पूर्ण कर यह प्रतिष्ठित समारोह अब अपने 101वें स्वर्णिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। 15 से 19 दिसंबर तक तानसेन समाधि स्थल हजीरा, ग्वालियर में संगीत सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष तानसेन समारोह का मुख्य मंच ग्वालियर के सुप्रसिद्ध 'चतुर्भुज मंदिर या शून्य का मंदिर की थीम पर सजाया जा रहा है। 14 दिसंबर को इंटक मैदान में गमक संगीत सभा का आयोजन होगा।



# 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

लाइफ Style



# ऋचा

## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।

## हॉलीवुड मसाला




### स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



### एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




## बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




## फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला



### केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत'किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

### 'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6



साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।



## सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

## कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेशन पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

### 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म 'अपूर्व रागंगल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंगपा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे 'थलाइवा'

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत'में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप



### द.अफ्रीका में भारतीय हॉकी टीम का विजयी अभियान

**स्टेलनबोश।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक भी मुकाबले में हार का सामना नहीं करना पड़ा, जिसमें दो टेस्ट मैच और एक मैत्री मैच शामिल था। भारत ने पहले मैच में शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे और अमित रोहिदास के गोल की बदौलत 5-2 से जीत दर्ज की। सोमवार को खेला गया दूसरा टेस्ट 2-2 से ड्रॉ रहा, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे। वहीं बुधवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में भी भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से जीत हासिल की। इस मुकाबले में सुखजीत सिंह, अमित रोहिदास, हार्दिक सिंह और मनदीप सिंह ने गोल किए।

### एसए20 में प्रिटोरिया के कप्तान बने महाराज



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर स्पिनर केशव महाराज आगामी एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने इसकी घोषणा की। महाराज सीमित ओवरों की क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम पर 38 विकेट दर्ज हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने एसए20 में 33 मैचों में 7.3 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं। एसए20 ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक महाराज खेल के विभिन्न प्रारुपों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक अनुभव रखते हैं।

### हॉकी विश्व कप में दसवें स्थान पर महिला जूनियर टीम



**सैंटियागो।** भारत को एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के अंतिम क्लासिफिकेशन मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से वह प्रतियोगिता में दसवें स्थान पर रहा। भारत की तरफ से एकमात्र गोल कनिका सिवाच ने 41वें मिनट में किया जबकि स्पेन की तरफ से नतालिया विलनोवा (16वें) और एस्थर कैनालेस (36वें) ने एक-एक गोल किया। पहले क्वार्टर में काफी रोमांचक खेल देखने को मिला। इस दौरान स्पेन एक समय गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने दो अवसरों पर शानदार बचाव करके गोल नहीं होने दिया। स्पेन को 14वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने एक बार फिर से बचा दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआती क्षणों में स्पेन ने जवाबी हमला किया और नतालिया विलनोवा ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

### कोलकाता 25 में गुलवीर और संजीवनी पेश करेंगे चुनौती




**कोलकाता।** राष्ट्रीय 10,000 मीटर और 5,000 मीटर रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन संजीवनी जाधव 21 दिसंबर को कोलकाता में टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर दौड़ स्पर्धा) में भारतीय एलीट वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए चुनौती पेश करेंगे। देश के सबसे तेज लंबी दूरी के धावक और 5000 मीटर की दौड़ को 13 मिनट के अंदर पूरा करने वाले पहले भारतीय बने गुलवीर सिंह इस आयोजन के 10वें सत्र के मुख्य आकर्षण होंगे। इस स्पर्धा में कुल 142,214 डॉलर की पुरस्कार राशि है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि है।

# रेड्डी ने घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से मचाया धमाल, मध्यप्रदेश के खिलाफ बनाई 'हैट्रिक'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीतीश रेड्डी ने घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से धमाल मचाया और हैट्रिक ले डाली। हालांकि इसके बावजूद वह मध्यप्रदेश के खिलाफ आंध्र प्रदेश को जीत नहीं दिला सके। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के जारी सीजन के पहले मैच में ही नीतीश रेड्डी ने कहर बरपा दिया।

113 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रजत पाटीदार की कप्तानी वाली मध्य प्रदेश के खिलाफ रेड्डी पारी के तीसरे ओवर में अपने स्पेल का पहला ओवर फेंकने आए। रेड्डी ने चौथी गेंद पर सबसे पहले सलामी बैटर हर्ष गावली का शिकार किया। इसकी अगली गेंद पर उन्होंने हरप्रीत सिंह(0) और ओवर की अंतिम और हैट्रिक बॉल पर मध्य प्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार (0) को भी क्लीन बोल्ड करके हैट्रिक पूरी कर डाली। रेड्डी के टी20 करियर की यह पहली हैट्रिक भी बनी।



### आंध्र प्रदेश की टीम 112 पर ढेर

हालांकि आंध्र प्रदेश के बैटर पहली पारी में कुछ खास नहीं कर सके थें उनके लिए केएस भरत ने 39 रन बनाए, जबकि रेड्डी ने 25 रन बनाए और बाकी कोई भी बैटर 18 रन के स्कोर के आगे नहीं जा सका, जिससे आंध्र प्रदेश की टीम 112 पर ढेर हो गई थी और मध्य प्रदेश के लिए चार विकेट शिवम शुक्ला ने, तो तीन विकेट त्रिपुरेश सिंह ने झटके।

### एमपी टीम ने अर्जित किए 4 अंक

नीतीश रेड्डी की हैट्रिक से एक समय एमपी के 14 पर तीन विकेट गिर गए थे, लेकिन अंत में ऋषभ चौहान ने 47 रन और राहुल बाथम ने 35 रन बनाकर टीम को आसानी से 17.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 113 रन के स्कोर तक पहुंचाने से चार विकेट से जीत दिला दी, जिससे सुपर लीग स्टेज में एमपी की टीम ने महत्वपूर्ण चार अंक अर्जित किए।




### सलिल अरोड़ा ने 39 गेंदों पर बनाई सेंचुरी

मुंबई। पंजाब के विकेटकीपर बैटर सलिल अरोड़ा ने झारखंड के खिलाफ 39 गेंदों पर शतक ठोका। सलिल ने ये कमाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में किया है। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला डीवाई पाटिल एकेडमी में हुआ। इस बैटर ने 45 गेंदों पर 125 रन ठोके। इसका नतीजा ये रहा कि पंजाब ने पहले बैटिंग की और बड़ा स्कोर बनाया। सलिल ने ये कमाल आईपीएल नीलामी से ठीक 4 दिन पहले किया है। सलिल की बैटिंग का ये नतीजा रहा कि टीम ने 20 ओवरों में 6 विकेट गंवा कुल 235 रन बनाए। 23 साल के सलिल अरोड़ा अमृतसर से आते हैं और विकेटकीपर बैटर हैं। सलिल ने साल 2024 रणजी सीजन में डेब्यू किया था और अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेल रहे हैं। इस बैटर ने अपनी पारी में 9 चौके और 11 छक्के लगाए। सलिल ने सुशांत मिश्रा के ओवर में हमला बोलना शुरू किया। इस बैटर ने सुशांत को तीन छक्के और एक चौका लगाया। सलिल ने नंबर 5 पर बैटिंग की। बता दें कि अरोड़ा ने डेब्यू में फर्स्ट क्लास शतक ठोका था। उन्होंने 210 गेंदों पर 101 रन बनाए थे। ये कारनामा उन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ किया था। 9 फर्स्ट क्लास मैचों में सलिल ने 458 रन ठोके हैं। इस दौरान उनकी औसत 41.63 है। सलिल ने 3 फिफ्टी और एक शतक ठोका है।

**अंडर 19 एशिया कप : सूर्यवंशी ने 95 गेंदों पर खेली 171 रन की शानदार पारी**

# गरजा वैभव का बल्ला, 180 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन, छक्कों का बनाया विस्फोटक रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंडर 19 एशिया कप के पहले ही लीग मैच में वैभव सूर्यवंशी ने अपनी बल्लेबाजी का कमाल दुबई में दिखाया। यूएई के खिलाफ वैभव ने इस मैच में अपना अर्धशतक 30 गेंदों पर तो वहीं शतक 56 गेंदों पर पूरा किया और उन्होंने 95 गेंदों पर 171 रन की शानदार पारी खेली और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 180.00 रहा। वहीं उन्होंने 14 छक्के और 9 चौके लगाए। इन 14 छक्कों के दम पर वैभव ने बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। वैभव की इस पारी के दम पर भारत ने अंडर 19 एशिया कप का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। यूएई के खिलाफ इंडिया अंडर-19 ने 6 विकेट पर 433 रन बनाए। वैभव ने अपनी पारी के दौरान 14 छक्के लगाकर दो एशियाई रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वैभव से पहले अफगानिस्तान के दरविश रसूली ने 2017 में अंडर 19 एशिया कप मैच में यूएई के खिलाफ एक पारी में 10 छक्के लगाए थे। इससे पहले साल 2008 में ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल ने 12 छक्के एक पारी में लगाए थे। लेकिन अब सूर्यवंशी के नाम अंडर 19 एशिया कप में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वैभव अब यूथ वनडे मैचों की एक पारी में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बैटर बन गए हैं।

**वैभव का 2025 में छठा शतक ..**




वैभव का यह 2025 में छठा शतक था। ये सभी शतक साढ़े सात महीने अप्रैल के अंत से दिसंबर तक आए हैं। इस आंकड़े में अभी इजाफा हो सकता है क्योंकि अंडर-19 एशिया कप की अभी शुरुआत ही हुई है। वैभव ने इंडियन प्रीमियर लीग से लेकर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे तक पर अपना जलवा दिखाया है।

### आईपीएल में शतक

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक जड़कर तहलका मचा दिया था। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे।

### यूथ वनडे में शतक

वैभव ने आईपीएल के बाद अपना जलवा इंग्लैंड में दिखाया। इंडिया अंडर-19 और इंग्लैंड अंडर-19 के बीच 5 मैचों की यूथ वनडे सीरीज के पांचवें मैच में उन्होंने 52 गेंदों पर शतक जड़ा। वैभव ने इस मैच में 10 छक्कों और 13 चौकों के साथ 78 गेंदों पर 143 रन की पारी खेली।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स

एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 में इंडिया ए के लिए वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर शतक ठोक दिया था। उन्होंने 42 गेंदों पर 144 रन ठोक दिए थे। उन्होंने 11 चौके और 15 छक्के लगाए।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक

वैभव सूर्यवंशी का जलाव सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी देखने को मिला। बिहार के लिए खेलते हुए 14 साल के खिलाड़ी ने महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों पर नाबाद 108 रन की पारी खेली। यह उनके टी20 करियर का तीसरा शतक था।

### अंडर-19 एशिया कप में शतक

वैभव सूर्यवंशी ने 12 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 95 गेंदों पर 171 रनों की पारी खेली।

### यूथ टेस्ट में शतक

वैभव ने यूथ टेस्ट में शतक जड़ा। इंडिया और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 में 78 गेंदों पर ताबड़तोड़ शतक जड़ा।

### 234 रन से हारा यूएई

भारत ने अंडर-19 वनडे एशिया कप के अपने शुरुआती मैच में यूएई को 234 रन के बड़े अंतर से हराया। यूएई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 53 रन तक छह विकेट गंवा दिए। सूरी और मधु ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 144 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर टीम के हार को अंतर को कम किया।

**वेलिंगटन टेस्ट**

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से दी करारी शिकस्त




एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

जैकब डफी की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई।

डफी ने 38 रन देकर पांच विकेट लिए। यह श्रृंखला में दूसरा अवसर था जबकि उन्होंने पारी में पांच विकेट लिए। उनके साथी तेज गेंदबाज माइकल रे ने 45 रन देखकर तीन विकेट हासिल किए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 128 रन पर ढेर कर दिया। इस तरह से न्यूजीलैंड को 56 रन का लक्ष्य मिला और उसने केवल 10 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 205 रन बनाए थे, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 278 रन बनाकर 73 रन की बढ़त हासिल की थी। इन दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से शुरू होगा।

### माइकल और विकेटकीपर मिच की शानदार पारी

न्यूजीलैंड ने छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान टॉम लैथम (09) का विकेट गंवाया। डेवोन कॉनवे 28 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि केन विलियमसन (नाबाद 16 रन) ने एंडरसन फिलिप की गेंद पर चौका लगाकर चाय के ब्रेक से कुछ मिनट पहले टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज माइकल रे और विकेटकीपर-बल्लेबाज मिच हे ने भी न्यूजीलैंड की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिन्हें कई खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के कारण टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला था। मिच हे ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में सर्वाधिक 61 रन बनाए थे जबकि माइकल रे ने मैच में 106 रन देकर छह विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड का गेंदबाजी आक्रमण मैट हेनरी, विल ओ'रूर्क और नाथन स्मिथ की चोटों और काइल जैमीसन और बेन सियर्स की अनुपस्थिति से कमजोर था। पहली पारी में चार विकेट लेने वाले ब्लेयर टिकनर भी फील्डिंग करते हुए चोटिल हो गए, जिससे न्यूजीलैंड का आक्रमण और कमजोर हो गया। वेस्टइंडीज की टीम हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाई।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप**

# तालिका में छठे पायदान पर लुढ़की टीम इंडिया




एजेंसी ▶▶| दुबई

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में एक स्थान फिसल कर छठे पायदान पर पहुंच गई। इस शानदार जीत से तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड की टीम तालिका में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गई।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआती दो चक्र की उपविजेता रही भारतीय टीम को पिछले महीने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से हार का सामना करने के बाद बड़ा खामियाजा उठाना पड़ा था। टीम तब तालिका ने पांचवें स्थान पर खिसक गई थी जबकि उस समय न्यूजीलैंड छठे स्थान पर था। बेसिन रिवर्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की बड़ी जीत के बाद तालिका में उलटफेर देखने को मिला।

### ऑस्ट्रेलिया 100 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर

पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 100 प्रतिशत अंकों (जीत-हार प्रतिशत) के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि द.अफ्रीका 75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। श्रीलंका (66.67) संयुक्त तीसरे जबकि पाकिस्तान (50) पांचवें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक 66.67 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं, जबकि भारत का जीत-हार प्रतिशत 48.15 है।

### डिकॉक ने संन्यास से लिया यू टर्न

मुल्लांपुर। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले को पलटने के संबंध में कहा कि किसी चीज को गंवाने के बाद ही उसकी असली कीमत का एहसास होता है और अब उनकी रन बनाने की भूख पहले की तुलना में अधिक तेज हो गई है। डिकॉक की भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 46 गेंदों पर खेली गई 90 रन की पारी देश के लिए दोबारा खेलने के प्रति उनके नए संकल्प का प्रमाण थी। पावर हिटिंग के इस दौर में डिकॉक पारंपरिक स्ट्रोकप्ले पर भरोसा करते हैं और बल्लेबाजी को सहज बनाते हैं। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था और 2024 में टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत से मिली हार के बाद से इस साल अक्टूबर तक उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला था।

# विनेश ने की संन्यास से वापसी ओलंपिक में पदक जीतना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि उनका जोश और जज्बा अब भी पहले की तरह कायम है और वह 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने के लिए संन्यास से वापसी करेगी। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में मिली निराशा के बाद खेल से दूरी बना ली थी।

पेरिस ओलंपिक में उन्हें महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले निर्धारित वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था।



उन्होंने खेल पंचाट (सीएएस) में संयुक्त रूप से रजत पदक देने की मांग की थी, लेकिन फैसला नहीं बदला गया, जिसके चलते उन्होंने संन्यास की घोषणा की और राजनीति में प्रवेश किया। वह हरियाणा के जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुनी गईं।

विनेश ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा, 'लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस में ही मेरे सफर का अंत हो गया है। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपनी महत्वाकांक्षाओं से भी दूर रहने की जरूरत थी। कई वर्षों में पहली बार मैंने चैन की सांस ली।'

**आईएलटी20**

# एमआई एमिरेट्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को हराया

**अबूधाबी।** फजलहक फारुकी की शानदार गेंदबाजी और जॉनी बेयरस्टो की उपयोगी पारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर सात विकेट से आसान जीत हासिल की। इस जीत से एमआई एमिरेट्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके अब चार अंक हो गए हैं और उसने अपने चार मैचों में से दो में जीत हासिल की है। नाइट राइडर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। उसकी तरफ से अलीशान शराफू ने 38 और सुनील नारायण ने 26 रन बनाए। फारुकी ने 14 रन देकर चार जबकि कामिंदु मेंडिस ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए।




**जीओएटी इंडिया टूर आज से शुरू, सोमवार को नई दिल्ली में होगा समाप्त**

# भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार मेस्सी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी की 2011 के बाद 13 दिसंबर से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा। मेस्सी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। तब फीफा मैत्री मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया था और 85 हजार से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में जमा हुए थे।

कुछ दर्शक तो स्टैंड के किनारों पर भी बैठे थे। आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेस्सी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को शुरू होगा और सोमवार को नई दिल्ली में समाप्त होगा।



### सॉल्ट लेक स्टेडियम में 78 हजार सीटें रिजर्व

फिर भी एक ऐसे शहर के लिए यह बेहद खास है, जिसने कभी माराडोना तो कभी पेले सिर आंखों पर बिठाया तो कभी अपने फुटबॉल प्रेम से डुंगा को चकाचौंध किया और रोनाल्डिन्हो को गले लगाया। इसे देखते हुए फुटबॉल नहीं खेलने के बावजूद यह शहर मेस्सी को अपने सिर आंखों पर बिठाने के लिए तैयार है। आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए 78 हजार सीटें सुरक्षित रखी हैं। मेस्सी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7 हजार रुपए तक है।

### मेस्सी से मिलेंगे धुर समर्थक चाय बेचने वाले शिबशंकर पात्रा

इच्छापुर में चाय बेचने वाले शिब शंकर पात्रा के लिए अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का भारत दौरा सपना सच होने जैसा है और उनका मानना है कि यह देखने के लिए ही ईश्वर ने उनकी जान बचाई। 56 वर्ष के पात्रा उन दो प्रशंसकों में से हैं, जिन्हें मेस्सी से मुलाकात के लिए चुना गया है। पात्रा की कहानी मीडिया में वायरल होने के बाद आयोजकों ने मुलाकात के लिए उन्हें चुना। एक समय क्लब स्तर पर खेलने वाले पात्रा पूरी जिंदगी अर्जेंटीना और मेस्सी के धुर समर्थक रहे। इससे पहले 2011 में जब वेनेजुएला के खिलाफ फीफा का दोस्ताना मैच खेलने मेस्सी यहां आए थे तब नवाबगंज में पात्रा ने अपना पूरा घर नीले और सफेद से रंग दिया था। इसके अलावा दशकों पुराना टी स्टाल भी 'अर्जेंटीना फैन क्लब' बना दिया, जिसके प्रवेश पर मेस्सी का आदमकद स्टैच्यू लगाया था।

5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
Eye Strain
Eye Dryness
Eye Tiredness
Eye Freshness
Eye Cleanliness

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Clinically Tested*
24x7 Helpline: 8196822222
www.eyemantra.com

AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS

EYE Mantra

आँखों की थकान दूर करने का आसान समाधान

प्रयोग विधि:
2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

### नक्सलियों ने एके-47, एसएलआर, स्टेन गन, तथा बीजीएल लांचर जमा किए

# 10 हथियारबंद नक्सलियों ने छोड़ी हिंसा बस्तर में अब तक 1500 से ज्यादा समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिला मुख्यालय में शुक्रवार को 10 माओवादियों ने सरेंडर किया, जिनमें 6 महिला माओवादी शामिल थे। जिन पर कुल 33 लाख का ईनाम घोषित है। उन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इन आत्मसमर्पित कैडरों ने 1 एके-47, 2 एसएलआर राइफलें, 1 स्टेन गन, 1 बीजीएल लांचर सुरक्षा बलों के समक्ष जमा किए। इन हथियारों को जमा करने पर 8 लाख का ईनाम घोषित था।




पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन, स्थायी शांति और सकारात्मक बदलाव की दिशा में यह एक और महत्त्वपूर्ण कदम है। समर्पण करने वालों में पीएलजीए बटालियन नंबर 1 के प्लाटून कमांडर, दरभा डिविजन के 2 एरिया कमेटी सदस्य, पीएलजीए मिलिट्री प्लाटून नंबर 31 के 1 सदस्य, पीएलजीए मिलिट्री प्लाटून नंबर 26 के 1 सदस्य, गोल्लापल्ली एलओएस के 2 सदस्य, 3 पार्टी सदस्य ने मुख्यधारा में जुड़कर शांति और विकास का मार्ग अपनाने का निर्णय लिया।

पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने कहा कि 33 लाख के 10 सक्रिय माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। इस तरह 2025 में जिले में कुल 263 माओवादी कैडर हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। यह आंकड़ा बताता है कि क्षेत्र में विश्वास, शांति और विकास की प्रक्रिया गति पकड़ रही है।

#### इन्होंने किया सरेंडर

इनमें कुकानार निवासी 5 लाख का ईनामी एसीएम गंगा कुंजाम ने एके 47 के साथ, बड़े गुटुम पामेड़ निवासी 5 लाख का ईनामी लेकाम रामा दरभा डिविजन पीपीसीएम ने स्टेन गन के साथ, अरनपुर निवासी 5 लाख का ईनामी ताती सोनी एसएलआर के साथ, फुलपाड़ नकुलनार निवासी 5 लाख का ईनामी शांति सोढ़ी ने एसआरआर के साथ, बड़े सट्टी फुलबगड़ी निवासी 1 लाख ईनामी माड़वी नवीन ने बीजीएल लांचर के साथ, पारलागट्टा जगरगुंडा निवासी 8 लाख ईनामी मिड़ियम भीमा, चिंतागुफा निवासी 1 लाख निवासी माड़वी रूकनी, बासागुड़ा निवासी 1 लाख ईनामी ओयाम मंगली, कोंडरे गादीरास निवासी 1 लाख ईनामी पोड़ियाम मंगी तथा रामपुरम गोलापल्ली

#### ■ 11 महीनों में 1514 नक्सली मुख्यधारा में जुड़े

पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पत्तिलिंगम ने कहा कि जिला सुकमा में 10 माओवादी कैडरों का पुनर्वास यह दर्शाता है कि हिंसक और जनविरोधी माओवादी विचारधारा का अंत अब निकट है। लोग पूना मारगेम पर भरोसा जताते हुए शांति, गरिमा और स्थायी प्रगति का मार्ग चुन रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन, भारत सरकार, बस्तर पुलिस, स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बल क्षेत्र में शांति स्थापित करने, पुनर्वास सुनिश्चित करने और समावेशी विकास को आगे

#### ■ सरेंडर के अलावा कोई विकल्प नहीं

आईजी ने कहा शेष माओवादी कैडर जिनमें पोलित ब्यूरो सदस्य देवजी, डीकेएसजेडसी सदस्य पाप्पा राव, देवा तथा अन्य के पास हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। पुनर्वास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय समाज, कलेक्टर देवेश ध्रुव, उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में जवानों की उपस्थिति रही।

#### नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प हो रहा साकार: साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले में "पूना मारगेम– पुनर्वास से पुनर्जीवन कार्यक्रम के तहत दरभा डिवीजन कमेटी सहित विभिन्न नक्सली संगठनों से जुड़े 10 माओवादी कैडरों के आत्मसमर्पण को ऐतिहासिक और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प अब केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि तेजी से साकार होती वास्तविकता बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई अब अपने निर्णायक मोड़ पर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि बस्तर में अब हिंसा, भय और भटकाव की

## जस्टिस स्वामीनाथन को 56 पूर्व जजों का समर्थन: कहा- ये डराने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मद्रास हाईकोर्ट के जज जस्टिस जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ विपक्षी सांसदों के महाभियोग प्रस्ताव का देश के 56 पूर्व जजों ने विरोध किया है। पूर्व जजों ने खुले पत्र में कहा कि यह कदम जजों पर राजनीतिक-वैचारिक दबाव बनाने और डराने की कोशिश है। पूर्व जजों ने कहा कि सांसदों के आरोप मान भी लिए जाएं, तब भी किसी जज को उसके विचारों या फैसलों के आधार पर महाभियोग की धमकी देना न्यायपालिका की आजादी पर हमला है। उन्होंने कहा कि आज एक जज को निशाना बनाया गया तो कल पूरी न्यायपालिका पर असर पड़ सकता है। जस्टिस स्वामीनाथन जून 2017 में मद्रास हाईकोर्ट के एडिशनल जज बने और बाद में वे परमानेंट जज बने। दरअसल, जस्टिस स्वामीनाथन ने 4 दिसंबर को मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था। इसके बाद 9 दिसंबर को प्रियंका गांधी वाड्रा समेत इंडिया गठबंधन के 107 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था।

मदुरै बेंच ने एक राइट-विंग एक्टिविस्ट की याचिका पर 4 दिसंबर को एक मंदिर और दरगाह से जुड़े मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला दिया था।

### भूकंप के खतरों को कम करने वाली याचिका

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- क्या सबको चांद पर भेज दें?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर में भूकंप से जुड़े खतरों को कम करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें। याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि पहले सिर्फ दिल्ली को उच्च भूकंप का हाई-रिस्क जोन माना जाता था, लेकिन अब नए आकलन के अनुसार देश की 75% आबादी हाई-रिस्क जोन में रहती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने किए अहम सवाल

**जस्टिस विक्रम नाथ:** आपकी मांग तो बहुत बड़ी है। क्या हम सबको चांद पर भेज दें? याचिकाकर्ता: देश की 75% आबादी अब भूकंप के हाई-रिस्क जोन में है। सरकार को तैयारी करनी चाहिए। जस्टिस नाथ: जापान से तुलना करने से पहले हमें भारत में ज्वालामुखी भी ला देने चाहिए? याचिकाकर्ता: हाल ही में जापान में बड़ा भूकंप आया है। हमें भी कदम उठाने चाहिए। जस्टिस संदीप मेहता: यह पूरा मामला सरकार की नीति का है। कोर्ट इसमें दखल नहीं देगा।

**अखबार की खबरें, हम सबूत नहीं मानते : कोर्ट**



याचिकाकर्ता: मेरे पास नए तथ्य हैं, और कई अखबारों ने भी इस पर रिपोर्ट की है। जस्टिस मेहता: ये अखबार की खबरें हैं। इन्हें हम सबूत नहीं मानते। जस्टिस नाथ: जहां नीति बनानी है, वह सरकार का काम है, हमारा नहीं। कोर्ट का आदेश: याचिका खारिज। भूकंप सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी सरकार की है।

#### बीआईएस ने जारी किया नए भूकंप नक्शा

भारत सरकार की संस्था ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स ने देश का नया भूकंप जोखिम नक्शा जारी किया है, जिसके बाद पूरे देश में चिंता बढ़ गई है। नए नक्शे के मुताबिक भारत की 75% आबादी अब भूकंप के "खतरनाक क्षेत्र" में रह रही है, और हिमालयन रेंज को पूरी तरह अल्ट्रा-हाई रिस्क जोन (जोन VI) में रखा गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि हिमालय के नीचे वाली टेक्टोनिक प्लेट्स 200 साल से हिली तक नहीं हैं, यानी वहां भारी तनाव जमा है और किसी भी समय बहुत शक्तिशाली भूकंप आ सकता है।

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान

नए एवं छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए आवेदन-पत्र

प्ररूप-6 (Form-6) एवं घोषणा-पत्र

घोषणा-पत्र की प्रविष्टियां भरने के लिए
- घोषणा-पत्र में प्रथमत: जन्मतिथि, आधार, मोबाइल, पिता, माता, पति/पत्नी संबंधित की जानकारी अंकित करें।
- पिछले SIR की मतदाता सूची में मतदाता (स्वयं का) या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का विवरण बताए गए स्थान पर अंकित करें।

सर्च के लिए निम्न व्यवस्थाएं- पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में स्वयं अथवा पिता/माता/दादा/दादी का विवरण प्राप्त करने हेतु :-
- आपके क्षेत्र के मतदान केन्द्र के बीएलओ से सम्पर्क कर अथवा जिला प्रशासन द्वारा स्थापित अपने नजदीकी हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं।
- अन्य राज्यों के पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://voters.eci.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
- मध्यप्रदेश राज्य की पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://ceoelection.mp.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
- QR कोड पर स्कैन कर भी मतदाता अपना विवरण सर्च कर सकते हैं।

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना अवधि बढ़ाते हुए दिनांक 18.12.2025 की गयी है।
- दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा या पूर्व में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छूटे हुये आमजन मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 घोषणा-पत्र सहित आवेदन BLO/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दे सकते हैं। फार्म-6 या घोषणा-पत्र ECI Net ऐप/वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- फार्म का निराकरण दिनांक 23.12.2025 से 22.01.2026 तक किया जावेगा तथा पात्र होने पर नाम दिनांक 21.02.2026 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में सम्मिलित होगा।
- प्रविष्टियों में संशोधन हेतु फार्म-8 का उपयोग करें।

"कोई मतदाता छूट न जाए"

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

D-11159/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930